

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी - 12



शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला- 12



प्रवासी भारतीय जर्मनी और भारत के बीच मजबूत सेतु- 13



टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार हैं स्पेन का एक और 'राफा' - 14

आज का मौसम

42.0° अधिकतम तापमान

26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.38

सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी 08:49 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 75, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


एक्सप्रेस वे पर उड़ान



सुलतानपुर : वायुसेना के लड़ाकू विमानों का दो दिवसीय अभ्यास बुधवार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की आपातकालीन हवाई पट्टी पर शुरू हुआ। इस अभ्यास में बुधवार को सुखोई, जगुआर और मिराज विमानों ने टच एंड गो ऑपरेशन किया।

# आतंकवाद कैसा भी हो, भारत उसके आगे कभी नहीं झुकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहलगाम हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री ने कहा- कभी सफल नहीं होंगे आतंकवादियों के नापाक इरादे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर बुधवार को कहा कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा और भारत के खिलाफ आतंकवादियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

प्रधानमंत्री ने उन परिवारों के लिए संवेदना भी जताई, जिन्होंने अपने परिजनों को इस नृशंस हमले में खोल दिया था। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने पिछले वर्ष 22 अप्रैल को ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हमला किया था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मोदी ने इस हमले की बरसी पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पिछले वर्ष इसी दिन हुए भीषण पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। उन्हें कभी भुलाया नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, जो इस क्षति को सहने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हम शोक और संकल्प में एकजुट हैं। भारत आतंकवाद के किसी भी रूप के आगे कभी नहीं झुकेगा। आतंकियों के नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे।

## आतंकवाद को हराने के लिए भारत संकल्पित: मुर्मू



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि देश हर जगह आतंकवाद को हराने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उस जघन्य कृत्य में निर्दोष लोगों की दुखद मौत हमारी सामूहिक स्मृति में अंकित है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। आतंक के ऐसे कृत्य शांति और एकता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को नहीं रोक सकते।

## नया भारत आतंकवाद को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, पहलगाम की पीड़ा हर भारतीय के हृदय में अंकित अविस्मरणीय आघात है। उन्होंने काल-कवलित हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लिखा, उन पुण्यात्माओं की स्मृति आज भी हमें झकझोरती है, उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। नया भारत एकजुटता से आतंक के हर रूप के निर्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है।

ब्रीफ न्यूज

### मोदी को आतंकवादी बताने पर खरगे को चुनाव आयोग का नोटिस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध उनकी उस टिप्पणी पर बुधवार को नोटिस जारी कर उससे सफाई मांगी है जिसमें विपक्ष के नेता ने मोदी को आतंकवादी कहा था। आयोग के सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवादी बताए जाने को गंभीरता से लिया गया है। भाजपा की शिकायत पर खरगे को जारी नोटिस का जवाब 24 घंटे में देने को कहा गया है। भाजपा ने आयोग के समक्ष खरगे की तमिलनाडु में एक मीडिया-कांफ्रेंस में की गई उक्त विवादास्पद टिप्पणी पर मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

### छह महीने बंद रहने के बाद केदारनाथ धाम के कपाट खुले

देहरादून। सर्दियों में छह माह बंद रहने के बाद बुधवार को सुबह पूरे विधि विधान के साथ केदारनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए फिर खोल दिए गए जहां पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी पत्नी गीता के साथ उपस्थित थे। मंदिर के कपाट खोले जाने की प्रक्रिया सुबह पांच बजे शुरू हुई। गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना की गई और ठीक आठ बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

# धमकियां देने के बाद ट्रंप फिर बैकफुट पर अनिश्चतकाल के लिए बढ़ाया युद्धविराम

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने 24 घंटे पहले ही दी थी समझौता न होने पर भारी बमबारी करने की चेतावनी

वाशिंगटन/इस्लामाबाद, एजेंसी

करीब 24 घंटे पहले ही समझौता न होने पर ईरान को भारी बमबारी करने की धमकी देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को अपने रुख से पलट गए। युद्धविराम खत्म होने से कुछ घंटे पहले उन्होंने नाटकीय ढंग से इसे अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा कर दी। हालांकि, ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने यह कदम पाकिस्तान के आग्रह पर आंतरिक मतभेदों से जूझ रहे तेहरान को युद्ध समाप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का मौका देने के लिए उठाया है।

ट्रंप की घोषणा के साथ ही ईरान के साथ शांति वार्ता के लिए उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा भी टल गई। ट्रंप ने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकेबंदी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने सेना को सभी मामलों में पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया है। युद्धविराम बढ़ाने का फैसला ट्रंप के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मंगलवार सुबह उन्होंने कहा था कि यदि बुधवार तक समझौता नहीं हुआ तो ईरान पर बमबारी होगी।





### शहबाज ने जताया अमेरिकी राष्ट्रपति का आभार

ट्रंप की घोषणा के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'एक्स' पर लिखा, मैं व्यक्तिगत रूप से और फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने कूटनीतिक प्रयासों को आगे बढ़ने देने के लिए युद्धविराम बढ़ाने के हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। पाकिस्तान उस पर जताए गए भरोसे के साथ बातचीत से संघर्ष के समाधान के लिए गंभीर प्रयास जारी रखेगा।

### अब ईरान के खिलाफ ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी

ताजा घटनाक्रम के बीच अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने ईरान, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात स्थित 14 व्यक्तियों, संस्थाओं और विमानों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। इन पर ईरानी शासन की ओर से हथियार या हथियारों के पुर्जों की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप है। बेसेंट ने कहा, ईरान के समुद्री व्यापार पर रोक सीधे उसके राजस्व के मुख्य स्रोतों पर चोट है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय इकोनॉमिक फ्यूरी के जरिए अधिकतम दबाव बनाए रखेगा, ताकि तेहरान की धन जुटाने की कोशिश सफल न हो।

अमेरिका के खिलाफ अब भी कड़े तेवर

### युद्धविराम विस्तार को अमेरिका चाल बताकर किया खारिज, कहा- हमने नहीं की थी मांग

ईरान ने ट्रंप के युद्धविराम को एकतरफा बढ़ाने की घोषणा पर शक जताते हुए कहा है कि यह एक चाल है और उसने कभी इसकी मांग नहीं की थी। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान ने धमकियों के साये में युद्धविराम विस्तार या नई बातचीत की कोई गुजारिश नहीं की है। अराघची ने ईरानी बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की निंदा करते हुए इसे युद्ध की कार्रवाई और मौजूदा युद्धविराम सिद्धांतों का उल्लंघन करार दिया। कहा, ईरान जानता है कि दबंगई का मुकाबला कैसे करना है। ईरानी संसद के अध्यक्ष बगर गालिबाफ के वरिष्ठ सलाहकार महदी मोहम्मदी ने भी कहा कि ईरान के लिए इस युद्धविराम का 'कोई मतलब नहीं है और इसकी कोई वास्तविक अहमियत नहीं है। उन्होंने इस कदम को अचानक हमले के लिए वक्त हासिल करने की रणनीति बताया और दलील दी कि जो पक्ष इस तरह के दबाव का सामना कर रहा हो, वह शर्तें तय नहीं कर सकता।

### होर्मुज में राहत नहीं: ईरान की सेना ने किया तीन जहाजों पर हमला, दो को कब्जे में लिया

दुबई। ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर हमले किए। इन हमलों ने होर्मुज में परिवहन के बढ़ते खतरों के साथ युद्धविराम के बीच भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव बने रहने की ओर इशारा किया है। ब्रिटेन की सेना के अनुसार ईरान ने बुधवार सुबह जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर गोलीबारी की और थोड़ी ही देर बाद एक दूसरे जहाज पर भी हमला किया। ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार ये जहाज अब रिवोल्यूशनरी गार्ड के कब्जे में हैं और उन्हें ईरान ले जाया जा रहा है। इन जहाजों की पहचान एमएससी फ्रांन्सेस्का और एपामिनोड्स के रूप में की गई है। इसके अलावा रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यूफोरिया नामक तीसरे जहाज पर भी हमला किया।

# दिल्ली में आईआरएस अधिकारी की बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- लाठी से पीटने के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से घोंटा गला
- पॉश इलाके कैलाश हिल्स में वारदात घटना के वक्त घर में अकेली थी

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पॉश कैलाश हिल्स इलाके में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की बुधवार सुबह बलात्कार के बाद मोबाइल फोन चार्जर की केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। युवती के चेहरे और सिर पर भी गंभीर चोटें मिली हैं। पुलिस का अनुमान है कि बलात्कार के दौरान उसे लाठी से भी पीटा गया। पुलिस को आईआरएस अधिकारी के पुराने नौकर पर शक है जो घटना के बाद फरार है।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की तैयारी कर रही आईआरएस अधिकारी की बेटी घटना के वक्त घर में अकेली थी। घर के ही एक कमरे में उसे मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार यह घटना तड़के संभवतः उस वक्त हुई, जब युवती के माता-पिता जिम गए हुए थे। पुलिस को शक है कि आरोपी ने इसी थोड़े समय का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और बलात्कार के बाद युवती की हत्या कर दी। पुलिस घर के पुराने नौकर 19 वर्षीय राहुल मीणा को मुख्य संदिग्ध मान रही है जिसने घर में करीब आठ महीने तक काम किया और जिसे पैसों की हेराफेरी के आरोप में करीब एक महीने पहले ही काम से निकाल दिया गया था। माना जा रहा है कि मीणा घर के नक्शे के साथ परिवार के सदस्यों की दिनचर्या से भी पूरी तरह वाकिफ है। पुलिस उसे तलाश कर रही है।



### कैलाश हिल्स के लोगों में घटना के बाद दहशत

इस हौलनाक घटना के बाद पॉश रिहायशी इलाके कैलाश हिल्स में भारी दहशत फैल गई है। इलाके के लोगों ने सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों से पूछताछ की जा रही है जिनका आरोपी से संपर्क हो सकता है।

# पश्चिम बंगाल चुनाव में अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम

- पहले चरण का चुनाव आज, बेहद कड़ी सुरक्षा में डाले जाएंगे वोट
- मतदान से एक दिन पहले प्रकाशित की गई मतदाता सूची

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गुरुवार को 16 जिलों की 152 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। राज्य में चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं और संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की सघन तैनाती की गई है। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को शाम को मतदान समाप्त होने तक अपने निर्वाचन क्षेत्रों से बाहर न जाने की भी हिदायत दी है।

चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल में पहले चरण के चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय बलों के साथ-साथ रेलवे सहित कई और केंद्रीय इकाइयों को भी चुनाव में तैनात किया गया है। केंद्रीय बलों के ही दो लाख से ज्यादा कर्मचारी बंगाल में चुनाव के दौरान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। यहां तक कि पहली बार किसी चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों को भी तैनात किया गया है। पहले चरण में मतदाताओं की कुल संख्या 3.60 करोड से अधिक है, जिनमें 1.84 करोड पुरुष, 1.74 करोड़ महिलाएं और 465 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।



### क्या डराने की कोशिश कर रहा आयोग: ममता

अमदंगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव में सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहनों की तैनाती पर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी विभागों को अपने लिए काम पर लगा दिया है। उन्होंने कहा, केंद्रीय बलों की इतनी बड़ी तैनाती अभूतपूर्व है। क्या वे इतनी बड़ी संख्या में बलों को तैनात कर मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं देखना चाहती हूं कि किसके पास ज्यादा ताकत है। बख्तरबंद गाड़ियों के पास या जनता के पास।

### तमिलनाडु में भी आज चुनाव

चेन्नई। तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को वोट डाले जाएंगे। राज्य में इस बार 5.67 करोड़ मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2.89 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव आयोग ने राज्य भर में कुल 75,032 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# आज शाम चार बजे घोषित होगा यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

- वेबसाइट और डिजिलॉकर पर देख सकेंगे परीक्षार्थी

लखनऊ/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम गुरुवार को शाम 4 बजे घोषित करेगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर पोर्टल पर देख सकेंगे।

इस वर्ष हाईस्कूल में करीब 26.02 लाख और इंटरमीडिएट में 24.91 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक 254 केंद्रों पर 2.75 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से चार अप्रैल के बीच रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ।

### ऐसे देखें अपना रिजल्ट

- यूपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं
- रोल नंबर और जरूरी विवरण दर्ज करें
- स्क्रीन पर परिणाम देखें और डाउनलोड करें
- डिजिलॉकर पर भी मार्कशीट उपलब्ध रहेगी

## नेपाल : वित्तीय विवाद के बीच गृह मंत्री गुरुंग ने दिया इस्तीफा



काठमांडू। नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने वित्तीय आचरण से संबंधित आरोपों के बाद बुधवार को इस्तीफा दे दिया। एक विवादास्पद व्यवसायी के साथ व्यापारिक संबंधों और शेयरों के लेनदेन को लेकर वह निशाने पर थे। गुरुंग को 27 मार्च को गृह मंत्री नियुक्त किया गया था। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने अपने वित्तीय आचरण संबंधी मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और पद पर रहते हुए हितों के टकराव से बचने के लिए पद से इस्तीफा दिया है।

# सिर्फ ई-स्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑनलाइन गेमिंग के नियम केंद्र सरकार ने किए अधिसूचित, एक मई से होंगे प्रभावी
- पैसों का लेनदेन न करने वाले गेम्स को राहत पंजीकरण कराने की अनिवार्यता नहीं

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन गेमिंग नियमों को अधिसूचित कर दिया। ये नियम ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम को संचालित करने के लिए प्रक्रियात्मक ढांचा मुहैया कराते हैं और इनके आधार पर ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण का गठन भी हो सकेगा।

आईटी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि ज्यादातर ऑनलाइन गेम, अगर वे रियल मनी गेम नहीं हैं यानी उनमें पैसे का लेनदेन शामिल नहीं है तो उनको अनिवार्य रूप से पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। निगरानी केवल विशेष परिस्थितियों में ही शुरू की जाएगी। हालांकि, ईस्पोर्ट्स के लिए अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि जहां तक संभव हो, इस पूरी प्रक्रिया को कम से कम नियामक हस्तक्षेप वाला रखा जाए। अधिकांश खेल जो पैसों वाले खेल नहीं हैं, वे बिना किसी अनिवार्य पंजीकरण के संचालित हो सकेंगे। इसलिए पूरी प्रक्रिया वैकल्पिक है।

कृष्णन ने कहा, हम किसी को भी यह निर्धारित करने के लिए आवेदन करने के लिए बाध्य नहीं कर रहे हैं कि वह ऑनलाइन मनी गेम है या ऑनलाइन सोशल गेम है या ईस्पोर्ट्स है। हालांकि, इस तरह का निर्धारण तीन स्थितियों में शुरू होगा।

पहली स्थिति वह है, जहां प्राधिकरण खुद संज्ञान लेकर ऐसा करता है। दूसरी स्थिति वह जहां ईस्पोर्ट्स गेम शामिल होते हैं और तीसरी स्थिति के तहत केंद्र सरकार सोशल गेम्स की किसी भी विशिष्ट श्रेणी को अधिसूचित कर सकती है, जिसे फिलहाल अधिसूचित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नियमों में उपयोगकर्ता की सुरक्षा सुविधाओं को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। यह अधिनियम भारत में ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देते हुए ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगाता है।

फिर वही परेशानी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की गन्ना बेल्ट में 30 चीनी मिलों ने नहीं किया भुगतान, उत्पादन घटना का संकट भी कारण

# गन्ना किसानों का फिर अटक गया 1878 करोड़ का भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर और बागपत जिलों में गन्ना किसानों का भुगतान संकट एक बार फिर गहरा गया है। इन छह जिलों की करीब 30 चीनी मिलों पर किसानों का लगभग 1878 करोड़ रुपये बकाया है। हर साल दोहराई जाने वाली यह समस्या इस बार भी किसानों की आर्थिक सेहत पर भारी पड़ रही है।

यह मुद्दा राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील है, क्योंकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में गन्ना हमेशा केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। केवल आठ मिलें ही पूरी तरह भुगतान कर पाई हैं। जबकि बाकी मिलों में भुगतान आंशिक है या काफी पीछे चल रहा है। गन्ना इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भुगतान रुकते ही गांवों में नकदी का प्रवाह ठप हो जाता है। इसका असर खेती, बाजार और छोटे कारोबार तक दिखाई देने लगा है। मेरठ में हालात सबसे गंभीर हैं। यहां बजाज की किनौनी मिल पर किसानों का 60 प्रतिशत से अधिक गन्ना मूल्य बकाया है। इस मिल पर किसानों का लगभग 350 करोड़ रुपये बकाया है। भुगतान के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी सुनी नहीं जा रही है। जबकि मोहिउद्दीनपुर और सकौती मिलों पर भी करोड़ों रुपये लंबित हैं। मुजफ्फरनगर में 283 करोड़, सहारनपुर में 237 करोड़ और शामली में 312 करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। बागपत की मलकपुर चीनी मिल में मंगलवार को अपर गन्ना आयुक्त वीबी सिंह व डिप्टी केन कमिश्नर राजीव राय ने मिल अधिकारियों की बैठक ली। जहां किसानों का बकाया गन्ना भुगतान प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए। मलकपुर मिल पर किसानों का 2025-26 के पेराई सत्र का करीब 350 करोड़ रुपये बकाया है। यही हाल रमाला मिलों का भी है।



### चीनी उत्पादन में महाराष्ट्र अव्वल

2025-26 के पेराई सत्र में प्रदेश का चीनी उत्पादन घटकर 89 लाख मीट्रिक टन रह गया, जो पिछले वर्ष 91 लाख मीट्रिक टन था। इस गिरावट के साथ प्रदेश देश का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक राज्य नहीं रह गया और महाराष्ट्र आगे निकल गया। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव पूरे गन्ना अर्थतंत्र के दबाव का संकेत है।

### खांडसारी की ओर झुके किसान

इस सत्र में गन्ना खांडसारी इकाइयों की ओर गया। कारण साफ है कि बेहतर दाम और जल्दी भुगतान। जहां मिलों का राज्य परामर्शित मूल्य करीब 400 रुपये प्रति क्विंटल रहा, वहीं खांडसारी इकाइयों ने 450 रुपये तक कीमत दी। इससे मिलों को पर्याप्त गन्ना नहीं मिला और उत्पादन प्रभावित हुआ।

# बंगाल की पहचान काबा नहीं, मां कालीबाड़ी से : योगी

## पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में गरजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा- 4 मई को लहराएगा भगवा ध्वज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **टीएमसी आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय, राज्य का अस्तित्व मिटाना चाहते हैं बुआ-भतीजा : योगी**

**अमृत विचार:** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की चुनावी सभाओं में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल की पहचान काबा से नहीं, मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने आरोप लगाया कि बुआ-भतीजा (ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी) राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं।

कोलकाता के जोरासांको में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पहले चरण में भाजपा 80 प्रतिशत सीटें जीत रही है और 4 मई को राज्य में "भगवा ध्वज" लहराएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे बंगाल की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब दें। योगी ने टीएमसी शासन को "आतंक, माफिया राज और भ्रष्टाचार का पर्याय" बताते हुए कहा कि यहां उद्योग बंद हो रहे हैं, नौजवान बेरोजगार हैं और किसान परेशान हैं। उन्होंने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए रवींद्रनाथ टैगोर और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय जैसे महापुरुषों का नाम लिया और आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में उनकी विरासत का सम्मान नहीं हो रहा।



पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चकदहा में आयोजित चुनावी जनसभा में आए लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने कहा कि "गुरुदेव की धरा पर राजनीतिक कब्जा और प्रतीकों का अपमान बंगाल की आत्मा के खिलाफ है।"

वहीं, नदिया जिले के चकदहा में दूसरी सभा में योगी आदित्यनाथ ने 'डबल इंजन सरकार' का नारा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह बंगाल में भी विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण संभव है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंकिम चंद्र घोष के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए कहा कि "कमल निशान पर इतना वोट दीजिए कि विपक्ष की जमानत जब्त हो जाए।"

### भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुंडों में नहीं

उदयनारायणपुर में टीएमसी के गुंडों की अराजकता व धमकी के बावजूद हजारों की भीड़ चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा और छाता लिए सीएम योगी को देखने-सुनने के लिए उमड़ पड़ी। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि भाजपा को रोकने की औकात टीएमसी के गुडों में नहीं है। 4 मई के बाद तृणमूल कांग्रेस के गुंडों की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। योगी मंच पर भाजपा कार्यकर्ता स्व. सुबोध जीत की मां से मिले और उनका दर्द बांटा, फिर कहा कि टीएमसी के गुंडों ने सुबोध को मारकर उनके जैसे हजारों कार्यकर्ताओं को पैदा किया है।

### यूपी बीज निगम कर्मियों को मिलेगा सातवां वेतनमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. राज्य बीज विकास निगम के कर्मचारियों को सातवां वेतनमान देने का निर्णय लिया है। इस फैसले से लंबे समय से इसकी मांग कर रहे कर्मियों में खुशी की लहर है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयासों से यह निर्णय संभव हो सका। अब तक निगम कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों की तरह सातवें वेतन आयोग का लाभ नहीं मिल रहा था। निगम की वित्तीय स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वर्ष 2019-20 से लगातार लाभ में चल रहा निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40 करोड़ रुपये से अधिक मुनाफा अर्जित करने की स्थिति में है। वहीं 2024-25 तक निगम का कुल संचित लाभ 143.07 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का आज लोकार्पण करेंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को सुबह 10 बजे राप्ती इको पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र की 497 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। करीब 1,055 करोड़ की लागत वाली इन परियोजनाओं में नौसड़-मलौनी सड़क मार्ग, कूड़ा निस्तारण व्यवस्था से विकसित राप्ती इको पार्क, सड़क निर्माण, पेयजल, सीवरेज और जल निकासी से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वच्छ स्कूल अभियान के पोस्टर और टूलकिट का भी विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम गोरखपुर में शहरी आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और स्वच्छता व विकास को नई गति देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

### परिवहन विभाग के कर्मियों का पांच फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने परिवहन विभाग के करीब 14 हजार नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके महंगाई भत्ते (डीए) में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस निर्णय से कर्मचारियों के वेतन में 55 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता दिया जाएगा। परिवहन विभाग की अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल की ओर से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ोतरी का आदेश जारी कर दिया गया है। अब निगम के पूर्णकालिक कार्मिकों को 7वें वेतनमान में 55 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त के भुगतान की स्वीकृति 1 जनवरी 2026 से दी गई है। महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने को लेकर गठित एम्पावर्ड कमेटी की ओर से इसकी संस्तुति की गई थी। फिलहाल इसके लिए कोई एरियर अनुमन्य नहीं होगा। भविष्य में भत्ते की बढ़ी किश्तों के लिए पुन: कमेटी के सामने रखा जाएगा।

### केशव मौर्य ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ/प्रयागराज :** प्रयागराज में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2026' में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम संस्कृति आईएएस द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग-2024 में चयनित युवाओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक सेवा केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का अवसर है। साथ ही, युवाओं को ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रयागराज को प्रतियोगी छात्रों का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि यहां की पावन भूमि परिश्रम और सफलता की प्रेरणा देती है।

### मारपीट करने वाले दो एसआई निलंबित

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जेठवारा थाने पर तैनात एसआई आनंद राय और राम आश्रय यादव सरकारी आवास न मिलने पर थाने के करीब जेठवारा बाजार में किराये के कमरे में रहते हैं। दोनों के कमरे अगल - बगल हैं। टंकी का पानी बहने को लेकर उनके बीच सोमवार रात विवाद के बाद मारपीट हो गई। इसमें राम आश्रय घायल हो गए। उनका डेरवा इलाज कराया गया। जानकारी पर परिजन पहुंचे और उन्हें लेकर घर चले गए। मामला संज्ञान में आने पर एसपी दीपक भूकर ने दोनों को निलंबित कर सीओ सदर को जांच सौंपी है। एएसपी पश्चिमी वृजनंदन राय ने बताया कि पानी बहने को लेकर विवाद में दोनों दरोगा ने मारपीट की थी। इस पर दोनों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं एसपी दीपक भूकर ने कोहंडौर थाने में तैनात एसआई जनार्दन प्रताप सिंह को सोशल मीडिया सेल में तैनात किया है। जबकि पुलिस लाइन से अनिल सिंह को कोहंडौर थाने भेजा है।

## सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/प्रयागराज

- **आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 18 और 19 अप्रैल को आयोजित सहायक आचार्य लिखित पुनर्परीक्षा की प्रोविजनल उत्तरकुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध मास्टर सेट उत्तरकुंजी के माध्यम से अपने प्रश्नपत्र का मिलान कर सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने अभ्यर्थियों से सावधानीपूर्वक उत्तरों का मिलान करने की अपील की है। यदि किसी प्रश्न या उत्तर पर आपत्ति हो तो उसे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही दर्ज किया जा सकेगा। इसके लिए आयोग ने विशेष लिंक जारी किया है, जहां अभ्यर्थी लॉगिन कर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2026 की रात 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि ऑफलाइन, ईमेल या डाक से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं होंगी। यह पूरी प्रक्रिया उच्च न्यायालय में विचाराधीन विशेष अपील संख्या-368/2026 के आदेशों के अधीन संचालित की जा रही है।

## 'यदि मरीज के लिए वेंटिलेटर नहीं तो आंकड़े किस काम के'

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **हाईकोर्ट ने दी नसीहत- न्यूनतम मानकों को पूरा कर संतुष्ट न हों**
- **पूछा, प्राइवेट अस्पतालों की फीस पर नियंत्रण के लिए क्या कोई नियामक व्यवस्था है**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने कहा है कि यदि मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे हैं तो वेंटिलेटरों की संख्या के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि चिकित्सा सुविधाओं के लिए कुल बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है? अस्पतालों में सुविधाओं की स्थिति क्या है? मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि प्रश्न यह है कि क्या कोई भी अस्पताल इस स्थिति में है कि वह शपथपत्र पर यह कह सके कि जब भी किसी मरीज को वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है तो अस्पताल उसे उचित समय के भीतर वेंटिलेटर उपलब्ध करा देगा। यदि ऐसा नहीं है, तो शपथपत्र में दिए गए आंकड़ों का कोई अर्थ नहीं रह



जाता। प्रयास यह होना चाहिए कि पर्याप्त संख्या में वेंटिलेटर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वेंटिलेटर की अनुपलब्धता के कारण किसी की मृत्यु न हो। कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रस्तुत आंकड़े इस पहलू पर संतोषजनक नहीं हैं। वस्तुतः ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में यह निर्धारित करने की कोई व्यवस्था ही नहीं है कि अस्पताल में वेंटिलेटर की मांग क्या है और जीवन बचाने हेतु कितने वेंटिलेटर उपलब्ध होने चाहिए। जब तक यह व्यवस्था विकसित नहीं की जाती, तब तक इस प्रकार के आंकड़े देना निरर्थक होगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस पूरे विषय पर पुनर्विचार करे और सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों जैसे कि अस्पतालों में कुल बेड का 10 से 15 प्रतिशत वेंटिलेटर की उपलब्धता से संतुष्ट न रहे।

कोर्ट ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और केंद्र सरकार को भी पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने निजी अस्पतालों व क्लीनिकों के नियमन तथा उनकी फीस और सेवाओं की निगरानी व्यवस्था की जानकारी भी मांगी। न्यायालय ने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि क्या किसी कानून, नियम या अन्य किसी प्रावधान के तहत निजी अस्पतालों के संचालन को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक व्यवस्था है, विशेषकर मरीजों के उपचार के लिए वसूले जाने वाले शुल्क के संबंध में। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल केवल लखनऊ तक सीमित न रहें, बल्कि अन्य जिलों में भी विकसित किए जाएं। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन के कारण उनके निजी क्षेत्र में जाने की प्रवृत्ति पर भी कोर्ट ने चिंता जताई। कहा कि सरकारी डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की पर्याप्तता का प्रश्न भी विचारणीय है, विशेषकर निजी अस्पतालों में कार्यरत डॉक्टरों को दिए जा रहे वेतन की तुलना में।

### प्रेमिका को वीडियो कॉल कर फंदे पर झूल गया युवक

**रानीगंज (प्रतापगढ़) अमृत विचार :** जनपद सिद्धार्थनगर के उस्का बाजार थाना क्षेत्र कुंआघाट निवासी 24 वर्षीय शुभम कुमार चौबे पुत्र प्रेम शंकर चौबे करीब 6 माह से रानीगंज थाना अंतर्गत सरायसेतराय केबी आर एग्रो राइस मिल पर ऑपरेटर के पद पर काम करता था। दो भाइयों में शुभम छोटा था। वह अभी अविवाहित था। बताया गया कि मंगलवार की देर रात खाना खाकर वह प्रेमिका को वीडियो कॉल किया। बात करते करते एकांत के कमरे में गया और कॉल के दौरान ही फंदे पर झूल गया। साथियों द्वारा खोजबीन के बाद शुभम फांसी के फंदे पर मृत हाल में लटकता मिला। राइसमिल संचालक भास्कर दूबे ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और मोबाइल को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानीगंज पहुंचे शुभम के पिता प्रेम शंकर चौबे ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## मनरेगा श्रमिकों के लिए 1789 करोड़ रुपये जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राहत**

- **केंद्र ने पहली किस्त की मंजूर लंबित बकायों का होगा भुगतान**
- **पारदर्शिता के लिए डिजिटल भुगतान पर जोर**

**अमृत विचार :** प्रदेश में मनरेगा श्रमिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पहली किस्त जारी करते हुए राज्य को 1789.79 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस राशि में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के करीब 1129.55 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान भी शामिल हैं, जिससे श्रमिकों के बकाये का निपटारा जल्द हो सकेगा।

जारी बजट को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें अनुसूचित जाति के लिए 536.65 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के लिए 45.53 करोड़ रुपये और अन्य श्रेणियों के लिए 1207.60 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी भुगतान तय गाइडलाइंस के अनुसार समय से किए जाएं और किसी भी प्रकार का दोहरा भुगतान न हो। उन्होंने कहा कि खर्च का पूरा विवरण 'मनरेगा सॉफ्ट' पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने निर्देश देते हुए अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि जारी की गई पूरी धनराशि 'नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड मैनेजमेंट सिस्टम' (एनईएफएमएस) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। जिससे प्रदेश के श्रमिकों को किसी प्रकार की भुगतान को लेकर दिक्कत नहीं होगी।

### जनगणना-2027 की तैयारी तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि पहले चरण के तहत हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस 22 मई से 20 जून 2026 के बीच हर हाल में पूरा कराया जाए और इससे पहले एनुमरेटर्स व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से पूरा हो।

साथ ही बताया कि उन्होंने बताया कि 7 से 21 मई के बीच प्रदेश में लोग ऑनलाइन स्व-गणना (सेल्फ एनुमरेशन) फार्म भर सकेंगे। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर जनगणना-2027 की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इसके साथही उन्होंने कहा, व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## बच्चों ने दिया प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश



प्रकृति संरक्षण का संदेश देते बच्चे। अमृत विचार





नुक्कड़ नाटक से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते बच्चे। अमृत विचार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** एमबीडी पब्लिक स्कूल कटरा गुलाब सिंह में पृथ्वी दिवस पर बुधवार को बच्चों ने आकर्षक पोस्टर एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति प्रेम का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

प्रबंधक लालजी सिंह ने बताया कि हम सब मिलकर अपनी पृथ्वी को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रिंसिपल श्यामसुंदर मौर्य ने प्रदूषण के कारण और उसके निवारण पर प्रकाश डाला। निदेशक अमन सिंह ने उदाहरण देकर जीवन में प्रकृति के महत्व को बताया। संचालन जयंशिका सिंह एवं रक्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर सुषमा पुष्पाकर, शिवानी पांडेय, खुशी पांडेय, महेंद्र विश्वकर्मा, प्रीति सिंह, मोनिका सिंह, श्रुति सिंह, ज्योति वैश्य, गुलशन बानो, तहसीन आदि मौजूद रहे।

**धरती बचाने का लिया संकल्प :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेऊंगा और सकरौली मादूपुर में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कर निदेशक रंजन सिंह ने शुभारंभ किया। छात्र - छात्राओं ने प्रस्तुतियों से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। सभी ने धरती बचाने का संकल्प लिया। आश्वी मौर्या, जिकरा, शिवेंद्र, अभय, देवांश, श्रेयांश, ऐश्वर्य, इशरा, इकरा, आन्या, अंशिका, संस्कार, शिखर, अक्सा, संस्कृति, अर्जुन, यशस्वी ने एक सोच जागी धरती के लिए की प्रस्तुति देकर पृथ्वी के महत्व को बताया। स्मृति मिश्रा, मानवी तिवारी, परी, आकांक्षा, आरोही, रतनप्रिया, अनिका, आराध्या, समृद्धि सिंह ने आओ पर्यावरण बचाएं, धरती मां का कर्ज चुकाएं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति से प्रकृति के प्रति मानव के कर्तव्य बताए। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। संचालन गुंजन सिन्हा, शुभी अली ने किया। इस दौरान प्रकाश त्रिपाठी, संगीत दुबे, अंकिता तिवारी, रेखा पटेल, लक्ष्मी देवी, नेहा सिंह, शिल्पा, शालिनी, गोविन्द प्रताप सिंह, सर्वेश सिंह, अतुल सिंह, जीतलाल पटेल, विनोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पृथ्वी दिवस के मौके पर छात्र - छात्राओं ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का दिया संदेश



पृथ्वी दिवस पर जागरूकता का संदेश देते बच्चे। अमृत विचार

**प्रतापगढ़, अमृत विचर :** बीएसएस एकेडमी, फुलवारी में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। स्लोगन, प्रतिज्ञा, लेखन प्रतियोगिता, भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से छात्र छात्राओं ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने कहा कि पृथ्वी और पर्यावरण का संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। मैनेजर धर्मेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य विनय सिंह ने पर्यावरण संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी से अवगत कराया। कार्यक्रम संयोजन में शिवानी कांत वर्मा, किरन सिंह, प्रीतम राज, दिव्या साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

केजीएमयू का मामला

लारी कार्डियोलॉजी से जुड़े संपर्कों की पड़ताल, गंभीर आरोपों पर प्रशासन सतर्क

## फर्जी डॉक्टर प्रकरण में कई विभागों तक फैली जांच की आंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में पकड़े गए फर्जी डॉक्टर हस्साम अहमद मामले ने तूल पकड़ लिया है। जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है और विश्वविद्यालय के कई विभागों से आरोपी के संपर्क होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, कई दावों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहुंच विशेष रूप से लारी कार्डियोलॉजी विभाग तक बताई जा रही है। यहां उसके प्रभाव और



केजीएमयू में फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, धर्मांतरण रैकेट की आशंका

साजिश

- 12वीं पास आरोपी हस्साम खुद को सीनियर बताकर जमाता था रौब
- फर्जी कॉन्फ्रेंस के नाम पर मेडिकल छात्राओं को दिल्ली ले जाने की कर रहा था तैयारी

व्हाट्सएप पर बनाई फर्जी पहचान

अमृत विचार में बुधवार के अंक में प्रकाशित खबर।

संपर्कों को लेकर जांच एजेंसियां जानकारी जुटा रही हैं। एक कार्डियक टेक्नीशियन का नाम भी सामने आया है, जिसे कथित तौर पर कार्डियो सेवा फाउंडेशन का को-फाउंडर बताया जा रहा है। इसके अलावा, डीएम कार्डियोलॉजी की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर से भी आरोपी की करीबी की बात कही जा रही है।

पूरे प्रकरण में ब्रेनवॉश, धर्मांतरण और अन्य गंभीर आरोपों की भी चर्चा है, लेकिन अभी तक इन आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। वहीं इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर ही आगे बढ़ाई जाएगी।

वहीं, केजीएमयू प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आंतरिक जांच शुरू कर दी है। यदि किसी भी कर्मचारी या छात्र की संलिप्तता पाई जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल संदिग्ध टेक्नीशियन की पहचान और भूमिका की जांच जारी है।

### छात्रों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि परिसर में मेडिकल छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को बाहरी व्यक्तियों के किसी भी झांसे या लालच में न आने की सख्त हिदायत दी गई। छात्रों को सलाह दी गई कि वे अंजान लोगों से दूरी बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। किसी भी संस्थान, कैंप या कॉन्फ्रेंस से जुड़ी जानकारी को आधिकारिक माध्यमों से सत्यापित करना अनिवार्य बताया गया है। प्रशासन ने कहा कि छात्र-छात्राएं किसी भी समस्या की जानकारी हॉस्टल वार्डन, प्रॉक्टोरियल बोर्ड या पुलिस को दे सकते हैं। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### निजी कॉलेजों तक नेटवर्क की आशंका

पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी के नेटवर्क में कुछ निजी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों की संलिप्तता की आशंका है। बताया जा रहा है कि शिविरों के माध्यम से छात्रों और डॉक्टरों को जोड़कर प्रभाव बढ़ाया जाता था। हालांकि, पुलिस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने किस तरह अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और बड़े संस्थानों के नाम पर लोगों को अपने झांसे में लिया। साथ ही, छात्राओं को विदेश भेजने की साजिश के पीछे के उद्देश्य की भी जांच की जा रही है।

## स्किल डेवलपमेंट को रोजगार से जोड़ने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य के तहत सरकार ने कौशल विकास योजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिए कि स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को तुरंत अवसर मिल सकें।

समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर युवाओं को इंडस्ट्री-रेडी बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। इसके लिए आईटीआई संस्थानों में गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीकों को शामिल करने और पाठ्यक्रम को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप अपडेट करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने आईटीआई के आधुनिकीकरण, टाटा टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग और ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही बढ़ते ड्रॉपआउट पर चिंता जताते हुए समाधान लागू करने के निर्देश दिए। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत न्यू एज टेक्नोलॉजी आधारित कोर्स शुरू कर युवाओं को रोजगार योग्य बनाने पर भी बल दिया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धा समेत तीन की मौत, तीन की दशा गंभीर

## जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं, अस्पताल में भर्ती कराये गए घायल

**रफ्तार की मार**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अलग अलग हादसों में एक वृद्ध महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी तीन लोगों में दो महिलाओं को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसों के बाद पीड़ितों के परिवारों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में रहने वाले सहजराम गौतम की पत्नी सावित्री देवी (40) लखनऊ मार्ग स्थित एक डेंटल कालेज में सफाईकर्मी पर पर तैनात थीं। बुधवार की सुबह वह पति के साथ बाइक से ड्यूटी पर जा रही थीं, रास्ते में ग्राम अतरौरा के पास पीछे से आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरी महिला के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल पति को पुलिस ने इलाज के लिए भिजवाया। ट्रक पुलिस के कब्जे में है। इसी तरह कोठी थाना क्षेत्र के जुल्फीपुर मजरे सोहावां निवासी मुकेश रावत (30) पुत्र कैलाश नाथ अपनी पत्नी के साथ मंगलवार रात रुतपुरवा गांव वैवाहिक कार्यक्रम में गया था। वहां से देर रात लौटते समय असदामऊ के पास मुकेश की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। इस टक्कर में गंभीर रूप से घायल मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर दशा में पत्नी राधा देवी को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली मार्ग पर रौली गांव के निकट मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरी 40 वर्ष की महिला घायल हो गई। सीएचसी ले जाई गई महिला को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। क्षेत्र के श्रीकृष्णापुर मजरे बहुता गांव निवासी प्रियंका शुक्ला पत्नी विजय शुक्ला बुधवार दोपहर पुत्र सनी के साथ मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ की ओर जा रही थीं।

फतेहपुर नगर के मौलवीगंज अंतर्गत कसगर टोला निवासी मो. शकील का बड़ा बेटा सुहेल (14) पिता के साथ अपनी बुग्गी घोड़ा गाड़ी पर पथाई स्थल से कच्ची ईंटें लाद कर भट्ठे में चिमनी तक पहुंचाने में मदद करता था। बुधवार सुबह करीब आठ बजे ईंट लाद कर वह भट्ठे तक जा रहा था। इस बीच बुग्गी के साथ दौड़ कर बैठने की कोशिश में वह नीचे जा गिरा। घोड़ी समेत ईंट लदी बुग्गी उसे रौंदती निकल गई। हादसे में सुहेल के लहूलुहान होने का पता चलते ही पिता शकील व साथी मजदूर उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, तब तक सुहेल की सांसे थम चुकी थी। चौकी प्रभारी अजय पांडेय ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा पोस्टमार्टम न कराने के लिखित अनुरोध पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### वृद्धा पर गिरा लोहे का गेट, गयी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम में बुधवार सुबह हुए हादसे में लोहे के गेट के नीचे दबकर वृद्धा की मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम चक रहरामऊ के रहने वाले अकबर अली की पत्नी शबाना सुबह अपनी पौत्री को छोड़ने आंगनबाड़ी केन्द्र जा रही थीं, वहां पौत्री को छोड़कर वापस लौटते समय केन्द्र का लोहे के गेट का दूसरा हिस्सा उस पर जा गिरा। जब तक लोग उन्हे बाहर निकालकर इलाज के लिए ले जाते, वृद्धा ने दम तोड़ दिया।

# तीन घरों में आग लगने से हजारों का नुकसान

फतेहपुर, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आग लगने की अलग अलग घटनाओं में तीन झोपड़ीनुमा घर व एक मंदिर में लगी आग में बंगला, बाइक समेत हजारों का सामान जलकर राख हो गया। हादसे के बाद नुकसान का आंकलन प्रशासन की टीम ने किया।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर मजरे मिठवारा बुधवार दिन में करीब 11 बजे रामसजीवन गौतम की पत्नी घर में चाय बना रही थी, तभी चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर पर गिर गई। तेज हवा के कारण आग ने तेजी से फैलकर पास के रामसजीवन गौतम और रामू बंसल के झोपड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

कुछ ही देर में तीनों परिवारों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित जगदीश, जो ठेले पर सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है, का ठेला, साइकिल, पंपिंग सेट और घर में रखा करीब दो कुंतल गेहूं व सरसों जल गए। वहीं रामसजीवन के घर में रखी 50 हजार रुपये की नकदी सहित समस्त गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। रामू बंसल का भी पूरा घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रधान प्रतिनिधि बलराज यादव ने पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी। एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि राजस्व टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आंकलन कराया गया है।

उधर, दरियाबाद थाना क्षेत्र के लालगंज गांव में मंगलवार देर रात मंदिर परिसर में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बना छप्परनुमा ढांचा, एक बाइक समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मंदिर के पुजारी श्रीकिशन के अनुसार, आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

### मानव का लोक व परलोक संवारती है भक्ति



श्रीराम कथा का वाचन करते कथावाचक।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दुर्गा मंदिर रौली में आयोजित श्री सीताराम की मूर्ति स्थापना एवं यज्ञ के सात दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन कथा मनीषी पंडित प्रहलाद मिश्र रामायणी ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीराम जहां एक ओर ब्रह्म स्वरूप में ऋषि-मुनियों और साधकों की साधना के केंद्र हैं, वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में समस्त मानव समाज के लिए आदर्श जीवन पथ प्रदर्शक भी हैं। बताया कि भगवान राम का लोकवंद्य चरित्र विश्व कल्याण और विश्व मैत्री का संदेश देता है। भारत भी इसी आदर्श को अपनाकर सभी देशों के साथ मित्रता और सद्भाव बनाए रखता है। रायबरेली से आए बाल व्यास पंडित कृष्ण मोहन कान्हा ने कहा कि भक्ति मनुष्य के लोक और परलोक दोनों को संवारती है। भक्ति समता और सेवा का भाव सिखाती है तथा सभी में परमात्मा के दर्शन कराने की प्रेरणा देती है। पंडित हरिओम तिवारी ने कहा कि श्रेष्ठ जनों का सम्मान करना सतोगुणी व्यक्ति का लक्षण है। यज्ञाचार्य पंडित अभय शास्त्री ने यज्ञ की महत्ता बताते हुए कहा कि अग्नि में दी गई आहुतियां देवताओं को बल प्रदान करती हैं, जिससे वे प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। भजन गायक पन्नालाल ने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में पंडित अजय शास्त्री 'बिंदु' ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं और श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यज्ञ पूर्णाहुति, पूजन तथा भगवान के विग्रह का पुष्पाभिषेक संपन्न हुआ। इस मौके पर पंडित सिद्धनाथ तिवारी, पंडित हरिश्चंद्र त्रिपाठी, गुरबख्श सिंह, श्रवण कुमार शुक्ला, पंडित दिनेश त्रिवेदी, डॉ. योगेंद्र शुक्ला, सोनू बाजपेई, सौरभ मिश्रा, शोभित त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### 16 भाषाओं में तैयार प्रशिक्षण सामग्री से ट्रेनिंग



तीसरे चरण का प्रशिक्षण देते ट्रेनर। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जनगणना के पहले चरण के ट्रेनिंग का तीसरा चरण साईं पीजी कॉलेज और जयपुरिया स्कूल में शुरू बुधवार को शुरू हुआ। तहसीलदार फतेहपुर वैशाली अहलावत ने बताया कि भारत की जनगणना का पहला फेज 22 मई से शुरू हो कर 20 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें मकानों की गणना की जाएगी, इसके लिए प्रगणकों और सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण फतेहपुर के साईं पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षक अभिषेक नाग ने बताया कि 16 भाषाओं में तैयार आठवीं जनगणना में सबसे पहले मकानों की गणना के क्रम में प्रगणक घर घर जा कर 34 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र करेंगे। मकान के प्रकार, नजरी नक्शा कैसे बनाए और ऐप पर कैसे मैच कराएं आदि पर जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षक डॉ निहारिका वर्मा ने मकान नंबरिंग, अस्थाई मकान, धार्मिक स्थलों आदि पर विस्तार से बताया। कॉलेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 200 और जयपुरिया स्कूल में 160 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग हुए घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीते दिनों मारपीट, हमला और धमकी की कई घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए, वहीं कुछ की हालत गंभीर है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम खजुरिया मजरे सैदखानपुर के अवधेश शर्मा ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने शराब के नशे में गाली-गलौज करते हुए उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान उनके पुत्र राहुल शर्मा को भी पीटकर घायल कर दिया गया। कोतवाली रामनगर क्षेत्र के ग्राम बसंतपुर में एक तिलक समारोह के दौरान संजीव और उनके परिवार के साथ जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इस घटना में संजीव के सिर में चोट आई, जबकि उनके पुत्र के हाथ में भी चोट बताई गई है। आरोपियों ने जाते समय लाइसेंसी असलहे भी लहराए। थाना सतरिख क्षेत्र में सामने आई, जहां बर्फ बेचने वाले संजय कुमार के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि कीमत को लेकर विवाद होने पर आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए हमला कर दिया और ईंट से सिर पर वार किया। बाद में घर पहुंचने पर उनके परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। टिकैतनगर थाना क्षेत्र के कस्बा इचौली में गाड़ी धोने को लेकर विवाद हुआ। पीड़ित सदानंद ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया।

### पुल के पास झाड़ियों में लगी आग, दो ट्रेनें रोकी गईं

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में सरयू नदी पर बने रेलवे पुल के पास मंगलवार देर रात अचानक झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना के समय उसी ट्रैक से दो ट्रेनें गुजर रही थीं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खतरे को भांपते हुए दोनों ट्रेनों के लोको पायलटों ने सूझबूझ का परिचय दिया और तुरंत ट्रेनें रोक दीं। गोण्डा की ओर से आ रही ट्रेन को बैक कर सुरक्षित रूप से पुल पर खड़ा कर दिया गया, जबकि चौकाघाट की दिशा में जा रही दूसरी ट्रेन को पहले ही रोक लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि आग केवल झाड़ियों तक ही सीमित रही और समय रहते नियंत्रण में आने से एक बड़ा हादसा टल गया।

# राहुल-अखिलेश का फूंका पुतला



चौराहे पर पुतला फूंकते प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार को रामनगर के बरौलिया चौराहे पर महिलाओं ने राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव का पुतला फूंककर नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के लोकसभा में पास नहीं होने पर आक्रोश जताया। रामनगर स्थित एक उच्च शैक्षिक संस्थान में एकत्रित हुई महिलाओं ने हाथ में तख्तियां लेकर विरोध जुलूस निकाला। कांग्रेस और सपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बरौलिया चौराहे पहुंचकर पुतला फूंका।विरोध जुलूस में शामिल महिलाओं ने कहा कि महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर कांग्रेस , सपा एवं अन्य विपक्षी दल राजनीति कर रहा है और महिलाओं के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। देश मे जब महिलाओं को अधिकार देने का मौका आया तो कांग्रेस और सपा ने उसे छीन लिया ।उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम है। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और निर्णयात्मक प्रक्रियाओं में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे उन्हें नेतृत्व के अवसर प्राप्त होते और देश के समग्र विकास को गति मिलती।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार दशकों से लंबित इस विधेयक को संसद से पारित करवाया था,मगर 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए एनडीए सरकार ने जब 131 वां संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया तो विपक्षी पार्टियों ने इसके खिलाफ मतदान किया। इस अवसर पर शिल्पा श्रीवास्तव,दीप्ति मिश्रा, अल्का सैनी,पुष्पा वर्मा, लक्ष्मी देवी, सुरभि यादव, रिया वर्मा, काजल, सोनाली शुक्ला,माला देवी,रोहित सिंह,सर्वेश अवस्थी,अभिनव शुक्ला, इंद्रमणि उपाध्याय पुष्कर, तुषार निगम, दिनेश रावत, सुलेहव अंसारी आदि मौजूद रहे।

### नवोदय पहुंचे एसडीएम, छात्राओं संग किया भोजन



भोजन की गुणवत्ता जांचते एसडीएम। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सोनिकपुर में छात्रों के हालिया प्रदर्शन के बाद बुधवार को उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाए। एसडीएम के भ्रमण के दौरान विद्यालय में पेयजल संकट की समस्या सामने आई, जो सबमर्सिबल मोटर खराब होने के कारण उत्पन्न हुई थी। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल टैंकर की व्यवस्था कराई, जिससे विद्यार्थियों को राहत मिली। निरीक्षण के क्रम में दोपहर 12 :50 बजे कक्षा 12 (बी) के अष्टम पीरियड का अवलोकन किया गया, जहां प्रवक्ता अंग्रेज़ी सविता यादव द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा था। शिक्षण गुणवत्ता संतोषजनक मिली। इसके बाद अपराह्न 1 :30 बजे भोजनावकाश के दौरान मेस का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने विद्यार्थियों के साथ भोजन भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेन्यू में दाल, चावल, रोटी और सब्जी परोसी गई, जिसकी गुणवत्ता ठीक पाई गई। उप-प्राचार्य आलोक कुमार शाही ने बताया कि भोजन की गुणवत्ता की निगरानी कैटरिंग सुपरवाइजर मानिक सिन्हा द्वारा की जाती है, जो वर्तमान में अवकाश पर हैं। वहीं स्टाफ नर्स शिक्षा रानी द्वारा नियमित रूप से फूड टेस्टिंग की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

# पैसे देने से मना करने पर माता-पिता को पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रिश्तों में मनमुटाव व अन्य वजहों ने किस कदर खाई खोदी है, इसका प्रमाण देने के लिए चार घटनाएं ही काफी हैं।

असन्द्रा थाना क्षेत्र में ग्राम संगौरा तय्यब की रहने वाली प्रियंका का कहना है कि उसके पिता गांव की एक महिला को पत्नी बनाकर घर लाना चाहते हैं और विरोध करने पर उसे व परिवार के अन्य सदस्यों को घर से निकालने की धमकी दे रहे। 18 अप्रैल की रात पिता ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने की कोशिश की। जैदपुर थाना क्षेत्र में ग्राम बरौली मलिक निवासी जगप्रसाद वर्मा ने आरोप लगाया कि उनके बेटे अलंकार और बहू खुशबू आए दिन झगड़ा करते हैं। 16 अप्रैल को विवाद इतना बढ़ा कि अलंकार ने कुदाल से हमला करने की कोशिश की और ईंट मारकर उसकी पत्नी का पैर तोड़ दिया। आरोपी ने परिवार के अन्य सदस्यों को भी जान से मारने की धमकी दी। कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम नौबस्ता निवासी कदम प्रकाश सोनी के अनुसार, उनका बेटा दुर्गेश और बहू अकांक्षा घर बेचकर पैसे देने का दबाव बना रहे हैं। मना करने पर दोनों ने उससे और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नगर कोतवाली क्षेत्र में बस स्टॉप के निकट कांशीराम कॉलोनी की नसरीन का कहना है कि उसका पति रेहान शराब के नशे में आए दिन मारपीट और गाली-गलौज करता है। 20 अप्रैल की रात आरोपी ने लकड़ी के डंडे से हमला किया, जिससे महिला की आंख में गंभीर चोट आई। पहले भी शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जेठ ने बहू व भतीजे को पीटा, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंगलवार रात कस्बे में एक सर्राफा व्यवसायी ने मामूली बात पर नाबालिग सगे भतीजे को बुरी तरह पीट दिया। मदद के लिए दौड़ी उसकी विधवा मां से भी हाथापाई की। पीड़िता सर्राफा व्यवसायी के दिवंगत छोटे भाई की पत्नी है। पिटाई से किशोर लहूलुहान हो गया। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। तहरीर में उसने बताया कि दिसम्बर 2018 में उसके पति की मौत हो गई थी। तभी से वह अपने जेठ आलोक रस्तोगी के परिवार के साथ पति के पुश्तैनी मकान में रहती आ रही है। मंगलवार की रात आलोक ने पीड़िता के पुत्र शौर्य 17 वर्ष को मामूली बात पर पीटना शुरू कर दिया। चाचा की पिटाई से भतीजा काफी लहूलुहान हो गया। उसकी चीख पुकार सुन कर मां घर के नीचे आई तो जेठ आलोक ने उसके साथ भी हाथापाई की।

### घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख थाना क्षेत्र में एक युवक का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे से लटका मिला। क्षेत्र के जाटा बरौली निवासी धर्मेंद्र (40) पुत्र राधेलाल का शव मंगलवार देर रात उसके घर के कमरे में रस्सी से बने फंदे से लटका मिला। पता तब चला जब उसका छोटा भाई विजय खाने के लिए बुलाने गया। कमरा खोलते ही धर्मेंद्र का शव लटका देख वह शोर मचाने लगा। शोरगुल सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन बताते हैं कि धर्मेंद्र परिवार से अलग रहता था। उसकी पत्नी करीब दो माह पहले अपने मायके कोठी थाना अंतर्गत रामदीन पुरवा गांव चली गई थी।

# हत्या के दोषी दो सगे भाइयों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या के एक मामले में अदालत ने दो सगे भाइयों को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

यह कार्रवाई ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत की गई, जिसे उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जघन्य अपराधों में शीघ्र और कड़ी सजा दिलाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग की गई और मजबूत साक्ष्य अदालत में प्रस्तुत किए गए। थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ग्राम कर्मेमऊ में 4 अगस्त 2024 को संजय पुत्र प्यारेलाल नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई सुरेश कुमार ने दो आरोपियों गांव के ही सुरेश कुमार और महेश कुमार पुत्र रामहर्ष के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए और समय पर चार्जशीट दाखिल की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-9 ने दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। मामले में एडीजीसी, मॉनिटरिंग सेल और थाना स्तर की टीम ने समन्वय के साथ काम किया। महत्वपूर्ण गवाहों को समय पर पेश कर मजबूत पैरवी की गई, जिससे आरोप सिद्ध हो सके।

### होमगार्ड परीक्षा को लेकर हुई समीक्षा गोष्ठी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस होमगार्ड परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत गोष्ठी में दिशा-निर्देश दिए गए। बुधवार को नवागत डीएम ईशान प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा लोक सभागार कलेक्ट्रेट में आगामी पुलिस होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा-2025 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। गोष्ठी में परीक्षा को पूर्णत : निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी तथा पुलिस, प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्ययोजना** — महादेवा पहुंचकर मंदिर में की पूजा-अर्चना, देखी कॉरीडोर की प्रगति

# जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर डीएम का जोर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोक सभागार में संवाद करते नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवागत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को प्राथमिकताओं, विकास कार्यों तथा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपनी कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनोन्मुख प्रशासन देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

लोक सभागार में पत्रकारों से बात करते हुए डीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता अथवा ढिलाई पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, जिससे आमजन को समय पर न्याय मिल सके। लोधेश्वर धाम में निर्माणाधीन कॉरिडोर एवं एससीआर से संबंधित कार्यों के संबंध में डीएम ने कहा कि इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। नगर क्षेत्र में बढ़ती यातायात समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित किए जाने की बात कही। कहा कि शहर में जाम की समस्या कम करने तथा यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। प्रत्येक एक-दो माह में संवाद स्थापित कर जनपद की समस्याओं, विकास कार्यों एवं समाधान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।्र

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार की शुरुआत तहसील रामनगर स्थित पौराणिक लोधेश्वर महादेव धाम में पूजा-अर्चना एवं दर्शन-पूजन के साथ की। इसके बाद डीएम ने लोधेश्वर कॉरिडोर से संबंधित निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण कराए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। डीएम ने मंदिर परिसर में पंडित आदित्य तिवारी से लोधेश्वर धाम के धार्मिक महत्व तथा कॉरिडोर निर्माण से संबंधित बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा वधार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पिता ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार शहर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की पुत्री पिछले 9-10 महीनों से कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थी। परिजनों के मुताबिक, वह रोजाना समय से घर लौट आती थी लेकिन 16 अप्रैल की सुबह घर से ड्यूटी के लिए निकली युवती अपने कार्यालय नहीं पहुंची और रास्ते से ही लापता हो गई। परिजनों द्वारा खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला, तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पिता ने आरोप लगाया है कि सत्यप्रेमी नगर निवासी अभिषेक उनकी पुत्री का पीछा करता था और उसे परेशान करता था। इसी आधार पर उन्होंने अभिषेक पर शक जताया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दिमागी बुखार के लक्षण पर जांच को पहुंची टीम

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के चौखंडी गांव में दिमागी बुखार जैसे लक्षण मिलने की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर की टीम ने बुधवार को गांव का दौरा किया। टीम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. देव प्रताप सिंह, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल रहे। डॉ. देव प्रताप सिंह ने बच्चे की गहनता से जांच की। दिमागी बुखार की पुष्टि के लिए बच्चे का सैंपल लेकर तत्काल जांच हेतु लैब भेजा गया। मौके पर ही दवाइयां दी गईं और परिजनों को उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए उच्च स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की सलाह दी गई।इसके अतिरिक्त, टीम ने गांव में दिमागी बुखार के प्रसार को रोकने के लिए फॉगिंग व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया गया। स्वास्थ्यकर्मियों ने आसपास के घरों का भी सर्वेक्षण किया ताकि बुखार के अन्य संभावित मरीजों की पहचान की जा सके। डॉ. देव प्रताप ने बताया कि तेज बुखार के साथ उल्टी, बेहोशी या झटके आना दिमागी बुखार के संभावित लक्षण हो सकते हैं।

### पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण, लिया सुरक्षा का संकल्प

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट की ओर से बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। यह आयोजन अंग्रेजों के शासन काल में तहसीलदार रहे स्वर्गीय हरिशंकर सिंह के पार्क में हुआ। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी के नेतृत्व में इस अभियान में कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान आम, अमरूद समेत विभिन्न फलदार पौधे लगाए गए, ताकि आने वाले समय में क्षेत्र में हरियाली बढ़े और पर्यावरण संतुलन को मजबूती मिल सके। ईओ संतोष चौधरी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र के बीच वृक्षारोपण बेहद जरूरी हो गया है। यह भी कहा कि वृक्ष केवल छाया और फल ही नहीं देते, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन का भी प्रमुख स्रोत हैं। इस अवसर पर लिपिक मनीष श्रीवास्तव, लवकुश, शुभम सुपरवाइजर गोलू, साहूल सहित नगर पंचायत के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में सभी ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

**न्यूज ब्रीफ**

### लो वोल्टेज से बैंक कार्य बाधित, प्रबंधक ने विभाग से लगाई गुहार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** बैंक ऑफ इंडिया की शंकरपुर सराय शाखा में लगातार लो वोल्टेज आने से बैंकिंग कार्य प्रभावित हैं। इससे शाखा प्रबंधक ने बुधवार को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। प्रबंधक ने पत्र में बताया कि बीते कई दिनों से क्षेत्र में वोल्टेज बेहद कम आ रहा है। इससे बैंक के कंप्यूटर, सर्वर व अन्य जरूरी उपकरण सही काम नहीं कर रहे हैं। इससे न केवल बैंक का दैनिक कार्य प्रभावित है बल्कि ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। प्रबंधक ने कहा कि कम वोल्टेज से लेनदेन, खाते से संबंधित कार्य और अन्य सेवाएं बाधित हो रही हैं। शाखा ने विभाग से जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर पर्याप्त वोल्टेज की आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है, ताकि सरकारी व बैंकिंग कार्य बिना किसी रुकावट के संचालित हो सकें।

### विद्युत पोल से टकराई बाइक, दो हुए घायल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गुरधरी गांव निवासी बेचेलाल अपने पौत्र छोटू पुत्र विनोद कुमार का मुंडन कराने बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंधेलिया गांव स्थित नटवा बाबा मंदिर गया था। अधिकांश लोग लोडर से लौट गए। बेचेलाल (60) व उनके चचेरे भाई नन्हके (55) बाइक से लौट रहा था। तभी छूही-हुलासी कुआं मार्ग के अंधेलिया गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई। इसमें बेचेलाल व नन्हकू घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी सफीपुर से जिला अस्पताल भेजा गया।

# क्या इंसान और क्या बेजुबान, गर्मी से सभी हुए हलकान

## गर्मी व लू के सितम से बचने को बेजुबानों ने ढूंढा छांव का सहारा

शुभम निगम, उन्नाव

**अमृत विचारः** जिले में सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पारे के 42 डिग्री सेल्सियस को पार करने से न केवल इंसान, बल्कि बेजुबान भी बेहाल हैं। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि के कारण दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। आसमान से बरसती आग व गर्म थपेड़ों ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

इस दौरान मवेशी कंक्रीट की तपती सड़कें छोड़कर गलियों के कोनों व छज्जों की छांव तलाशते हैं। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि कैसे बेजुबान इस चिलचिलाती धूप से बचने के लिए छाया में कतार बनाकर आराम कर रहे हैं। गर्मी में पीने के पानी का संकट बढ़ गया है। प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं से अपील है कि वे चौराहों पर पशुओं के लिए नांद रखवाकर पानी की व्यवस्था करें।



कालेज रोड की एक गली में छांव में बैठे मवेशी। ● अमृत विचार

### गड्ढों ने रोकी शहर की रफ्तार, चिलचिलाती धूप में पसीना बहाती रही पुलिस व जनता



पाइप लाइन शिफ्ट करने को खोदा गया गड्ढा।।



चिलचिलाती धूप में यातायात व्यवस्थित करते पुलिस व ट्रैफिक सिपाही।

**उन्नाव :** शहर के व्यस्ततम बड़ा चौराहा पर जल निगम की लापरवाही आमजन के लिए आफत बन गई है। चौड़ीकरण कार्य के नाम पर खोदे गए गड्ढों ने पूरे शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। जिससे न केवल यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो रही है बल्कि स्कूली बच्चों व राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि चौराहे पर पाइप लाइन को अंडर ग्राउंड करने के लिए दो बड़े गड्ढे खोदे गए हैं। कार्य की धीमी गति से नगर पालिका से बड़ा चौराहा जाने वाली एक लेन बीते कई दिनों से बंद है। बुधवार सुबह 11 बजे से ही स्थिति बेकाबू हो गई। बड़ा चौराहा से छोटा चौराहा व कचहरी पुल तक वाहनों की कतारें लग गईं। दोपहर में जब पारा चरम पर था तभी स्कूलों की छुट्टी हुई। चिलचिलाती धूप व उमस के बीच बच्चे जाम में घंटों फंसे रहे। छोटे-छोटे बच्चे गर्मी से बेहाल दिखे, वहीं राहगीरों का गुस्सा भी सातवें आसमान पर रहा। ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस जवान भी पसीने से तर-बतर होकर जाम खुलवाने की जद्दोजहद करते रहे। लेकिन सुस्त निर्माण कार्य के आगे उनकी कोशिशें भी नाकाम दिखीं। सड़क पर खुले पड़े ये गड्ढे किसी बड़ी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। रात में ये गड्ढे और भी खतरनाक हो जाते हैं। पर्याप्त संकेतक न होने से वाहन चालकों के गिरने का डर बना रहता है। धूल व जाम से चौराहे के व्यापारियों का कामकाज भी ठप है। शहर वासियों ने जिला प्रशासन व जल निगम से मांग की कि यह कार्य जल्द पूरा करें ताकि आवागमन सुचारु हो सके और लोगों को गर्मी में घंटों जाम से निजात मिल सके।

# अलग-अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में वृद्ध समेत चार लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



सूरजदीन फाइल फोटो



जगरूक फाइल फोटो

**अमृत विचारः** अलग-अलग थाना व कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में तीन अधेड़ व एक वृद्ध की मौत हो गई। इसकी जानकारी पर परिजनों में चीखपुकार मची है। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी सियाराम (50) पुत्र स्व. रामशंकर खेती करता था। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हुसैन नगर गांव अंतर्गत एआरटीओ कार्यालय के पीछे उसके खेत हैं। मंगलवार देररात वह फसल की देखभाल कर लौट रहा था। हाईवे पार कर पैदल जाते समय हुसैन नगर चौराहा के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां इलाज शुरू होने से पहले उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से पत्नी रामरानी बेहाल हो गई। उसके 3 बच्चों में बेटे अनिल, कल्लू व बेटी किरन हैं। वे भी पिता की मौत से परेशान हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि टक्कर मारने वाली बाइक का पता चला है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खेत से लौट रहे दंपति को बाइक ने मारी टक्कर, पति की मौत

**उन्नाव :** अचलगंज थानाक्षेत्र के मवैया लायक गांव निवासी जगरूक (50) पुत्र भीखा खेती कर परिवार पालता था। मंगलवार रात वह घर से एक किमी दूर पड़ोसी गांव दिबिया खेड़ा में अपने खेतों में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। लौटते समय देररात गांव के बाहर लिंक रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने उसे व उसकी पत्नी जगरानी को टक्कर मार दी। इसमें दंपति गंभीर घायल हो गये। वहीं टक्कर के बाद बाइक फिसलने से चालक भी घायल हो गया। आसपास खेतों में मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने जगरूक को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी जगरानी का इलाज जारी है। उसकी मौत से बेटा शैलेंद्र व बेटियां कंचन, सरिता व संगीता बेहाल रही। वहीं बाइक चालक के परिजनों के मुताबिक किसी कार की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर दंपति से टकरा गई और हादसा हो गया। अचलगंज एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चालक की तलाश की जा रही है।

### मुंडन का निमंत्रण बांटने गए अधेड़ की सड़क हादसे में मौत

**सफीपुर, उन्नाव :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी मुंशीलाल (55) पुत्र कन्हई की पौत्री सुहानी पुत्री रंजीत का 1 मई को मुंडन है। बुधवार को वह मुंडन का निमंत्रण कार्ड देने सकहन गांव बुआ के घर जा रहा था। तभी गंगोली मार्ग पर 2 किलोमीटर आगे नीगा गाढ़ा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार अधिक होने से टकराने के बाद मुंशीलाल उछलकर गिर गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर से घर में खुशियों की जगह मातम पसर गया। उसकी मौत से बेटे रंजीत व पत्नी रानीदेवी सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की है।



मुंशीलाल फाइल फोटो

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की थमी सांस

**उन्नाव :** बिहार थानाक्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड-8 के पतारी निवासी सूरजदीन (60) पुत्र मैकू मजदूरी करता था। मंगलवार को भगवंतनगर कस्बा निवासी डॉ. राज के बेटे की बारात वाराणसी गई थी। इससे वह डॉ. राज के घर की रखवाली के लिए रुका था। बुधवार भोरपहर वह डॉ. के घर के सामने बक्सर-बिहार मार्ग पर खड़ा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची बेटी उसे सुमेरपुर पीएचसी लाई। जहां से जिला अस्पताल लाते समय उसकी मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी जनाका, बेटे रामशंकर, रामराज, राजकुमार, विनय, जयप्रकाश व बेटी अर्चना बेहाल हैं। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई होगी। टक्कर मारने वाले वाहन का पता किया जा रहा है।

## बारात आई युवती पर शोहदों ने की छींटाकशी, पकड़े गए

**उन्नाव, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नहर स्थित बगिया मोहल्ला निवासी जागेश्वर के घर में बेटी की बरात पुरवा से आई थी।

मंगलवार रात एक युवती बारात में शामिल होने भाई के साथ गई थी। तभी शेखपुर नहर के पास नशे में खड़े शांतिनगर मोहल्ला निवासी घनश्याम व ईदगाह पत्थर कॉलोनी निवासी मो. इरशाद उर्फ कल्लू व मो. उस्मान ने युवती से अश्लील फब्तियां कस दी। साथ रहे भाई ने विरोध किया तो शोहदे अभद्रता करने लगे। बाद में युवक बहन को लेकर बरात पहुंचा और लोगों को इसकी जानकारी। इस पर एक सैकड़ा बाराती शेखपुर नहर पहुंचे। यह देख मो. इरशाद व मो. उस्मान तो भाग निकले लेकिन, घनश्याम अधिक नशे में होने से पकड़ गया। भीड़ व बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत करा युवक को कोतवाली लाई। पुलिस ने तहरीर देने की बात कही लेकिन दूसरे दिन तक कोई तहरीर देने नहीं पहुंचा। पुलिस ने फरार हुए दोनों युवकों को भी पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है। तीनों युवकों का शांतिभंग में चालान किया गया है। वहीं घटना को लेकर चर्चा रही कि गलत इंडीकेटर देने को लेकर विवाद हुआ था। युवती के शोर मचाने पर विवाद बढ़ गया।

## किसानों को प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया तेज

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने ट्रांस गंगा सिटी कार्यालय पहुंचकर यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक सत्यपाल सिंह से मुलाकात की। इसमें उन्होंने ट्रांस गंगा सिटी में किसानों को निशुल्क प्लॉट आवंटन की चल रही प्रक्रिया की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से जरूरी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कराने का आग्रह किया ताकि किसानों को उनका जल्द हक मिल सके।

उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2014 को हुए समझौते के अनुसार प्रभावित 1580 किसान परिवारों को लाभ मिलना चाहिए। जिससे वे अपना जीवन बेहतर बना सकें। किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर उन्होंने प्रशासन से तेजी दिखाने की अपील की। इस पर वरिष्ठ प्रबंधक सत्यपाल सिंह ने आश्वस्त किया कि विभाग इस मामले को लेकर गंभीर है और प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समझौते के तहत किसानों को 6 प्रतिशत विकसित मिश्रित लैंड यूज के प्लॉट दिए जाएंगे, जिनका आकार न्यूनतम 60 वर्ग मीटर से लेकर अधिकतम 2500 वर्ग मीटर तक होगा। यह प्लॉट ट्रांस गंगा सिटी के विभिन्न सेक्टरों में उपलब्ध कराए जाएंगे।



यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक से चर्चा करते किसान नेता अजय अनमोल।

● किसानों को जल्द मिलेगा ट्रांस गंगा सिटी में नि:शुल्क प्लॉट का लाभ

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला युवक, इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में शेखपुर नहर के पास एक युवक के संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिलने पर पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। लखनऊ के थाना व मोहल्ला जानकी पुरम निवासी अवनीश उर्फ सुधीर (30) पुत्र स्व. मोतीलाल सब्जी बेचता था। बाद में वह पत्नी आरती के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला स्थित ससुराल में रह रहा था। लेकिन पत्नी से विवाद के बाद उसका अलगाव हो गया। इससे वह सदर कोतवाली अंतर्गत शेखपुर नहर के पास कमरा लेकर रहता था। उसके एक बेटी वैभवी व एक बेटा वेदांश हैं। जो मां के साथ रहते हैं। बीते मंगलवार उसे सड़क पर अचेत पड़ा देख लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा था। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई।

### 172 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए हुए रवाना

**उन्नाव, अमृत विचार :** सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक क्षेत्र के गांव इसुनिया के मजरा रामसिंह खेड़ा में सदर विधायक पंकज गुप्ता ने श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के तहत करीब 172 श्रद्धालुओं की टोली को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या रवाना किया। विधायक द्वारा निजी संसाधनों से संचालित यह यात्रा निरंतर समाज के बुजुर्गों को तीर्थाटन कराने का पुण्य कार्य कर रही है। श्रद्धालुओं का जत्था जैसे ही रवाना हुआ जय श्री राम के उद्घोष और भजन-कीर्तन से गुंजायमान हो उठा। सदर विधायक ने कहा कि यह क्षण मेरे जीवन का अमूल्य व अविस्मरणीय अनुभव है। यात्रा रवानगी के दौरान अमित त्रिपाठी, प्रधान गंगा प्रसाद, रघुराज सिंह, पूर्व प्रधान इन्द्रेश सिंह, धनन्जय सिंह, सोनू दीक्षित, सेक्टर संयोजक ललित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।



पैर धोकर वृद्ध को अयोध्या रवाना करते सदर विधायक।

### पहलगाम हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** पहलगाम आतंकी हमले की प्रथम बरसी पर नगर पालिका गंगाघाट की अध्यक्षा कौमुदी पाण्डेय ने आनन्दघाट स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 26 मोमबत्तियां जलाकर शहीदों की स्मृति को नमन किया। अध्यक्षा ने कहा कि यह कायराना हमला देश की एकता और अखंडता पर आघात था, लेकिन हमारे वीर जवानों का बलिदान हमेशा राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि शहीदों के त्याग और समर्पण को कभी न भूलें और देश की सुरक्षा के लिए सदैव एकजुट रहें। कार्यक्रम में संदीप पांडेय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। अंत में शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ।



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देतीं पालिकाध्यक्ष।

## जानलेवा लोहे के क्रॉस की मरम्मत से राहत

अमृत विचार IMPACT

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग स्थित रेलवे पुल के नीचे बने लोहे का टूटा क्रॉस राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ था। आएदिन बाइक सवार गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे थे। इस समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया और मरम्मत शुरू कराई।

बता दें कि पुल के नीचे नाले पर लगे लोहे के पाइप की हाल ही में मरम्मत हुई थी, लेकिन मानकों की अनदेखी के चलते कुछ ही दिनों में पाइप टूट गए और क्रॉस पर गहरा गड्ढा बन गया। रात में पुल के नीचे अंधेरा होने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ गई थी। मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, गोताखोर, मनसुख खेड़ा, राजीव नगर, कर्बला, हुसैन नगर व गगनी खेड़ा आदि क्षेत्रों के लोग इस रास्ते से गुजरते हैं और हादसों का शिकार हो रहे थे। समस्या उजागर होने पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लिया और कर्मियों को मरम्मत के निर्देश दिए। बुधवार को टूटे पाइप हटाकर नए पाइप लगाकर वेल्डिंग कराई गई। मरम्मत पूरी होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।



रेलवे पुल के नीचे टूटे क्रास की मरम्मत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### युवती ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लालखेड़ा गांव में बुधवार शाम युवती ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लालखेड़ा गांव के मजरा गौरा कठेरवा में भावना 19 पुत्री सर्वेश कुमार ने बुधवार शाम को घर की छत पर बने कमरे में कुंडे से दुप्पटे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की मां अंजू के अनुसार भावना छत के कमरे में काफी समय से थी। वह शाम को छत पर गई तो बाहर से आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब न मिलने पर उसने खिड़की से झांका तो भावना फंदे से लटकी थी। यह देख वह सन्न रह गई। आनन फानन परिजन ने ग्रामीणों की मदद से उसे नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। परिजन की सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## छमकनाली 108 पुलिया के नए स्ट्रक्चर की शिफ्टिंग की तैयारी

शुक्लागंज उन्नाव

● पैनल शिफ्टिंग की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू की जाएगी

**अमृत विचारः** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित छमकनाली 108 पुलिया के पुनर्निर्माण को लेकर रेलवे ने तैयारी तेज कर दी है। कार्यदायी संस्था ने पुलिया का नया ढांचा तैयार कर लिया है और अब उसे स्थापित करने के लिए पैनल शिफ्टिंग की प्रक्रिया अगले सप्ताह शुरू की जाएगी।

रेलवे इस रूट पर हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन की योजना के तहत लंबे समय से ट्रैक व पुलों के सुदृढ़ीकरण करा रहा है। ब्रिटिश काल की जर्जर हो चुकी छमकनाली पुलिया का भी इसी क्रम में जीर्णोद्धार हो रहा है। स्वास्तिक कंपनी को इस कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। जिसने पुलिया का नया स्ट्रक्चर तैयार कर लिया है। स्वास्तिक एंड कंपनी के जेई राम गोपाल मौर्य ने बताया कि डाउन लाइन पर करीब 150 टन क्षमता वाले स्ट्रक्चर को शिफ्ट किया जाएगा। यह कार्य तीन दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं मेगा ब्लॉक के दौरान ही यह कार्य कराया जाएगा, जिससे यात्रियों को कम से कम असुविधा हो और ट्रेनों का संचालन सुचारु बना रहे।

### जयपुरिया में हुई पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता

**उन्नाव, अमृत विचार :** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर संस्कार भारती द्वारा रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम से न केवल बच्चों की कला निखरी, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक हमारी मिट्टी व जल को तेजी से नष्ट कर रही है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हम सबको मिलकर जल संचय, पौधारोपण व घरेलू कूड़े का सही निस्तारण करने का संकल्प लेना चाहिए। इन प्रयासों से ही हम अपनी धरती मां को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं। स्कूल के प्रबंध निदेशक आनंद आहूजा ने संस्कार भारती के प्रयासों की सराहना की। संस्कार भारती की दृश्य कला संयोजक व शिक्षिका इंदुलेखा कन्नौजिया ने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य निधि शर्मा को संस्कार भारती के जन जागरूकता अभियान में सहयोग व सुंदर आयोजन के लिए अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसमें दृश्य कला सह-संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, विद्यालय से शिक्षक राजीव पाठक, गुलनाज़, सौरभ, आदेश श्रीवास्तव, राम सिंह आदि रहे।



बच्चों के साथ मौजूद विद्यालय स्टाफ व अन्य।

**संभाला कार्यभार** | बुधवार को कोषागार पहुंचकर महत्वपूर्ण पत्रावलियों व पंजिकाओं पर किए हस्ताक्षर

# नवागत डीएम घनश्याम मीना ने थामी जिले की कमान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बुधवार को कोषागार पहुंचकर महत्वपूर्ण पत्रावलियों व पंजिकाओं में हस्ताक्षर कर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया।

वह वर्ष-2015 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे मूलतः राजस्थान के जयपुर के निवासी हैं। उन्हें वर्ष-2020 में यूपी कैडर मिला। नगर आयुक्त फिरोजाबाद के पद पर व सीडीओ अंबेडकर नगर के रूप में वह अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह जिलाधिकारी के रूप में हमीरपुर में 19 महीने सेवाएं दे चुके हैं। उनकी डीएम के रूप में उन्नाव में दूसरी तैनाती है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ जन सामान्य को पहुंचे यह हमारी प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी अनीता यादव 2017 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। इस दौरान सीडीओ कृति राज, एडीएम सुशील कुमार गोंड आदि मौजूद थे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते नवागत जिलाधिकारी धनश्याम मीना।

### जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करें अधिकारी: जिलाधिकारी

**उन्नाव :** जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्देश दिये कि सरकार की हर योजना की प्रगति के लिए गंभीरता के साथ कार्य करें। हर योजना में स्थिति अच्छी होनी चाहिए। कहा जनसुनवाई में हर व्यक्ति की शिकायत का 24 घंटे में निराकरण हो। जिला प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास बढ़े। कहा कि ट्रैफिक व पुलिस व्यवस्था को सुधारा जाएगा और ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जनमानस की समस्याओं का आत्मीय भाव से निराकरण कराया जाएगा। कहा कि सभी अधिकारी यह ध्यान रखें कि जिला स्तर पर कम से कम शिकायतें आएं।

### रेलवे पुल की डाउन लाइन पर 55 फीसदी कार्य पूरा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगा नदी पर बने रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य में तेजी आई है। बुधवार को कार्य के 21वें दिन मेगा ब्लॉक के दौरान रेलवे अधिकारियों की निगरानी में 60 एचबीम स्लीपर डाले गए। रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से शुरू हुए इस कार्य में जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर हटाकर नए एचबीम स्लीपर लगाए जा रहे हैं। बुधवार सुबह 9 :40 से शाम 5 :40 बजे तक कार्य हुआ। इस दौरान स्लीपर डालने के साथ पुल के मध्य से शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर पड़ी गिट्टियां भी हटाई गईं। रेल कर्मियों की लगातार मेहनत का परिणाम है कि 21 दिनों में करीब 55 प्रतिशत कार्य हो चुका है। अब तक 952 एचबीम स्लीपर लग चुके हैं। जबकि पूरे पुल पर करीब 1710 स्लीपर लगने हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि इसी गति से कार्य हुआ तो निर्धारित समय सीमा में मरम्मत कार्य पूरा हो जाएगा।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकृति के संरक्षण का संकल्प

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा कंपोजिट में पृथ्वी दिवस पर बच्चों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से धरती को हरा भरा रखने, कूड़ा कूड़ेदान में डालने, कमरे से बाहर जाने पर लाइट व पंखा बंद कर ऊर्जा संरक्षण, पेड़ों की कटाई रोकने, जन्मदिवस, वैवाहिक दिवस व अन्य यादगार दिवसों पर पेड़ लगा उन्हें और यादगार बनाने व पानी बर्बाद न करने का संदेश दिया। विद्यालय की शिक्षिका डॉ. रचना सिंह ने बच्चों को बताया कि इस वर्ष की थीम आवर पावर, ऑवर प्लेनेट है। इस दौरान शिक्षिका शोभना मिश्रा, रेखा सिंह परिहार, अगम सिंह भदौरिया, अंकिता अवस्थी, अनीता निषाद ] फहीम खान, रोशन लाल व जावेद अख्तर आदि रहे।



पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में पानी लगाए दो भाइयों के साथ अज्ञात लोगों ने की मारपीट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के ग्राम जमलापुर में 21 अप्रैल की रात खेत में पानी लगाए दो भाइयों को अज्ञात तीन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार रात करीब 11.30 बजे रामकृपाल निवासी ग्राम जमलापुर व उसके भाई रामकरन अपने गन्ने के खेत में पानी लगा रहे थे, तभी तीन अज्ञात व्यक्ति आये और दोनों भाई के साथ अंधरे में मारपीट कर भाग गये। तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### सपाइयों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

**हरदोई।** बिलग्राम इलाके में हुई एक महिला की हत्या के मामले में सपा के एक प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने एक दिन पूर्व हाउस अरेस्ट कर लिया। 12 सदस्यीय सपा का प्रतिनिधि मंडल रसूलपुर गांव में राम रईस कुशवाहा की पुत्री की हत्या के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने जाने वाले थे।

### 6 मई को होगा मतदान उसी दिन परिणाम

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की औपचारिक घोषणा कर दी गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को हुआ है। नामांकन प्रक्रिया 27 को, नामांकन पत्रों की जांच व नाम वापसी की तिथि 29 निर्धारित हुई है। मतदान 6 मई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। उसी दिन मतों की गिनती भी होगी।

# बाइक सवार दो ममेरे भाइयों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

## बहन का तिलक चढ़ाने जा रहे थे तपनौर, सेलापुर रोड पर हुआ हादसा

संवाददाता, हरदोई/माधौगंज

**अमृत विचार।** बहन की शादी की तैयारियों में जुटे ममेरे भाई बाइक से उसका तिलक चढ़ाने जा रहे थे। उसी बीच दोनों गंगा एक्सप्रेस-वे सेलापुर रोड पर बेकाबू रफ्तार की चपेट में आ गए। जिससे एक की वहीं पर मौत हो गई, जबकि कुछ ही देर में दूसरे ने भी दम तोड़ दिया। हादसे की खबर सुनते ही खुशियों वाले आंगन में कोहराम बरपा हो गया।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के गनीपुर निवासी 26 वर्षीय ब्रजमोहन मिश्रा पुत्र सोबरन लाल शादीशुदा था, उसके दो बेटों में एक बेटा मूकबधिर है, वह दो भाइयों में बड़ा था, उसकी चार बहनो. में तीसरी बहन की शादी माधौगंज थाने के तपनौर से तय थी। बुधवार को तिलक चढ़ना था। ब्रजमोहन गांव निवासी अपने 30 वर्षीय ममेरा भाई अजय पाण्डेय पुत्र रामकुमार के साथ तपनौर जा रहा था, उसी बीच बीच सेलापुर रोड पर हादसे का शिकार हो गए, इसका किसी को कुछ पता नहीं चला, उसी बीच देर शाम को कन्नौज से लौट रहे रूदामऊ के प्रधान कृष्ण कुमार सेलापुर के पास से निकले, वहां उन्होने दोनों सड़क पर पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी, आनन-फानन उन्हें सीएचसी माधौगंज पहुंचा, लेकिन ब्रजमोहन की पहले ही मौत हो चुकी, जबकि कुछ ही देर में अजय की भी मौत हो गई।



हादसे के बाद मौके पर पड़ी बाइक।

अजय तईन भाइयों में छोटा था, उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस की शुरुआती जांच में सड़क हादसा माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### जिसको ढूंढ रहे थे घर वाले वह मिला जेल में

हरदोई, अमृत विचार। तीन साल पहले घर से लुधियाना मजदूरी करने के लिए से निकला व्यक्ति गायब हो गया। घर वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करा दी। काफी ढूंढने के बाद परिजन उसके मिलने की आशा खो चुके थे, लेकिन पुलिस ने यक्ष ऐप से गायब व्यक्ति को ढूंढ निकाला। थाना संडीला के गौसा निवासी असलम (28) पुत्र हसमत सितंबर 2023 में मजदूरी करने के लिए लुधियाना जाने की बात कह कर निकले थे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। काफी तलाश करने के बाद 2024 में थाना संडीला पर उनकी गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया गया। मामले की गंभीरता देखते हुए क्षेत्राधिकारी संडीला लगातार विवेचना कर रहे थे। पुलिस को जब सफलता नहीं मिली तब उसने तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया तथा यक्ष ऐप के डेटा बेस तथा अन्य तकनीकी कड़ियों को जोड़ने पर मालूम चला कि असलम कई वर्षों से मुरादाबाद जेल में निरुद्ध है। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसकी न सिर्फ पहचान की बल्कि उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## हादसे में बहनोई की मौत के बाद साले ने भी दम तोड़ा

**हरदोई, अमृत विचार।** दिवाई संस्कार में शामिल होने के बाद बाइक से वापस लौट रहे साले-बहनोई हादसे का शिकार हो गए। कार की टक्कर से बहनोई की वहीं पर मौत हो गई थी, जबकि साले का निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा था। जहां बुधवार की उसकी तबियत बिगड़ी, घर वाले उसे मेडिकल कालेज उठा ले गए। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कछौना कोतवाली के नैरा गांव निवासी 20 वर्षीय रिंकू पुत्र राजेश के चाचा अरविंद निवासी ज़ालिमपुरवा थाना बघौली के घर दिवाई संस्कार में शामिल होने गया था। साथ में उसका चचेरा साला 23 वर्षीय रामबली पुत्र रामस्वरुप निवासी पूर्वी बाज़ार कछौना भी था, दोनों 13 अप्रैल की रात बाइक से वापस लौट रहे थे, रास्तें में लखनऊ-पलिया हाई-वे पर कछौना कोतवाली के चिरकटी के पास वैगन-आर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें रिंकू की वहीं पर मौत हो गई थी, जबकि उसका साला रामबली बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। उसे तुरंत सीएचसी कछौना पहुंचाया गया( मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया, लेकिन घर वालों ने उसे एक निजी हास्पिटल में भर्ती करा दिया, बुधवार को उसकी वहीं तबियत खराब हो गई, रामबली को दोबारा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी रास्तें में ही मौत हो गई।

### औषधीय पौधों के संरक्षण, विकास एवं सतत प्रबंधन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ (SIMA) स्थित राज्य औषधीय पादप परिषद, उ0प्र0 द्वारा राष्ट्रीय औषधीय पादप परिषद के Central Sector Scheme for Conservation, Development and Sustainable Management of Medicinal Plants योजनान्तर्गत अनुसंधान प्रौद्योगिकी विकास और गुणवन्ता आश्वासन, स्कूल हर्बल गार्डेन, संस्थागत हर्बल गार्डेन, औषधीय पौध नर्सरी, वर्कशाप, सेमीनार, ट्रेनिंग, इन्टीग्रेटेड कम्पोनेन्ट आदि हेतु राष्ट्रीय औषधीय पादप परिषद (NMPB) द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार योग्यता रखने वाले प्रदेश के इच्छुक सरकारी संस्थानों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, सरकारी कॉलेजों, महाविद्यालयों, गैर- सरकारी संस्थाओं, सहकारी संस्थाओं तथा समितियों आदि से परियोजना प्रस्ताव आमन्त्रित किए जाते है। यह प्रस्ताव राष्ट्रीय औषधीय पादप परिषद (NMPB) की वेबसाइट www.nmpb.gov.in के आयुष एन0जी0ओ0 पोर्टल पर ऑनलाइन प्रेषित करते हुये उसकी दो प्रतियाँ दिनांक-27.04.2026 तक राज्य औषधीय पादप परिषद, राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ को हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराये जाने होंगे।

(राजेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान,
रहमानखेड़ा, लखनऊ।

UP-250278 दिनांक 21.04.2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

### कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, दी आर्थिक सहायता

**हरदोई, अमृत विचार।** दिनदहाड़े की गई युवती की हत्या प्रकरण में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने मृतका के घर पर जाकर परिवारीजनों को ढांढस बधाने के साथ ही आर्थिक सहायता प्रदान की। कांग्रेसियों ने घटना की न्यायिक जांच कराने का आश्वासन दिया।

बताते चले कि मल्लावां थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में युवती शिल्पी कुशवाहा की दिनदहाड़े उसके प्रेमी के द्वारा हत्या कर दी गई थी। हत्या से पूर्व मृतक के परिजनों ने पुलिस को कई बार सूचना दी। हत्या की आशंका भी जताई थी। इसके बावजूद पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, जिस कारण युवती की हत्या हो गई। मृतक के घर बुधवार को कांग्रेसियों का एक प्रतिनिधि मंडल सुभाष पाल के नेतृत्व में गया। इस दौरान नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन नोटिस सं०-LJN- PRKG-14-26**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है :-

| क्र०सं० | लॉट सं० | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | PARKING-LJN-BLP-MX-122-26-1 (Parking - Mixed) | बलरामपुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 02 | PARKING-LJN-MBP-MX-157-26-1 (Parking - Mixed) | मोहिबुल्लापुर स्टेशन के लेवल क्रासिंग सं० 09 के पास संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 03 | PARKING-LJN-GKP-MX-143-25-2 (Parking-Mixed) | गोरखपुर स्थित रेल म्युजियम-कम-हैरिटेज प्लाजा में संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 04 | PARKING-LJN-GKP-MX-149-25-1 (Parking-Mixed) | गोरखपुर के ललित नारायण मिश्र रेलवे हॉस्पिटल स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 05 | PARKING-LJN-CLJ-MX-139-25-1 (Parking-Mixed) | कर्नैलगंज स्टेशन के मेन प्रवेश द्वार सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |
| 06 | PARKING-LJN-BNZ-MX-129-25-1 (Parking-Mixed) | बादशाहनगर स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार साईड स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु |

● निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। ● सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दिनांक- **04-05-2026, 12.00** बजे प्रारंभ होकर **04-05-2026, 13.20** बजे बंद होगी। ● इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। ● अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे- डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। ● विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट **www.ireps.gov.in (E-Auction module)** पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वा०-17 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### कार्यालय-जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर

पत्रांक: 114/स0क0/मु0अभ्यु0योजना/कोचिंग/2026-27 दिनांक: 21 अप्रैल 2026

**प्रेस-विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-112/2022/2441/26-3-2022-1514/2016 दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 एवं निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 द्वारा निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया पत्रांक संख्या-सी0-1079/स0क0/विकास/अभ्युदय/कैलेण्डर-कोर्स प्लान/2025-26 दिनांक 10 जुलाई, 2025 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, सीतापुर के अंतर्गत सत्र 2026-27 हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सेवा परीक्षा पी0सी0एस0, जे0ई0ई0, नीट एवं एन0डी0ए0/सी0डी0एस0 इत्यादि की तैयारी एवं मार्गदर्शन हेतु जनपद सीतापुर के केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज बालक सीतापुर, कृषक इण्टर कालेज महोली, सीतापुर तथा अन्य प्रस्तावित क्षेत्रीय केन्द्रों पर संचालित होने वाली निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु अधिक जानकारी एवं ऑफलाइन/ऑनलाइन पंजीकरण हेतु जनपद सीतापुर के इच्छुक छात्र एवं छात्राएं दिनांक 24.04.2026 से 23.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सीतापुर के कोचिंग केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज बालक सीतापुर में अपने समस्त शैक्षिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन प्राप्त कर पूर्ण रूप से विधिवत भरकर जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी www.abhyuday.up.gov.in (या पोर्टल: www-abhyuday-one) के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा/काउंसलिंग के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा/काउंसलिंग का आयोजन माह जून 2026 के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। यू0पी0एस0सी0/यू0पी0पी0सी0एस0/सी0डी0एस0/जे0ई0ई0/नीट एवं एन0डी0ए0 के प्रशिक्षण हेतु चयन आयोग/परीक्षा एजेन्सियों द्वारा मांगी गयी शैक्षिक योग्यता के अनुसार सभी वर्गों के सभी आय वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र होंगे।

(मोती लाल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी,
सीतापुर

### गर्मी में सूख गए तालाब व पोखर, बेजुबानों पर गहराया जल संकट, डीएम से की गुहार



**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** भीषण गर्मी व लू ने न केवल जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है बल्कि निराश्रित जीव-जंतुओं के लिए भी संकट खड़ा कर दिया है। तहसील क्षेत्र के अधिकांश तालाब व पोखर सूखने से पशु-पक्षी पानी की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए समाजसेवी चंद्रकांती यादव ने डीएम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में मांग की है कि तहसील क्षेत्र के सूखे पड़े तालाबों व पोखरों में तत्काल शुद्ध जल भरवाया जाए। नगर के प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों व गौशालाओं के समीप पक्के हौज बनवाए जाएं। निर्मित कराए गए हौज में नियमित स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों ने ग्रहण किया यज्ञोपवीत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर व क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर विधिविधान से सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित हुए। इनमें बटुकों को जनेऊ धारण कराकर वैदिक परंपराओं से जोड़ा गया। स्टेशन रोड स्थित प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित श्री कृष्णा भूषण वेद वेदांग विद्यालय में कार्यवाहक प्रधानाचार्या अंजुलता द्विवेदी के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्य पंडित प्रवीण दीक्षित ने मंत्रोच्चार के साथ बटुक अनुराग दीक्षित, मयंक द्विवेदी और अमन दीक्षित का उपनयन संस्कार संपन्न कराया।

# ब्लैकमेलिंग से तंग आकर प्रेमी ने की थी महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार Follow UP

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत बाग में मिली महिला की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। पहले शराब पिलाई फिर बाग में ले जाकर डंडे से ताबड़तोड़ वार किये। इससे उसकी जान चली गई। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ। पुलिस ने प्रेमी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया। कार्रवाई के बाद पुलिस उसे जेल भेज रही है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय मुबारक अली मोहल्ला निवासी फूलदुलारी (50) पत्नी कमलेश लोधी 19 अप्रैल की शाम घर से बिना बताए निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। मंगलवार सुबह उसका शव निहालपुर मार्ग किनारे अविनाश गौड़ की बाग में मिला था। बेटे दिनेश ने मां को शराब का लती बताया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो जिस ठेके से महिला ने शराब खरीदी थी। वहां के सीसीटीवी फुटेज में उसके साथ बाइक में एक युवक दिखा। युवक की पहचान निहालपुर निवासी उमेश गौड़ के रूप में हुई। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि वह कस्बे की एक कपड़े की दुकान पर काम करता है। एक साल पहले उसकी मुलाकात फूलदुलारी से हुई थी। बाद में दोनों अक्सर मिलते व साथ में शराब भी पीते थे। इसमें उनके बीच नजदीकियां बढ़ गईं। इसका फायदा उठाकर महिला रुपये व शराब उससे मांगने लगी। न देने पर सभी को अवैध संबंधों की जानकारी देने का दबाव बनाती थी। इसलिए उसकी हत्या कर दी। उसने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल को वह एक मांगलिक कार्यक्रम में गया था। तभी वहां पहुंची फूलदुलारी ने शराब की मांग की। पीछा छुड़ाने के लिए शराब देकर वापस भेज दिया। कुछ देर बाद लौटने पर वह 1000 रुपये देने का दबाव बनाने लगी। आएदिन की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर उसकी हत्या की योजना बना उसे शराब पिलाने के बहाने निहालपुर गांव के बाहर ले गया। शराब पिलाकर पहले उसे पीटा फिर आम के पेड़ में सिर टकराकर उसे गंभीर घायल कर दिया। बाद में सिर पर डंडे से वारकर हत्या कर दी और भाग निकला। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण बताया कि पूछताछ के बाद हत्यारोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## 100 शैय्या अस्पताल में शुरू हुई मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार।** कस्बा बीघापुर स्थित 100 शैय्या अस्पताल में भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने अपने निधि से लगवाई गई मोतियाबिंद ऑपरेशन मशीन का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन की मशीन लगने से लोगों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने नेत्र सर्जन डॉ. इनाबुद्धि रजा द्वारा दी जा रही बेहतरीन सेवा के लिए उनका उत्साह वर्धन किया। वहीं सीएमएस पीके दोहरे ने साइकिल खड़ी करने के लिए छाया के लिए टीन शेड की मांग पर विधायक ने कहा कि शीघ्र ही इसकी व्यवस्था कराई जाएगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. पंकज पांडे, फार्मासिस्ट आलोक कुमार, चीफ फार्मासिस्ट मनोज सिंह, संजय शुक्ला, सूरज सिंह, राम जी पांडेय, सुधीर श्रीवास्तव आदि रहे।


मोतियाबिंद के ऑपरेशन की मशीन का लोकार्पण करते विधायक।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहाना बानो पत्नी मोहतसीम निवासी ग्राम कांटा गुलजारपुर परगना व तह0 बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे दिनाँक 08-04-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा, आधार कार्ड की छायप्रति व शपथ पत्र प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थिनी ने मोहल्ला सरोजनीनगर बाँगरमऊ का एक किता भवन विक्रेता श्रीमती दरख्शा पुत्री अयूब पत्नी अबरार अली निवासी ग्राम आंत चांदू दीवारी तह0 संडीला जिला हरदोई से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 12-01-2026 को क्रय कर लिया है। जिसकी माप पूरब से पश्चिम 30 फिट व उत्तर से दक्षिण 20 कुल माप 600 वर्ग फीट। उक्त भवन की चौहदी पूरब- प्लाट रोजना, पश्चिम- रास्ता 10 फिट, उत्तर- मकान गुड़िया, दक्षिण- प्लाट रियाज। प्रार्थिनी ने अपने भवन को पालिका पंजिका में कर की अदायगी के लिए अपने नाम दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति हो, तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बाँगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

#### सूचना

मेरी पुत्री का नाम पोस्ट ऑफिस भाग्यनगर औरैया में खाता संख्या 3496643201 में सुनैना नाम से है। और आधार कार्ड हर्षिता नाम से है। तथा माता का नाम स्मृति है। सुनैना एवं हर्षिता एक ही लड़की का नाम है। **हरीओम पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी ग्राम कोठीपुर पोस्ट फफूँद जिला औरैया। मो.नं.** 8006956615

#### सूचना

सूचित हो कि मेरी भारतीय जीवन बीमा लि0 पालिसी सं0- 216022222 में मेरा नाम गुन गुन दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम कोमल वर्मा है जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि दस्तावेजों में भी दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं एवं मुझे दोनों ही नाम से जाना व पहचाना जाता है। **कोमल वर्मा पुत्री मनोज कुमार नि0 ग्राम रितुकाला पोस्ट मकरन्द नगर परगना व तहसील व जिला कन्नौज।**

#### सूचना

मैं सरताज अहमद खाँ पुत्र स्व0 सरदार अहमद खाँ निवासी मोहल्ला बसारत तरफदार कस्बा व परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ अपने पुत्र मोहम्मद शारिक के व्यवहार व कार्यो से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा व मेरे परिवार का मोहम्मद शारिक से कोई वास्ता व सरोकार नही रह गया है व उनके द्वारा किये गये समस्त कृत्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

#### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र पर त्रुटिवश नाम दृष्टि पांडेय पिता का नाम सौरभ पांडेय व पता-201 सेक्टर-बी वृंदावन, लखनऊ दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम भव्या पांडेय (BHAVYA PANDEY) पिता का नाम रघुवंश कुमार तिवारी, पता हाउस नं.2 पी नम्बर-108 सेक्टर-जे-3 मड़ियांव, जानकीपुरम, लखनऊ है। अतः भविष्य में उसे वास्तविक नाम पिता का नाम और पते के नाम से जाना पहचाना जाए। **गुंजन पांडेय पत्नी रघुवंश कुमार तिवारी निवासनी- हाउस नं.2 पी नम्बर-108 सेक्टर-जे-3 मड़ियांव, जानकीपुरम, लखनऊ।**

#### सूचना

मेरे भाई जमीरुल हसन पुत्र वरियावन करीब 20 वर्षो से घर से अचानक कहीं लापता हो गए हैं। उनकी हर संभावित जगह तलाश की गई लेकिन उनका पता नहीं चल सका है। उनके लापता होने की सूचना स्थानीय थाने तथा सक्षम पुलिस अधिकारियों को भी दे दी गई है। **मुजीबुल्लाह पुत्र वरियावन ग्राम पोस्ट रामनगर थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर।**

#### सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम विमलेश कुमार निषाद पुत्र सुंदर लाल सभी अभिलेख में अंकित है। जबकि बीमा में पॉलिसी संख्या 215821726 में नाम निर्मल कुमार दर्ज है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। **विमलेश कुमार निषाद उर्फ निर्मल कुमार पुत्र सुंदर लाल निवासी वार्ड नंबर 11 नगर पंचायत मिहिपुरवा, बहराइच, यूपी।**

#### सूचना

मेरे बेटे का जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश गोल्डबर्ग पाण्डेय माता का नाम रेखा पाण्डेय व पिता का नाम उपेंद्र पाण्डेय अंकित है। जबकि उसका वास्तविक नाम उज्ज्वल पाण्डेय (UJJWAL PANDEY) माता का नाम रेखा (REKHA) पिता का नाम उपेंद्र कुमार (UPENDRA KUMAR) है। उसके समस्त दस्तावेजों में उज्ज्वल पाण्डेय (UJJWALPANDEY) अंकित किया जाय। **रेखा पत्नी उपेन्द्र कुमार निवासी ग्राम माधवपुर, पोस्ट कुछमुछ जनपद सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश।**

#### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम विशन लाल था जिसे बदलकर मैंने विशन लाल मंगलानी कर लिया है भविष्य में मुझे विशन लाल मंगलानी नाम से जाना पहचाना जाये। **विशन लाल मंगलानी पुत्र खट्टू मल पता 35, 36 F समर विहार कॉलोनी, नेशनल पब्लिक स्कूल के पास आलमबाग, लखनऊ, यू0पी0**

#### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं MOHAMMAD SALIM से अपना नाम बदल कर BAGWAN MOHAMMAD SALEEM रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए। **पुत्र IDREES निवासी ग्राम मलदा पोस्ट रमवापुरराउत जिला सिद्धार्थ नगर** का रहने वाला हूं।

#### सूचना

सूचित हो कि मेरी 10वीं यू.पी. बोर्ड की मार्कशीट रोल नं0-2325161 सन् 2015 कहीं पर खो गई है। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग अवैध होगा। **अजय जायसवाल पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम-अजबनगर पोस्ट- बानेपुर थाना-वजीरगंज जनपद -गोण्डा।**

### कार्यालय-जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर

पत्रांक 116 / स0क0 /मु0अभ्यु0 योजना / कोचिंग /2026-27 दिनांक 21 अप्रैल, 2026

**प्रेस-विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या-112/2022/2441/26-3-2022-1514/2016 दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 एवं निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या सी0-1079 / स0क0 / विकास / अभ्युदय /कैलेण्डर-कोर्स प्लान /2025-26 दिनांक 10 जुलाई, 2025 उल्लिखित व्यवस्थानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद सीतापुर में प्रतियोगियो हेतु निःशुल्क संचालित कोचिंग कक्षाओं के सत्र 2026-27 में कक्षाओं का आरम्भ दिनांक 01 जुलाई, 2026 से किया जाना है, कक्षाओं में अध्यापन एवं मार्ग दर्शन कार्य हेतु वार्ताकारों, प्रवक्ताओं / व्याख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है जिसका विषयवार विवरण निम्नवत है-

**1-यू0पी0एस0सी0 / यू0पी0पी0एस0सी0-**प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, विश्व इतिहास, आर्ट एण्ड कल्चर, भूगोल, भारतीय राजव्यवस्था, भारतीय अर्थव्यवस्था, इन्टरनल सिक्योरिटी, वैश्विक सम्बन्ध, एथिक्स, भारतीय समाज, करेन्ट अफेयर्स, इन्वायरमेंट एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट, जनरल साइंस एण्ड टेक्नालॉजी, यूपी स्पेशल, सेन्सस एण्ड जी0के0, सीसेट कॉमप्रिहेन्शन, इण्टरपर्सनल स्कील्स एण्ड कम्यूनिकेशन, लॉजिकल रीजनिंग एण्ड एनालिटिकल एबिलिटी, डिसिशन मेकिंग (निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान), सामान्य बौद्धिक क्षमता, तार्किक कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमता, संचार कौशल सहित अंतर-वैयक्तिक कौशल, बोधगम्यता, एलिमेन्टरी मैथ्स, जनरल इंग्लिश, जनर्ल हिन्दी, पत्र लेखन **2-जे0ई0ई0-**मैथ्स, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, **3-नीट-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, **4-एन0डी0ए0/सी0डी0एस-**मैथ्स, इंग्लिश, जी0के0, जनरल साइंस।

निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या सी0-1079 / स0क0 / विकास /अभ्युदय / कैलेण्डर-कोर्स प्लान /2025-26 दिनांक 10 जुलाई, 2025 के अंतर्गत निर्गत मानक संचालन प्रकिया में वर्णित व्यवस्थानुसार सिविल सेवा तथा पी0सी0एस0 के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज के शिक्षक तथा आई0ए0एस0 (मुख्य) परीक्षा अथवा पी0सी0एस0 साक्षात्कार अथवा दो बार पी0एस0सी0 मुख्य परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से प्रशिक्षण केन्द्रों में सूचीबद्ध किए जायेगे। नीट पाठ्यक्रम हेतु संबंधित विषय में एम0एस0सी0 प्रथम श्रेणी अथवा एम0बी0बी0एस0 तथा जे0ई0ई0 के लिए संबंधित विषय में एम0एस0सी0 प्रथम श्रेणी अथवा एम0टेक की डिग्री धारण करने वाले अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याताओं के रूप में चयनित किये जायेंगे।

उक्त योजना के अन्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं यथा सिविल सेवा परीक्षा, पी0सी0एस0, जे0ई0ई0. नीट एवं एन0डी0ए0/सी0डी0एस0 हेतु कोचिंग केन्द्रो पर अध्यापन एवं मार्ग दर्शन कार्य हेतु इच्छुक एवं सहमत वार्ताकार, प्रवक्ता, व्याख्याता एवं विषय विशेषज्ञ सभी सुसंगत शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 24.04.2026 से 23.05.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सीतापुर केन्द्र, राजकीय इण्टर कॉलेज बालक सीतापुर से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से विधिवत भरकर जमा कर सकते है।

(मोती लाल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
सीतापुर।

### कार्यालय नगर पंचायत शिवगढ़-रायबरेली

पत्रांक :1810/ न0पं0शिव0/ई-टे0/का0गौ0भ0पो0/2025-26 दिनांक - 22/04/2026

**ई-दर आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत शिवगढ़ जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत /अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42 आई टी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12-05-2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स / वेन्डर्स को सूचित किया जाता है कि कान्हां गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना (भरण-पोषण) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष-2025-26 के लिए गोवंशों के चारा भूसा आदि के कियान्वयन हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित हः-

टेण्डर शेड्यूल ((https://e-tender.up.nic.in पर)

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 24-04-2026 10:00 AM | |
| 2 | Tender Download | 24-04-2026 10:00 AM | 14-05-2026 5:00 PM |
| 3 | Bid Submission | 24-04-2026 10:00 AM | 14-05-2026 5:00 PM |
| 4 | Bid Opening | 15-05-2026 02:00 PM | |
| | **Bid Opening Place** | Office Nagar Panchayat Shivgarh-Raebareli | |

निविदा के साथ निविदा शुल्क खाता सं0 42460334538/IFSC CODE SBIN0018415 भारतीय स्टेट बैंक शाखा शिवगढ़, रायबरेली में जमा किया जायेगा एवं धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत शिवगढ़ के नाम बंधक करना होगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बंधी विस्तृत नियम, शर्ते व विवरण उपलब्ध है। ई-निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत शिवगढ़
रायबरेली।

(सुमन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत शिवगढ़
रायबरेली।

न्यूज ब्रीफ

### मारपीट के दो मामलों में तहरीर पर केस दर्ज

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम हरपुरा निवासी अखिलेश ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी रंजिश गांव के ही अरुण से चल रही है। 19 अप्रैल को सुबह अरुण, करन, वंशी और शिवलाल ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच कराई जा रही है। वहीं मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला गंगारामपुर निवासी सचिन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के रंजिश के चलते 19 तारीख को रास्ते में प्रदीप, उसका भाई विवेक पिता राजेश और मनीष मिले और गाली गलौच करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### पत्नी को पीटकर घर से निकला, दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के नबीपुर गांव की रहने वाली एक विवाहिता को पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर पति की शिकायत की है। नबीपुर निवासी गुलनाज बानो पुत्री सलमतुल्ला के अनुसार उसकी गांव में ही सहबूब पुत्र रियासत के साथ शादी हुई थी। उसका पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। 19 अप्रैल को मामूली कहा सुनी के बाद पति ने उसकी पिटाई की और 11:30 बजे घर से निकाल दिया। गुलनाज बानो की मां ने विरोध किया तो उन्हें भी मारा पीटा। कोतवाली में तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बुधवार को शाम बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड का आरोप

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़खानी और फुसलाकर ले जाने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता के भाई ने थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार मंगलवार दोपहर 17 वर्षीय बहन घर पर थी। इसी दौरान शाहजहांपुर जिले के थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी श्रीराम पुत्र बाबूराम उसके घर पहुंचा। आरोपी श्रीराम ने उसकी बहन को फुसलाने की कोशिश की और उसके साथ गंदी हरकते करने लगा। इसी बीच पीड़िता के भाई के पहुंच जाने पर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने जांच की बात कही है।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

- 29 को 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- जनसभा के लिए नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर, बस कर्मियों की लगाई गई ड्यूटी

**संवाददाता, हरदोई/मल्लावां**



जनसभा को संबोधित करने के लिए बनाया जा रहा मंच। अमृत विचार



मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी में लगे अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री का आगमन 29 अप्रैल को मल्लावां में कार्यक्रम संभावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को तेजी और व्यवस्थाओं को जुटाया जा रहा है। लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री लोगों को संबोधित भी करेंगे। गंगा एक्सप्रेस-वे को आमजन के लिए खुल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे 594 किलोमीटर वाले गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण करेंगे।

लोकार्पण समारोह के जनपद हरदोई के साथ ही उन्नाव, कन्नौज और शाहजहांपुर के लोग भी साक्षी बनेंगे। इन जनपदों से लोगों को सभास्थल तक ले जाने और लाने के लिए प्रशासन की तरफ से 2,600 बसों की व्यवस्था जुटाई गई है। इसमें हरदोई जनपद में 1,250 बसों से लोगों को ले जाया और लाया जाएगा। उन्नाव और कन्नौज जनपद के लिए 500-500 बसें और शाहजहांपुर जनपद के लिए 250 बसें आवंटित की गई हैं। 100 बसों को रिजर्व में रखा जाएगा। वहीं पार्टी पदाधिकारी-जनप्रतिनिधि भी अपने स्तर से लोगों को ले जाएंगे। बसों की पार्किंग के लिए चार स्थान निर्धारित किए गए हैं, बसों पर लगाए जाने वाले बैनरों के रंग भी तय हैं ताकि लोगों को वापसी में दिक्कतें न हो। बसों को तय समय पर सुरक्षित पहुंचाने और लोगों को वापस लाने के लिए नोडल अधिकारी, सुपरवाइजर और बसों में कर्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### तैयारियों का जायजा लेने आज आएंगे योगी

**हरदोई।** गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल व अन्य तैयारियों को देखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार शाम 4:05 बजे मल्लावां स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर जनसभा का स्थल का निरीक्षण करेंगे और तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री हरदोई-उन्नाव, शाहजहांपुर व कन्नौज के जनप्रतिनिधियों व संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। पांच बज कर 15 मिनट पर वह लखनऊ के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर बुधवार को पूरे दिन तैयारियां चलती रहीं। पूरे दिन अधिकारियों की आवाजाही मौके पर होती रही। मुख्यमंत्री फ्लीट आदि का भी रिहर्सल किया गया।



रातों-रात बनाई गई सुनारसी नाथ मंदिर जाने वाली सड़क। अमृत विचार



कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुनय झा।

### देर शाम डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री के जिले में प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर बुधवार देर शाम जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के गुरुवार को जनपद भ्रमण कार्यक्रम व प्रधानमंत्री जी के 29 अप्रैल को प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से तहसील बिलग्राम के मल्लावां के राघौपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने जनसभा स्थल, हेलीपैड, वृक्षारोपण स्थल को देखा तथा सम्बन्धित को समस्त व्यवस्थायें समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कहा कि दायित्वों के निर्वहन में किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की समुचित व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं जनसुविधाओं का गहनता से अवलोकन कर सम्बन्धित को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहें।

# पृथ्वी का बढ़ता तापमान सभी के लिए घातक

## पृथ्वी दिवस पर जगह-जगह हुए विविध आयोजन, पौधरोपण, जल संरक्षण को किया जागरूक

**संवाददाता, हरदोई,**



चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



अपने बनाए गए पोस्टर के साथ छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर भारत विकास परिषद व डाल सिंह मेमोरियल स्कूल की ओर से बुधवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जल, जीवन, हरियाली, जल संरक्षण और पेड़ लगाओ-धरती बचाओ जैसे विषयों पर आधारित आकर्षक पेंटिंग बनाईं। परिषद द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वाले बच्चों की सराहना की गई। प्रतियोगिता में आर आर इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य कश्यप ने प्रथम, जेके पब्लिक स्कूल की छात्रा आयुषी शुक्ला ने द्वितीय तथा सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा सुनिधि मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अनिल श्रीवास्तव, सुशील सिंह एवं रामम दीक्षित द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन श्रवण मिश्रा 'राही' ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सीपी कटियार ने पृथ्वी के बढ़ते तापमान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा सभी प्राणियों और वनस्पतियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। परिषद के अध्यक्ष राजीव मोहन अवस्थी द्वारा मुख्य अतिथि डॉ सी. पी. कटियार को पौधा भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में गौरव सिंह भदौरिया प्रांतीय गतिविधि संयोजक सेवा, संरक्षक अतुल अग्रवाल, आरसी पाठक, अनूप पुरी, अविनाश मिश्रा, श्रवण मिश्रा राही, कैप्टन राम किशोर शुक्ला, अशोक सिंह आज़ाद गतिविधि संयोजक सेवा, श्यामजी गुप्ता, विश्वजीत सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, उदय अग्रवाल नृपेंद्र सिंह उपस्थिति रहे। श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता और निबंध लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को समझा और अपने विचारों को रंगों और शब्दों में व्यक्त किया।

पृथ्वी दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह ने बताया कि पृथ्वी हमारा घर है और हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। हमें पृथ्वी के संसाधनों का सही उपयोग करना चाहिए और इसे प्रदूषण से बचाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या भूमिका सिंह ने बताया कि पृथ्वी दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी शिक्षिकाएं- कविता गुप्ता, कोमल यादव, विनीता त्रिवेदी, मीनाक्षी सिंह, सोनम शुक्ला, ऐश्वर्या सिंह, अभिनव सिंह, संजय कुमार, आयुष यादव आदि मौजूद रहे।

### मामा की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म में दोषी को आजीवन कारावास

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रिश्तों को शर्मसार करते हुए बालिका से दुष्कर्म करने के आरोप में अपराध सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने रामू को आजीवन कारावास की सजा दी जो उसके शेष प्राकृत जीवन तक चलेगी। वादी मुकदमा के अनुसार उसका भांजा रामू पुत्र नरेश कुशवाहा निवासी ग्राम मऊ थाना अल्हागंज जिला शाहजहांपुर कभी-कभी उसके घर आ जाता था। घटना वाले दिन 15 जुलाई 2023 को रात 8 बजे रामू उसके घर आया तो वह शराब के नशे में था। रात को खाना खाने के बाद आंगन में तथा छप्पर के नीचे चारपाई डाल कर वादी अपने बेटे के साथ और रामू अलग चारपाई पर लेट गया। वादी की नाबालिग पुत्री भी अलग लेटी थी। उसकी पत्नी और अन्य सदस्य भी सो गए थे। उसी रात 2:30 बजे वादी जगा तो उसने रामू को अपनी पुत्री से दुष्कर्म करते पाया। वादी ने आरोपित से पुत्री को छुड़ाकर 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया और रिपोर्ट दर्ज कराई। मुकदमा सत्र सुपुर्द होने पर पीड़िता की आयु 9 वर्ष से कम पाई गई और उसने अपने बयान में आरोपित को बुआ का लड़का बताते हुए दुष्कर्म की भी पुष्टि की। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एवं बचाव पक्ष की ओर से लीगल डिफेंस कौंसिल के तर्कों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपित रामू को 20 हजार रुपए अर्थदंड के साथ उसके शेष प्राकृत जीवन तक आजीवन कारावास की सजा दी। न्यायाधीश ने अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने के आदेश के साथ साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को यह निर्देश भी दिया कि पीड़िता को शासन की समुचित योजना से 50 हजार रुपए भी दिलाया जाए।

# अवैध असलहों के साथ युवकों के फोटो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता, भरखनी, हरदोई**






बंदूक के साथ नन्हें कश्यप की वायरल फोटो। बंदूक के साथ दीपू पाल।

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में इन दिनों सोशल मीडिया पर अवैध असलहों के साथ फोटो वायरल करने का जैसे चलन बन पड़ा है। बुधवार को दो युवकों ने अवैध असलहों के साथ अपने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किए। जिसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पचदेवरा थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव निवासी नन्हें कश्यप की हाथ में बंदूक लेकर एक फोटो बुधवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जानकारी होने पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह फोटो पुरानी बताई जा रही है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। थानाध्यक्ष द्वारा वायरल फोटो की सत्यता, समय और परिस्थितियों की जांच की जा रही है।

यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त युवक नन्हें कश्यप का नाम इससे पहले भी एक आपराधिक मामले में सामने आ चुका है। बीती 10 फरवरी को उसे क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

इसके अलावा थाना क्षेत्र के बिसौली मडैया गांव के दीपू पाल की बंदूक के साथ फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई। फोटो में युवक खुलेआम असलहा लिए नजर आ रहा है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष शिव नारायण सिंह ने बताया कि वायरल फोटो उनके संज्ञान में आई है, फोटो की सत्यता और संबंधित युवक के बारे में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक मित्र से लूट की सूचना निकली झूठी

**हरदोई, अमृत विचार।** यूपी-112 पर बाइक सवार बैंक मित्र से लूट की सूचना मिलते ही पुलिस कार्रवाई में जुट गई। लेकिन जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि लूट की बात गलत थी। दरअसल बाइक से घर जा रहे बैंक मित्र को रास्ते में रोककर तीन युवक पिटाई करने लगे। उसे लगा कि हमलावर लूट कर सकते है, इसी लिए उसने पुलिस से झूठ बोला। सीओ हरपालपुर सत्येंद्र सिंह का कहना है कि लूट का आरोप जांच में झूठा पाया गया है। बताया गया है कि बेहटा गोकुल थाने के शिरोमणि नगर निवासी बैंक मित्र चन्द्रभूषण त्रिवेदी मंगलवार की रात मानपुर के पेट्रोल पम्प से वापस लौट रहा था, उसी बीच बेहटा गोकुल थाने के मानपुर से दलेलनगर के रास्तें में पानी की टंकी के पास पैदल जा रहे तीन युवक उसकी बाइक से टकरा गए, बात बढ़ने पर उन तीनों युवक उसकी पिटाई करने लगे। चन्द्रभूषण के पास तीन लाख रुपये भी थे, उसे लगा कि हमलावर लूट कर सकते है इसलिए उसने पुलिस को लूट की सूचना दे दी।

# भीषण गर्मी व धूप से लोग बेहाल

**संवाददाता, हरदोई**




मेडिकल कालेज में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** धूप व गर्मी के चलते दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इससे तेज धूप व गर्मी से लोग बीमार भी हो रहे हैं। तीन दिनों तक तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम वेधशाला के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्शियस कर रहा। तेज गर्मी व लू से मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है।

गर्मी व धूप का कहर दिनोंदिन बढ़ता चला जा रहा है। दोपहर में मुख्य बाजारों में सन्नाटा छा जाता है। तेज धूप के चलते लोग विभिन्न बीमारियों से झेलना पड़ रहा है। अस्पतालों व क्लिनिकों पर भारी भीड़ देखी जा सकती है। फिलहाल लगातार बढ़ रही गर्मी का क्रम थमने का नाम नहीं ले रहा है।

वहीं दूसरी ओर जिले के नगर के मोहल्लों में गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि पिछले कुछ हफ्तों से मच्छरों के काटने से लोग परेशान हैं, दिन में भी मच्छर लगते हैं जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**कुछ ऐसा रहा तापमान**

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 22 अप्रैल | 42.0 | 23.5 |
| 21 अप्रैल | 42.5 | 22.5 |
| 20 अप्रैल | 42.5 | 23.0 |
| 19 अप्रैल | 42.5 | 23.5 |

(डिग्री सेल्शियस में)




धूप से बचाव करता युवक।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** घर से निकला युवक लापता हो गया। दो दिनों तक घर वालों ने ध्यान नहीं दिया। तीसरे दिन से तलाश शुरु हुई। तब शव की शिनाख्त होने के बाद चौथे दिन उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। कोतवाली देहात के महोलिया शिवपार निवासी सीताराम बाजपेई (45) पुत्र राजबहादुर पेशे से ड्राइवर था। परिवार में पत्नी संगीता, बेटा अनिकेत व बेटी अंकिता है। सीताराम रविवार से लापता हो गया था। बेटा अनिकेत कार शो-रूम में नौकरी करता है। घर में पत्नी और बेटी थी, दोनों ने ध्यान नहीं दिया, उसके बाद उसकी तलाश शुरु की गई। इसी बीच अनिकेत को पता चला कि पुलिस ने कोर्रिया रेलवे ट्रैक से उसके पिता के हुलिए से मिलता-जुलता शव बरामद किया। अनिकेत कोतवाली और वहां से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा, वहां गले में पड़े जनेऊ और एक हाथ में नाम गुदा होने से शव की शिनाख्त हुई।



प्रेस वार्ता

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम न पास हो पाने को लेकर मंत्री असीम अरुण ने की आलोचना, कहा**

# विपक्ष ने महिला विरोधी मानसिकता का दिया परिचय

**संवाददाता, हरदोई**



प्रेसवार्ता में बोलते स्वतंत्र प्रभार मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

- कहा- नारी शक्ति अब अपमान और राजनीति का जवाब लोकतंत्र की शक्ति से देगी

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार ने राजनीति में कांग्रेस शासनकाल की अटकाने और भटकाने' के अध्याय को समाप्त कर 'सेवा और समर्पण' से देशवासियों की आकांक्षाओं को पूर्ण किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक ऐसा मील का पत्थर है, जो आने वाली कई पीढ़ियों तक भारतीय लोकतंत्र को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

यह बात बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के स्वतंत्र प्रभार मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की मौजूदगी में कही है। मंत्री असीम अरुण ने आह्वान किया कि देश की नारी शक्ति अब अपमान और राजनीति का जवाब लोकतंत्र की शक्ति से देगी। कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधनों पर विपक्ष (कांग्रेस और इंडी गठबंधन) ने विरोध में मतदान कर एक बार फिर महिला विरोधी मानसिकता का परिचय दिया। आवश्यक दो-तिहाई बहुमत के अभाव में संशोधन विधेयक का गिरना इस बात का प्रमाण है कि विपक्षी दलों के लिए 'दल-हित' हमेशा 'देश-हित' और 'नारी-शक्ति' से ऊपर रहा है। कहा कि कांग्रेस की 'कथनी और करनी' में हमेशा अंतर रहा है, जबकि मोदी सरकार ने हर चुनौती को पार कर नारी शक्ति के आत्मसम्मान की रक्षा की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अलका गुप्ता, प्रीतेश दीक्षित, संदीप सिंह, ओम वर्मा, सत्यम शुक्ला, सीमा बिस्वास, अतुल सिंह, ऋतुराज त्रिपाठी, अभय दीक्षित मौजूद रहे।

### मंत्री ने तटबंध निर्माण का कराया शुभारंभ

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी द्वारा विधानसभा शाहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत गर्रा नदी के किनारे स्थित बाढ़ से प्रभावित संवेदनशील ग्राम पुरवा पिपरिया व ग्राम परियल में कटाव को रोकने के लिए बुधवार को तट बन्ध निर्माण कार्य का विधि विधान से पूजन अर्चन कर शुभारम्भ किया। इस परियोजना को कार्यदायी संस्था सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लागत 289.38 लाख रुपये में संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम मे सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा, जि.प.सदस्य लालाराम राजपूत, अनिल पान्डेय, सुभाष सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# विपक्षी दलों का जलाया पुतला

**संवाददाता, हरदोई**



कांग्रेस और इंडी गठबंधन का पुतला दहन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संशोधन बिल को रोकने के प्रयासों के विरोध में बुधवार को महिलाओं ने कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन के खिलाफ पुतला दहन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं ने कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति और विपक्षी दलों की पितृसत्तात्मक मानसिकता पर कड़ा प्रहार किया। विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि जहां भाजपा की सरकार महिलाओं को नीति-निर्धारण में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें राष्ट्र-निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही है, वहीं कांग्रेस, सपा और उसके सहयोगी दल इसे जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने दशकों तक केवल 'वोट बैंक' के लिए तुष्टिकरण की राजनीति की है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 'आर्थिक और सामाजिक' रूप से वास्तव में सशक्त बनाया गया है। इस मौके पर अलका गुप्ता, अनुराधा मिश्रा, नीतू चंद्रा, अदिति कुशवाहा, दीपा बिस्वास, निधी सिंह, प्रियंका सिंह, बॉबी ओमर, परिशा तिवारी, कविता टंडन, सीमा मिश्रा, कुमुदिनी देवी, अलका, पद्मा गुप्ता, मधुबाला, सुमन सिंह एवं अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्ची की गड्ढे में डूबकर मौत

**सीतापुर।** थानगांव इलाके में एक दो वर्षीय बच्ची की नल के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। बच्ची अपने नाना के घर आई थी। झुण्डीपुरवा निवासी प्रमोद की दो वर्षीय पुत्री चांदनी अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने नाना के पड़ोस स्थित गांव आई थी। मांगलिक कार्यक्रम पूरा होने बाद वो थानगांव थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा मजरे ग्वारी स्थित अपने नाना सुरेश के घर पर थी। कुछ देर बाद बच्ची गुम हो गई। खोजते हुए परिवार के लोग घर के आंगन में लगे नल पर पहुंचे तो देखा तो मासूम पड़ोस गड्ढे में पड़ी हैं। बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अमृत वाटिका का गेट उखाड़ ले गए शातिर

**रामपुर मथुरा।** वृक्षों की सुरक्षा के लिए बनाई गई वाटिका में शातिरों ने धावा बोला। चोर वाटिका में लगा लोहे का गेट ही उखाड़ ले गए। ग्राम पंचायत करनापुर के प्रधान प्रतिनिधि तीरथ राम मौर्य के मुताबिक, महात्मा बुद्ध अमृत वाटिका का लोहे का गेट अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया।

### छह वांछित व वारंटी गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने छह वांछितों व वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना सिधौली पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी अन्शू निवासी सरवा को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में, लहरपुर पुलिस ने भी धारा 69 बीएनएस से संबंधित आरोपी अनस को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना सकरन पुलिस ने वर्ष 2014 के एक पुराने मामले में वारंटी सलाम को गिरफ्तार किया है। थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने अंकित राज, बलराम और सौरभ निवासीगण खैराबाद को चोरी की केबिल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### तीन घर जले, लाखों का नुकसान

**सिधौली।** महमूदपुर गांव में दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने तीन परिवारों का सब कुछ उजाड़ दिया। इस अग्निकांड में करीब दो लाख रुपये की संपति जलकर नष्ट हो गई है। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया और आसपास के अन्य घरों को जलने से बचाया।

### गाड़ी हटाने के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला नई बस्ती में रास्ता खाली करने के लिए गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक युवक को पीट-पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। नई बस्ती निवासी अनीस पुत्र यूनुस ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि रास्ते में खड़ी गाड़ी को हटाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि मोहल्ले के ही अबरार, आंशू और मोनू ने उसे घेर लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात-घूसों से जमकर पिटाई की। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गौशाला की बदहाली पर भड़के रुद्र

**रामपुर मथुरा।** देसीलौकिया गौशाला में गौवंशों की स्थिति देख अखंड हिंदू वाहिनी के संस्थापक रुद्र त्रिपाठी उर्फ वीरू भैया ने गहरा रोष जताया है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं में भारी खामियां मिलने पर उन्होंने प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। रुद्र त्रिपाठी ने बताया कि गौशाला में चारा-भूसा तो है, लेकिन जानवर बेहद कमजोर और अस्वस्थ हैं। इस दौरान संतोष दीक्षित, जगदंबा तिवारी, विशाल अवस्थी, शैलेंद्र सिंह, आजाद मिश्रा और अनुज दीक्षित समेत संगठन के अन्य उपस्थित रहे।

### शटर तोड़कर शराब उड़ा ले गए शातिर

**लहरपुर।** लालपुर बाजार स्थित अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान को देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोर दुकान का शटर तोड़कर करीब दो लाख रुपये की नकदी और शराब की बोतलें बटोर ले गए। अनुज्ञापी अखिलेश कुमारी के पुत्र अमित जायसवाल के मुताबिक, सुबह लगभग 4 बजे चोरों ने दुकान के शटर को काटकर या तोड़कर प्रवेश किया। चोरों ने रैक में रखी दो दिनों की बिक्री के पैसे और शराब की कई बोतलें पार कर दीं। दुकान में करीब 2 लाख रुपये की नकदी और माल चोरी हुआ है। फिलहाल स्टॉक का सत्यापन किया जा रहा है ताकि नुकसान का सटीक आंकलन हो सके। लालपुर चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

# जमीन पर उतरें तभी दिखेगी विकास की तस्वीर: राकेश

## 'दिशा' की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, सांसद सीतापुर ने दी अधिकारी को नसीहत, डीएम ने दिए अधीनस्थों को निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राकेश राठौर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सांसद, विधायक और अधिकारियों ने विकास योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर मंथन किया।

सांसद राकेश राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, जल जीवन मिशन और विद्युत आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने दो टूक कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड पर जाकर नियमित निरीक्षण करने और पात्रों तक पारदर्शिता के साथ लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी जनसमस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में तेजी लाने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में सांसद मिश्रिख अशोक रावत, सांसद धौरहरा आनंद भदौरिया, कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, विधायक आशा मौर्य, अनिल कुमार वर्मा और एमएलसी पवन सिंह चौहान सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री रहे अनुपस्थित कई विधायक भी नदारद

नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु बैठक में अनुपस्थित थे। विधायक ज्ञान तिवारी, शशांक त्रिवेदी सहित अन्य के न होने से चर्चा का बाजार गर्म रहा।

> योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। लाभार्थियों को उनका हक मिलना ही चाहिए। - राकेश राठौर, सांसद, सीतापुर

## परसपुर और रमुवापुर में कई घर राख, तीन मवेशी जले

**लहरपुर / नैमिषारण्य।** जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रात भीषण आग का तांडव देखने को मिला। मिश्रिख और लहरपुर तहसील क्षेत्रों में हुए इन हादसों में आधा दर्जन से अधिक परिवार सड़क पर आ गए, वहीं तीन बेजुबान जानवरों की भी जान चली गई। परसपुर में शॉर्ट सर्किट से मची तबाही मिश्रिख तहसील के ग्राम परसपुर में देर रात बिजली की लाइन में हुए शॉर्ट सर्किट से उठी चिंगारियों ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से रमेश, दिनेश कुमार यादव और शिवराज कुमार सहित कई ग्रामीणों के घर जलकर राख हो गए। चीख-पुकार के बीच ग्रामीण जान बचाकर भागे, लेकिन खूंटे पर बंधे तीन मवेशियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र कुमार अवस्थी ने लोगों से अपील की है कि सुरक्षा सप्ताह के तहत बताए गए नियमों का पालन करें।

# महिलाओं ने फूंका राहुल-अखिलेश का पुतला

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।


राहुल और अखिलेश का पुतला फूंकते भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर संसद में विपक्ष के रुख के खिलाफ भाजपा ने आक्रामक रुख अपनाया। भाजयुमो के नेतृत्व में शहर के कांशीराम चौराहे पर बड़ी संख्या में जमा महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का पुतला जलाया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी हमेशा से महिला सशक्तिकरण की विरोधी रही हैं। ये दल नहीं चाहते कि देश की नारी शक्ति संसद और विधानसभाओं में नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। कार्यक्रम संयोजक अमन विक्रम सिंह ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में बाधा बन रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष पंकज पांडेय, राम प्रताप सिंह, ॠषभ त्रिवेदी, राहुल अवस्थी, शुभम पांडेय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व महिलाएं मौजूद रहीं।

# सत्र में अनुपस्थित मिले कर्मी, गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।


अमृत विचार पड़ताल
शिक्षा चौपाल के जरिए नामांकन पर जोर
कहीं किताबों का टोटा तो कहीं बंटा कोर्स
कहीं उत्साह, कहीं संसाधनों का इंतजार

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


विद्यालय में बीएसए से किताबों की जानकारी लेते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने परसेण्डी क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने प्रधानाचार्य और खण्ड शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश बीएसए को दिए।

बता दें कि परसेण्डी ब्लॉक क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर अमृत विचार ने पड़ताल की थी। इसको जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने गंभीरता से लिया। जिलाधिकारी सबसे पहले वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सीएमओ को दोषियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार और बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

अमृत विचार IMPACT

- अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा डीएम ने किया निरीक्षण

**बच्चों से पढ़वाई पुस्तकें, दिए निर्देश :** प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा चार के बच्चे से पुस्तक पढ़वाकर शिक्षा का स्तर जांचा। रजिस्टर अपडेट न मिलने पर अनुशासनिक कार्रवाई और स्कूल में अव्यवस्थाओं को लेकर परसेंडी के खंड शिक्षा अधिकारी ॠषिकेश सिंह और प्रधानाचार्य प्रदीप वर्मा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।


सम्मानित किये गए बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय। अमृत विचार

## बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर सम्मानित

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर और सहायक अध्यापकों को नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सम्मानित किया गया। निर्वाचन संबंधी कार्यों में तत्परता और निष्ठा दिखाने के लिए इन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय ने बीएलओ और सुपरवाइजरों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। प्रशासन द्वारा यह सम्मान निर्वाचन नामावली के पुनरीक्षण कार्य को समयबद्ध और त्रुटिहीन तरीके से पूरा करने के लिए दिया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस तरह के सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। वहीं, रुकसाना परवीन, प्रशांत त्रिवेदी, शैलेंद्र शर्मा, अली मेंहदी रिजवी, सोनम शुक्ला, हरिकरन सिंह, अमित वर्मा, राहुल कुमार साहू, राजेंद्र सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

# सपा-कांग्रेस कर रहे तुष्टीकरण की राजनीति

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


मंत्री नंद गोपाल के साथ भाजपा नेता सागर गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने शहर आगमन पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। अग्रवाल सभा के सिनेमा हॉल का शुभारंभ करने पहुंचे मंत्री का समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी केवल मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कर रही हैं, जिससे समाज में विभाजन की स्थिति पैदा हो रही है। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और वैश्य समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**बंगाल में दिखेगा बदलाव :** पश्चिम बंगाल चुनाव पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि भाजपा ने इसे बड़ी चुनौती के रूप में लिया है। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि वहां टीएमसी के गुंडों और माफियाओं पर अब सख्त कार्रवाई होगी। बंगाल की जनता बदलाव के लिए तैयार है।

**एआई और साजिश का खेल :** मछली-भात खाते हुए भाजपा नेताओं के वायरल वीडियो पर नंदी ने इसे विपक्ष की ओछी साजिश बताया। उन्होंने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है, जहां किसी का भी चेहरा बदला जा सकता है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## आरएमपी कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आरएमपी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रीन कैंपस एवं 'नैतिक मूल्य संवर्धन क्लब' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रजनीकांत श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न टीमों में विभाजित होकर क्लाइमेट चेंज, ऑर्गेनिक फार्मिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक और पर्यावरणीय फुटप्रिंट जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावी प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। मुख्य प्रॉक्टर प्रो. जयवीर सिंह और रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. यामिनी शुक्ला ने छात्र-छात्राओं के उत्साह की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रो. ऊषा मिश्रा, डॉ. रितु शाही, डॉ. पवन कुमार यादव सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## सुरक्षा शपथ: विद्युत कर्मियों को सतर्कता का पाठ



**मिश्रिख।** मिश्रिख स्थित विद्युत उपकेंद्र पर निविदा एवं संविदा कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। एसडीओ अंकुर वर्मा ने कर्मचारियों को विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। एसडीओ अंकुर वर्मा ने कहा कि बिजली का काम अत्यंत जोखिम भरा है। फील्ड में छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। विभागीय निर्देशों के तहत कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट, दस्ताने, सेफ्टी बेल्ट और अर्थिंग चेन का उपयोग करने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर उपकेंद्र के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विक्षिप्त ने खुद का गला रेता, हालत गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** संदना इलाके में ग्रामीण ने खुद को चाकुओं से गोंद दिया। गंभीर हालत में उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया है। खानपुर गांव में हुई घटना को लेकर पुलिस का दावा है कि ग्रामीण मानसिक रूप से विक्षिप्त था। संदना थाना क्षेत्र के खानपुर गांव में शिवकुमार (45) अपने घर पर था। बताते हैं कुछ अनबन के बाद वो घर से निकलने लगा। इसी बीच उसने चाकू से कई वार शरीर पर कर दिए। चीख-पुकार मच गई। ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी और घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल और फिर वहां से लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। संदना थानाध्यक्ष मान सिंह पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया व्यक्ति ने मानसिक बीमारी के चलते खुद को नुकसान पहुंचाया है।



### मौत का ओवरलोड सफर

यह तस्वीर सीतापुर-बहराइच मार्ग पर स्थित खैराबाद कस्बे की है जहां यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मालवाहक पिकअप धड़ल्ले से सवारियां ढो रहे हैं। तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक लोगों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया है। वाहन के पीछे लटके लोग किसी भी वक्त बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। हालिया हादसों में कई श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर ट्रालियों के पलट जाने पर घायल होने के बाद भी पुलिस और परिवहन विभाग की अनदेखी किसी बड़ी अनहोनी को खुला निमंत्रण दे रही है।

# बच्चों के विवाद में खूनी संघर्ष, 6 गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- रेउसा थानाक्षेत्र के बंगरहा गांव का है मामला, छह लोग गंभीर, केस दर्ज

**अमृत विचार:** रेउसा थाना क्षेत्र के बंगरहा गांव में देर रात बच्चों के मामूली विवाद ने भयंकर रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और धारदार हथियार चलने लगे। इस हिंसक झड़प में कुल छह लोग लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है।

हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के लोग अस्पताल पहुंचे हैं जिसमें प्रथम पक्ष के हरीश शुक्ला (40), नागेंद्र (58), रमेश शुक्ला (50) और मुनेश शुक्ला (70) को भर्ती कराया गया।

> सभी घायलों का उपचार जारी है और गांव में शांति व्यवस्था कायम है। तहरीर मिलने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। -हनुमंत लाल तिवारी, थानाध्यक्ष, रेउसा

वहीं द्वितीय पक्ष के संदीप अवस्थी और किशोरी धोबी भी गंभीर है। ग्रामीणों के अनुसार, बच्चों की किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी अचानक खूनी संघर्ष में बदल गई। धारदार हथियारों के हमले से गांव में अफरा-तफरी मच गई।

## राजस्व कार्यों में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: डीएम


कर-करेत्तर की बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों, कर-करेत्तर और सीएम डैशबोर्ड के लंबित मामलों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर उन पर प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। साथ ही, भूमि विवादों के त्वरित समाधान के लिए राजस्व अधिकारियों को जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और मौके पर जाकर समस्याओं को सुलझाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित सभी उपजिलाधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म: विवेक शास्त्री



**नैमिषारण्य।** मिश्रिख स्थित पावन तीर्थ नैमिषारण्य के पवनसुत अतिथि भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को संस्कारों का पाठ पढ़ाया गया। कथाव्यास महंत विवेक शास्त्री ने आध्यात्मिक जीवन और माता-पिता के प्रति कर्तव्यों पर विशेष जोर दिया। महंत विवेक शास्त्री ने कहा कि नैमिष जैसे पवित्र तीर्थ में आकर मनुष्य को केवल भ्रमण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सत्संग के माध्यम से स्वयं को परिष्कृत करना चाहिए। कथा में राजा पृथु के प्रसंग के माध्यम से उन्होंने युवाओं को झूठी प्रशंसा से बचने की सलाह दी। इस अवसर पर यजमान मीना मिश्रा, अनिल मिश्रा, राम मिलन तिवारी, रमाकांत मिश्रा, आनंद प्रकाश तिवारी, दीपक मिश्रा और वेद प्रकाश द्विवेदी समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं, आयोजक पंडित रौनक तिवारी ने बताया कि कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## बारासिंघा को ग्रामीणों ने बचाया

**सांडा/सीतापुर।** भीषण गर्मी के बीच भोजन और पानी की तलाश में जंगल से भटककर रिहायशी इलाके में पहुंचे एक बारासिंघा पर कुत्तों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। गोपालापुर गांव के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए न केवल वन्य जीव की जान बचाई, बल्कि उसे सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द भी किया। सुबह वन रेंज बिसवां के अंतर्गत सांडा के मजरा गोपालापुर में एक बारासिंघा भटक कर आ गया। उसे देखते ही कुत्तों के झुंड ने घेरकर हमला कर दिया। घायल बारासिंघा का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे वन कार्यालय ले जाया गया। वन क्षेत्राधिकारी अहमद कमाल सिद्दीकी ने बताया कि बारासिंघा का इलाज किया जा रहा है।

# मासूमों की मौत: पूर्व विधायक महेंद्र सिंह ने बंधाया ढांढस

संवाददाता, बिसवां।


परिवार को ढांढस बंधाते पूर्व विधायक बिसवां।

**अमृत विचार :** महमदापुर के रमईपुर गांव में तालाब में डूबने से हुई दो मासूमों की मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। बिसवां के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बता दें कि दोपहर करीब 12 बजे कपिल यादव (12) अपने एक साथी (13) के साथ खरैला गांव के तालाब में नहाने गया था। नहाते समय दोनों बच्चे गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबकर मौत हो गई। मृतक कपिल यादव अपने पिता सुरेंद्र यादव और चाचा संतोष यादव के परिवार में छह बेटियों के बीच इकलौता बेटा था। हादसे की खबर पाकर परिवार से पूर्व विधायक महेंद्र सिंह मिले। परिवार को ढांढस दिलाया, इस दौरान जय प्रकाश दीक्षित, ललित शुक्ल, दीपक यादव और नागेंद्र यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, दो लोग गंभीर

संवाददाता लहरपुर / हरगांव।


हादसे के बाद अस्पताल में मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लहरपुर-बिसवां मार्ग पर एक सड़क हादसे में बारात जा रहे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से सीधी टक्कर के कारण हुआ।

तालगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी आकाश (27), आदित्य (16) और शिवमूर्ति (26) एक ही बाइक पर सवार होकर हरगांव के रतनपुर गांव में एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। अहिरनपुरवा गांव के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस और एंबुलेंस की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। चालक ट्रैक्टर फरार हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एम्स और थुलेंडी चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

**रायबरेली :** बुधवार को चौकी प्रभारी थुलेंडी व चौकी प्रभारी एम्स को कार्य में शिथिलता बरते के आरोप मे लाईन भेजा गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की ताबड़तोड़ कार्रवाई से पुलिस महकमे मे हडकंप मचा हुआ है। पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने में लगे पुलिस अधीक्षक ने आते ही विभाग मे सभी को अल्टीमेटम दे दिया था। पुलिसिंग व्यवस्था को सुधार ने के लिए किसी किस्म की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। चौकी प्रभारी एम्स सौरव बामियान व थुलेंडी चौकी प्रभारी राहुल कुमार की शिकायत मिलते ही दोनो प्रभारियो को जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। जांच मे दोषी पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों को लाइन भेज दिया।

### बरौंडी प्रधान के निधन से शोक की लहर

**खीरों :** विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरौंडी की ग्राम प्रधान रजाना लोधी (92) का बुधवार शाम करीब 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वह 2005, 2010 और 2020 में ग्राम प्रधान चुनी गई थीं। 2015 में सीट आरक्षित होने के कारण चुनाव नहीं लड़ा था। पुत्र शिवलाल लोधी के अनुसार उन्हें अचानक घबराहट हुई, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में शोक छा गया है। सूचना पर बीडीओ खीरों शिव कुमार, खंड शिक्षाधिकारी खीरों मुकेश कुमार, शिक्षक नेता श्याम शरण यादव, नीरज हंस, विश्वनाथ, शिक्षा मित्र संघ के अध्यक्ष राम पाल सिंह, धर्मपाल सिंह आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।



रजाना लोधी की फाइल फोटो।

### लापता अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

**सरेनी :** क्षेत्र में बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब गेगासो क्रॉसिंग और बेनी माधवगंज कस्बे के बीच स्थित पंडित शिवभूषण डिग्री कॉलेज के पास एक अधेड़ का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। पुलिस द्वारा थाना लालगंज से संपर्क करने पर मृतक की पहचान ककरही गांव निवासी 50 वर्षीय जितेंद्र कुमार पुत्र गया प्रसाद के रूप में हुई, जो बीते शनिवार से लापता थे। सूचना मिलने पर मृतक के छोटे भाई नितेंद्र बहादुर मौके पर पहुंचे और शव की पुष्टि की। परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और पिछले कुछ दिनों से घर से गायब थे। इस संबंध में रविवार को लालगंज थाने में गुमशुदगी की तहरीर भी दी गई थी।

### भूसा बनाते समय लगी आग, हड़कंप

**शिवगढ़ :** थाना क्षेत्र के गुमावां चौकी अन्तर्गत हीरा का मठ मजरे अछई में बुधवार को भूसा बनाते समय अचानक लगी आग से करीब 40 किसानों की नरई फसल अवशेष जलकर खाक हो गया। घटना से किसानों में हड़कंप मच गया। आग लगने पर ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन समय पर दमकल नहीं पहुंची। इसके बाद सैकड़ों ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से करीब दो घण्टे में किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना से मान बहादुर, गोकरन, अवधेश, विद्यावती, विनोद सिंह व चंद्र कुमार फौजी समेत कई किसानों की नरई जल गई है। ग्राम प्रधान केशरी प्रताप सिंह व बलबीर सिंह के प्रयासों से आग बुझाई जा सकी।

## दोस्त की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे स्वयंबर सिंह मजरे ज्योना गांव में अतुल श्रीवास्तव की शादी की सालगिरह में शामिल होने आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बुधवार को बाराबंकी जिले के कोठी थाना क्षेत्र के अचका मऊ दयालपुर गांव निवासी शेखर अपने मित्र जितेंद्र श्रीवास्तव के साथ ज्योना गांव के मजरे पूरे स्वयंबर सिंह गांव में जितेंद्र के साले राहुल श्रीवास्तव की शादी की सालगिरह में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि शेखर बाथरूम गया था, जहां उसे अचानक खून की उल्टियां होने लगीं। युवक की हालत देखकर वहां मौजूद परिजनों के होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई और एंबुलेंस की मदद से उसे महराजगंज सीएचसी ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक अनिल भारद्वाज ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**सौंपा ज्ञापन**

**सरेनी (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** बुधवार को बिजली की विभिन्न मांगों को लेकर युवा कांग्रेस नेता अभिनव तिवारी संगम की अगुवाई में लोगों ने पावर हाउस में धरना प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में अवर अभियंता को मांगों का ज्ञापन सोपा।

णक्षेत्रीय लोग बिजली की ट्रिपिंग को लेकर परेशान है। आरोप है कि फॉल्ट भी समय से नहीं बन पाता है। शिकायत के बावजूद कटौती के रोकथाम को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर का भी झंझट चल रहा था। इससे नाराज होकर लोगों ने पावर हाउस में धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता अभिनव तिवारी संगम ने कहा कि यदि हमारी मांगे 15 दिन के अंदर नहीं मानी गई तो बिजली विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के बाद विद्युत कर्मी हरकत में आए और केबिल डालना शुरू कर दिया।

एसडीओ यशवीर सिंह ने फोन पर कहा कि उपभोक्ताओं को विभाग से कोई शिकायत नहीं मिलेगी। शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। इस मौके पर मोहम्मद नईम, रानू सिंह, यशोदा नंदन, आशीष गुप्ता, रंजीत लोधी, कार्तिकेय निर्मल, नीरज सैनी, सोनू सिंह, सरोज सविता, नफीस आदि मौजूद रहे।



बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### खरीद केंद्रों पर लटक रहे ताले, किसान परेशान

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसने की फैसले तबाह हुई उनको मुआवजा अभी तक भी नहीं मिला, वहीं दूसरी तरफ गेहूं खरीद केंद्र में ताला लगा हुआ है। इससे किसान साहूकारों के हाथों औने-पौने दामों में गेहूं बेचने को विवश हो रहा है। जिले में 88 केंद्र बनाए गए, जिसमें बछरावां विकासखंड में दो केंद्र बनाए गए है, जो कि राजामऊ पीसीएफ केंद्र और दूसरा केंद्र पीएससी गुड़ा के नाम से बनाए गए हैं। लगभग एक माह बीत जाने के उपरांत भी केंद्रों पर ताले लटक रहे हैं और मायूस किसान केंद्रों की गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ बछरावां में कोई भी केंद्र संचालित नहीं किया गया। देखा जाए तो बछरावां में पूर्व में जो एक केंद्र खुला था वह इस बार संचालित नही हो रहा है। वही खुले केंद्र की दूरी बछरवां से लगभग 10 किलोमीटर से अधिक है ।उन्नाव जिले की सीमा के पास स्थित इस सेंटर का आलम यह है कि उसे केंद्र के प्रभारी का जो मोबाइल नंबर है उसे पर रिचार्ज ही नहीं है। केंद्र पर किसान अपने गेहूं को बेचने के लिए जाते हैं और मायूस लौटकर समर्थन मूल्य से कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं। डिप्टी आरएमओ सोनी गुप्ता से बात की गई तो बताया कि अगर केंद्र नहीं खुल रहे हैं तो इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर करें। और बछरावां में केंद्र खोलने के लिए डीएम और एडीएम प्रशासन से मांग करें तो अतिरिक्त सेंटर खुलवाया जा सकता हैं।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**▶ जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली की प्रगति को लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, वरासत, दाखिल-खारिज, भू-अभिलेखों के अद्यतन, एवं राजस्व वसूली की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। यदि लापरवाही मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने लम्बित राजस्व वादों की समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य किया जाए, इसके अतिरिक्त, अवैध कब्जों की रोकथाम एवं उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव सहित समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में गेट्स फाउंडेशन टीम ने किया दौरा

**बछरावां (रायबरेली)।** बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन एवं यूपीटीएसयू की टीम ने भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान टीम ने सीएचसी परिसर के सभागार में उपस्थित महिलाओं को मातृ स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बच्चों के लिए परिवार नियोजन बेहद जरूरी है। इससे अनचाहे गर्भ से बचाव, गर्भधारण में उचित अंतर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उपलब्ध नि :शुल्क सेवाओं जैसे अंतरा इंजेक्शन, माला-एन, कंडोम और नसबंदी के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला। टीम ने सीएचसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद चुरूवा गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भी दौरा किया, जहां नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनकी माताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. वंदना, डॉ. सचिन, डॉ. प्रीति, डॉ. साक्षी समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।





सीएचसी बछरावां में मौजूद बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन व यूपीटीएसयू टीम व अन्य लोग। अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय का मनाया गया वार्षिकोत्सव



समारोह में सम्मानित किए गए बच्चे व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**महराजगंज (रायबरेली)।** ब्लाक क्षेत्र के चंदापुर के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने मेधावी छात्रों व अभिभावकों को सम्मानित किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए। खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन कर और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में ग्राम प्रधान बृजलाल ने भी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शशिकांत ने किया। संचालन विद्यालय पूर्व एआरपी मनीष सिंह ने किया। इस मौके सुरेंद्र कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार, सुशील मिश्रा, अंकित गुप्ता, अरविंद, सीतांशु सोनकर समेत दर्जनों शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत चंदापुर के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने अभिभावकों व अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भाजपा ने सांसद राहुल गांधी का फूंका पुतला

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा महिला मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज चौराहे पर रायबरेली सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध जताया है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिसने नारी का सम्मान न किया, वो सांसद रहने के लायक नही के नारे लगाए। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरण सिंह ने कहा कि महिलाओं के विरोध की यह ज्वाला कांग्रेस ,समाजवादी पार्टी सहित इंडी गठबंधन को जलाकर राख कर देगी। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी,भा रतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुधा अवस्थी विपक्षी पार्टी के रवैये की निंदा करते हुए महिला विरोधी बताया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री रेनू सिंह, वंदना कश्यप, नगर अध्यक्ष विधु सिंह, आकांक्षा शुक्ला, दीपमाला तिवारी, नेहा गुप्ता, रीता वर्मा, नामित सभासद किरण भारती,अनीता देवी आदि ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, अनुज मौर्य, शिवेंद्र सिंह, संतोष, प्रीति पांडे, अभिषेक वर्मा, शिल्पी चावला, वंदना सिंह, रागिनी सिंह आदि रहे।



राहुल गांधी का पुतला दहन करते भाजपाई।

### दर-दर भटकने को मजबूर मृतक कर्मचारी की पत्नी, जल निगम में नहीं हो रही सुनवाई

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) में कार्यरत कर्मचारी स्वर्गीय हंसराज की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी निशा को मानवीय आधार पर नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन ढाई साल बीत जाने के बावजूद अब तक नियुक्ति नहीं मिल सकी है। इससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट गहराता जा रहा है। ऊंचाहार ब्लॉक के चौबेपुर निवासी निशा पत्नी स्व. हंसराज लगातार विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा रही हैं। बताया जा रहा है कि मृतक कर्मचारी के सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार कर मुख्यालय भेज दिए गए थे और वरीयता क्रम के अनुसार नियुक्ति दिए जाने की संस्तुति भी की गई थी। इसके बावजूद मामला अब तक लंबित पड़ा है। जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण पीड़ित परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पीड़िता का कहना है कि वह कई बार कार्यालयों के चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। नौकरी न मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और बच्चों के पालन-पोषण में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। निशा ने प्रशासन से जल्द नियुक्ति की मांग की, ताकि परिवार को राहत मिल सके।

### विपक्षियों ने युवक को हॉकी से पीटा, केस दर्ज

**सलोन (रायबरेली) अमृत विचार।** रास्ते में चार पहिया गाड़ी खड़ी करने के विवाद को लेकर विपक्षियों ने युवक की हॉकी से पिटाई कर दी। गम्भीर अवस्था मे घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट समेत बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली अंतर्गत सूची चौकी क्षेत्र के ग्राम बाराडीह गांव निवासी अनुराग सरोज पुत्र संतोष सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 19 अप्रैल को शाम साढ़े पांच बजे के करीब कुछ सामान लेकर अपने घर ज रहा था। आरोप लगाया कि विपक्षी ललित सिंह, आशुतोष सिंह, अरुण सिंह, पूरन सिंह ने रास्ते मे अपनी चार पहिया गाड़ी खड़ी कर रखी थी। आरोप है कि चार पहिया गाड़ी को रास्ते से हटाने को लेकर विपक्षियों का पारा सातवे आसमान पर चढ़ गया। युवक के मुताबिक आरोपी पक्ष के लोगो ने गाड़ी से हॉकी निकाल कर उसकी बेहरमी से पिटाई कर दी। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि घटना की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच पड़ताल की ज रही है।

### मारपीट के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महाराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** युवक से मारपीट के वायरल वीडियो के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी विमला चरण अवस्थी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार 20 अप्रैल को वह पत्नी रेखा के साथ सिद्दीकी कास्मेटिक की दुकान के सामने सब्जी की खरीदा तो उसके पास छुट्टे पैसे न होने पर सब्जी दुकानदार इमरान सिद्दीकी की दुकान पर छुट्टे लेने गया छुट्टे पैसे न मिलने पर विमला चरण अवस्थी और इमरान सिद्दीकी में कहासुनी हो गई। इसके बाद कामरान सिद्दीकी भी वहां पहुंच गए और फिर हाथापाई होने लगी। वायरल वीडियो में इमरान व कामरान द्वारा विमला चरण अवस्थी की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो लोगों ने मामले में आक्रोश जताया। समाज में आक्रोश बढ़ता देख हरकत में आई पुलिस ने इमरान, कामरान व उनके पिता नाजआलम समेत एक अज्ञात समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर छुट्टा पैसों को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के वायरल वीडियो के आधार पर चार आरोपितों पर केस दर्ज किया गया है। पूछताछ की जा रही है, जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## तीन गांवों में आग से किसानों की फसल, भूसा और मवेशी झुलसे

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अलग-अलग तीन गांव में आग लगने के किसानों का भूसा समेत कई घरों के छप्पर और अनाज व जानवर झुलस गए। पहली घटना मोन गांव की है, जहां सुबह करीब छह बजे गांव के बाहर बांस कोठी में आग लग गई, जिसे समय रहते ग्रामीणों ने काबू कर लिया। दूसरी घटना जमुरांवा गांव की है जहां खेतों में लगी आग से कई बीघे पराली व पूरे मुल्ही मजरे सीवन गांव निवासी किसान राजाराम का भूसा जलकर राख हो गया। तीसरी घटना पहरावां गांव की है। जहां राजकुमारी पत्नी कमलेश को आग से हजारों का नुकसान हुआ है।राजकुमारी ने बताया कि उनके कई बीघे का कटा गेंहू छप्पर के नीचे रखा था, जो पूरी तरह जल गया। इसके अतिरिक्त घर के बर्तन और खाने-पीने का सामान भी आग की चपेट में आकर राख हो गया। उनकी एक भैंस भी आग में झुलस गई। इसी तरह गांव के रामपाल का छप्पर भी आग से जल गया। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल पुलिस ने ब्रिगेड की टीम को बुलाकर काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। पूर्व ग्राम प्रधान दिनेश कुमार यादव ने घटना की जानकारी लेखपाल को दी है। हल्का लेखपाल अंजनी मिश्रा ने बताया रिपोर्ट भेजकर आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

**शॉर्ट सर्किट से टायर की दुकान में लगी, डलमऊ :** बिजली के शॉर्ट सर्किट से टायर की दुकान में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दुकान में हुए नुकसान की जांच रिपोर्ट बनाकर राजस्व विभाग को प्रेषित किया गया है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे कोईली मजरे सराय दिलावर गांव निवासी संतोष कुमार की टायर की दुकान में बुधवार की बीती रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखे लगभग चार लाख रुपए कीमत के टायर जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंचे दुकानदार के पहुंचने के पहले सब कुछ जलकर राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि आग से हुए नुकसान की जांच रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेज दी गई है।

## मेजबान रायबरेली ने लखनऊ को दी शिकस्त

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका वर्ग की शतरंज एवं वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच अंडर-17 में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली ने केन्द्रीय विद्यालय एएमसी लखनऊ को 25-17 एवं 25-9 से और केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट ने रायबरेली द्वितीय पाली को भी सीधे सेटों में 25-19, 25-21 से हराया। अंडर-14 में रायबरेली प्रथम पाली ने अर्मापुर कानपुर को 25-7, 25-15 से पराजित किया।

इससे पहले मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबन्ध समिति की नामित अध्यक्ष अमृता सिंह, अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व ने उद्घाटन किया। प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा मुख्य अतिथि के साथ पर्यवेक्षक अम्बरीश गुप्ता प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय बीएचईएल जगदीशपुर का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों के स्वागत में बच्चों ने स्वागत गीत गाये एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल में एक खिलाड़ी भले हार जाए किंतु खेलभावना की जीत होना आवश्यक है। इसके साथ ही उनके द्वारा खेल को शुरू करने की घोषणा की गई। उप प्राचार्य द्वितीय पाली रमेश चन्द्र दुबे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उद्घाटन समारोह में उप प्राचार्य राजेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापकद्वय आरबी शर्मा, कमलेश कुमार, अभिषेक सिंह, आशुतोष मिश्र, अभिषेक यादव, पूनम शुक्ला, पम्मी गुप्ता, नेहा गौतम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा पांडेय ने किया। प्रतियोगिता में लखनऊ सम्भाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यलयों की 21 टीमें अपने 119 खिलाड़ियों के साथ प्रतिभाग कर रहीं हैं। खेल शिक्षक सुनीत कुमार यादव, अमिता अग्निहोत्री, मैच रेफरी महेन्द्रनाथ, धीरेन्द्र सिंह, विजय शंकर सिंह, रूपा शुक्ला, ओंकार सिंह सहित निर्णायक मण्डल के वॉलीबॉल के 14 एवं शतरंज के 6 सदस्यों की निगरानी में खेले गए।



शतरंज एवं वॉलीबॉल बालिका वर्ग प्रतियोगिता में मौजूद निर्णायक व अतिथि।

- केन्द्रीय विद्यालय में हुई 55वीं संभागीय शतरंज एवं वॉलीबॉल बालिका वर्ग प्रतियोगिता

**आयोजन**

**एनएसपीएस में उत्साह के साथ मनाया गया पृथ्वी दिवस**

# नाट्य प्रस्तुति से छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया प्रभावशाली संदेश

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी त्रिपुला में पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पृथ्वी संरक्षण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का प्रभावशाली संदेश दिया। खुशी ने 'पृथ्वी' की भूमिका निभाते हुए प्रकृति की पीड़ा को दर्शाया, वहीं तवी, आराध्या श्रीवास्तव और सत्यार्थ ने ऊर्जा संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और वृक्षों के महत्व को उजागर किया। जाह्नवी व मन्नत की कविता प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन ध्रुव ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए पानी-बिजली बचाने, प्लास्टिक कम उपयोग करने और वृक्षारोपण पर जोर दिया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही।

**प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस, लालगंज:** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय ऐहार प्रथम में पृथ्वी दिवस मनाय गया। इस उपलक्ष्य में छात्रा दीपा, शगुन, प्रतिमा द्वारा विभिन्न प्रकार के पर्यावरण से जुड़े हुए चित्रों को बनाकर जल संरक्षण व वायु प्रदूषण से सावधान रहने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया गया। पृथ्वी दिवस पर हुई गोष्ठी में प्रधानाचार्या रचना ने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों पर उनको प्रोत्साहित किया और कहा कि पृथ्वी दिवस पर हम लोगों को संकल्प लेना चाहिए कि हम पेड़ पौधों का सृजन करेंगे। पौधरोपण करके पर्यावरण की दिशा में कार्य करने के लिए भी प्रधानाचार्या ने सभी का आह्वान किया। इस अवसर पर श्वेता तिवारी, पुष्पांजलि, सच्चिदानंद, प्रतीक्षा, सानू आदि उपस्थित रहे।





एनएसपीएस त्रिपुला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे। अमृत विचार

### कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने ओ लेवल परीक्षा में लहराया परचम

**डलमऊ, अमृत विचार।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर एलसीआई नंबर -1 कंप्यूटर इंस्टीट्यूट ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने ओ लेवल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप स्थान प्राप्त किया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। इस सफलता में प्रतिभा यादव, शिवानी यादव, साक्षी यादव, कृषा मौर्या, जानवी, सौम्या बर्मन, प्रतिभा लक्ष्मी, पल्लवी निशिता काकुस्त, ऐमान, शिवांशी पांडेय, आराध्या द्विवेदी, आकांक्षा यादव, कोमल, शिवानी गौड़, अंशिका राजपूत, कृति यादव, अंशिका सिंह, सुमित कुमार, वंश यादव, अमित अग्रहरि, सौरभ, गीतांश यादव, आदर्श, यस, उत्कर्ष शुक्ला, स्वप्निल बर्मन, पीयूष अजय, अंकुश, मनोज, श्रेयांश और अश्मित सिंह जैसे मेधावी छात्रों ने ए, बी और सी ग्रेड प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। संस्थान के डायरेक्टर मनीष प्रजापति ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता निरंतर प्रयास और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं चेयरपर्सन नीतू प्रजापति ने भी सभी छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं।

## न्यूज ब्रीफ

### शार्ट सर्किट से खेत में लगी आग

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के सैमसी गांव निवासी रामनरेश शर्मा के खेत में शार्ट सर्किट से आग लग गई। लोगों के द्वारा फायर ब्रिगेड विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग को बुझाया, तब जाकर गांव वालों ने राहत की सांस ली।

### बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार :** क्षेत्र के ओसहरवा का पुरवा मजरे जहांगीराबाद गांव के रहने वाले रामबक्स अपने बेटे सर्वेश कुमार के साथ बेटी की शादी के कार्ड देने मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी जा रहे थे। वह जैसे ही रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता और पुत्र को गंभीर चोटें आ गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### विद्युत खंम्भा गिरने से दो लोग घायल

**अमेठी, अमृत विचार :** तेज हवा के चलते मार्ग में दुर्घटनाएं घट रही हैं बुधवार को उमरी सलवन जिला रायबरेली निवासी प्रणव बाइक पर राहुल यादव को बैठाकर अमेठी जा रहा था गोसाईगंज के पास जैसे पहुंचा उसी समय एक विद्युत खंभा टूट कर आकर बाइक पर गिर पड़ा चालक युवक हेलमेट पहना था जिससे उसके गले में चोट आई वह बेहोश हो गया उसके पीछे बैठा हुआ युवक भी घायल हो गया मामले की जानकारी पाते ही पीआरबी मौके पर पहुंची दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी गई जहां दोनों का इलाज हुआ वहीं अगहर गांव के पास एक अनियंत्रित मैजिक विद्युत खंभे को टक्कर मार दिया जिससे खम्भे के कई टुकड़े हो गए अवरअभियंता रवि कुमार ने कोतवाली अमेठी में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### स्कूल से अनाज व सामान ले उड़े चोर

**महराजगंज (रायबरेली), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव के प्राथमिक विद्यालय महीपतगंज में चोरों ने मंगलवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया। 22 की सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो रसोईघर और आंगनबाड़ी केंद्र के ताले टूटे मिले। चोरों ने विद्यालय से गैस सिलेंडर, बर्तन, दो वजन मशीनें, 75 किलो चावल, आरओ के पुर्जे, अभिलेखों का बैग और अन्य स्टेशनरी सामग्री पार कर दी। मामले में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### दुकान में चोरी करते युवक को दबोचा

**लालगंज (रायबरेली) अमृत विचार :** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के पूरे हरजू मजरे बहाई गांव के राहुल पुत्र रवि मौर्य की बीज भंडार की दुकान में चोरी करते समय एक युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। बहाई चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम लीलापुर थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर निवासी यशवंत राव पूरे हरजू स्थित बहाई गांव निवासी राहुल मौर्य की बीज भंडार की दुकान में चोरी करने की नीयत से घुसा और गल्ले से चार हजार रुपये पार कर दिया। लेकिन तभी आसपास के लोगों की निगाह चोरी करते युवक पर पड़ गई और उसे दबोच लिया। उस समय दुकानदार राहुल मौर्य घर की दूसरी मंजिल पर किसी काम से गए हुए थे। राहुल मौर्य ने यशवंत राव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से अधेड़ की मौत

## गौरीगंज-सुल्तानपुर-राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने लगाया जाम

गौरीगंज (अमेठी)


संतोष ओझा की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर रोड स्थित माधवपुर गांव के पास मंगलवार की रात सड़क हादसा हो गया। जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुट गई।

जानकारी के अनुसार गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मेदन मवई गांव निवासी संतोष ओझा एक मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए माधवपुर गांव गए थे। जहां से देर रात में वापस लौटते समय गौरीगंज-सुल्तानपुर-राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार संतोष ओझा (45) पुत्र शिववरन ओझा को कुचल दिया। जिसके चलते संतोष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने बांदा-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची गौरीगंज कोतवाली पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने बुझाने में जुटी रही। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंशीगंज कोतवाली पुलिस को भी घटनास्थल पर पहुंचना पड़ा। आक्रोशित भीड़ का कहना था कि पहले कुचलने वाली गाड़ी को पकड़ा जाए उसके बाद ही लाश को यहां से उठाया जाए। फिलहाल पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से लाश को वहां से हटवाया गया और राष्ट्रीय राजमार्ग खाली करते हुए आवागमन बहाल कराया गया।

घटना के संबंध में गौरीगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर वह पहुंच गए थे। आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर लाश का पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधेड़ को कुचलने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। आक्रोशित परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## स्कूल जा रहे बच्चे को बस ने कुचला, मौके पर ही मौत


मोहम्मद उजैद की फाइल फोटो।

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक 3 वर्षीय मासूम की बस से कुचलकर मौत हो गई। मासूम स्कूल जाने के लिए पहले दिन घर से निकला था, तभी हादसे ने उसकी जान ले ली। घटना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने ग्रामीणों को शांत करने और आवश्यक कार्रवाई की। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे काजिम अली निवासी मोहम्मद जमाल के पुत्र मोहम्मद उजैद (3) को शहर के ही ग्रो विथ सक्सेस स्कूल में भर्ती कराया गया था। आज सुबह मासूम घर से तैयार होकर स्कूल जाने के लिए खुशी-खुशी बाहर निकला। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित बस ने मासूम को कुचल दिया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक बस को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और आक्रोश फैल गया। स्थिति को देखते हुए क्षेत्राधिकारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और स्थिति को संभालते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। मृतक मासूम के परिजनों ने बस ड्राइवर पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ड्राइवर से उनकी पुरानी खानदानी दुश्मनी है। जिसके चलते उसने ऐसा किया है। बस ड्राइवर का नाम मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद नौशाद बताया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तत्काल पुलिस पहुंच गई ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बच्चे की शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजन के तहरीर पर हत्या का केस चालक पर दर्ज कर लिया है घटना करने वाली बस व बस के ड्राइवर को पुलिस ने खोज कर हिरासत में ले लिया है।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा नकलविहीन कराने के निर्देश



होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करते जिले के अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आगामी 25, 26 व 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार, गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. और मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष ढंग से कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सभी परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था अनुक्रमांक के अनुसार करने तथा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। परीक्षा के दौरान पुलिस बल, फ्लाइंग स्क्वॉड और कंट्रोल रूम के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा केंद्रों में प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी और अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाएगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। जिले के आठ केंद्रों पर प्रतिदिन लगभग 2640 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# विद्युत पोल से टकराई डीसीएम, दो लोग घायल

- दोनों घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल किया रेफर

खीरों (रायबरेली)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के रफीक नगर मजरे खीरों में एक अनियंत्रित डीसीएम विद्युत पोल से टकराने से विद्युत पोल टूट कर गिर गया। जबकि डीसीएम चालक निवासी राम कुमार (30) और दवा लेने जा रही शिवपुर हुसैनाबाद की राजरानी (70) पत्नी स्व. गुरु प्रसाद घायल हो गईं। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पीआरबी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खीरों पहुंचाया, जहां डॉ मनोज मिश्रा ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह में अनियंत्रित वाहन द्वारा विद्युत पोल में दूसरी बार टक्कर मारी गई है। इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित लोगों का कहना है कि तीन दिन पूर्व बीआरसी के सामने के पोल को डीसीएम ने टक्कर मारकर तोड़ दिया था। जो अभी तक नही बदला गया है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से हादसे के बाद वाहन चालकों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, जिससे लगातार घटनाएं बढ़ रही है। विद्युत उपकेन्द्र खीरों के अवर अभियंता कमल किशोर ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। शीघ्र टूटे पोल को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।


हादसे के बाद तार हटाता ग्रामीण।

# 5 दिन से सर्वर ठप, डाकघर में काम बाधित

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** अमेठी डाकघर में पिछले पांच दिन से सर्वर बैठा पड़ा है। हाल यह है कि काम कराने आए लोग सुबह से लाइन लगा रहे हैं, लेकिन बिना काम कराए ही बैरंग लौट रहे हैं। इससे लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है। डाकघर में रोजाना करीब 12 से 13 लाख रुपये का लेनदेन होता है। ऐसे में लगातार पांच दिन से सर्वर ठप रहने के कारण करीब 30 लाख रुपये से ज्यादा का काम प्रभावित हो चुका है। पैसा जमा और निकासी दोनों काम ठप पड़े हैं।

डाकघर पहुंचे लोगों ने अपनी परेशानी भी बताई। जय प्रकाश निवासी हंथकीला पिछले 7 दिन से पैसे निकालने के लिए दौड़ रहे हैं, घर में शादी पड़ी है लेकिन पैसा नहीं मिल पा रहा। शक्तिमान निवासी जरौटा रेभा भी शादी के लिए पैसे निकालने आए थे, लेकिन वापस लौटना पड़ा। अमन निवासी पूरे पुरंदर ने बताया कि उनकी पासबुक


भीषण गर्मी में में डाकघर परिसर में सर्वर आने का इंतजार करती वृद्धा। अमृत विचार

### लोग परेशान

15 दिन से नहीं मिल रही है, रोज चक्कर काट रहे हैं। आर एस मौर्य निवासी संग्रामपुर दो दिन से आरडी जमा करने आ रहे हैं, लेकिन काम नहीं हो पा रहा। काशी प्रसाद दुबे निवासी कर्नईपुर दवा के लिए पैसे निकालने आए थे, लेकिन सर्वर बंद होने से उन्हें भी वापस लौटना पड़ा। वहीं राजा राम निवासी बलभद्रपुर ने बताया कि 26 को बेटी की शादी है, लेकिन पैसा नहीं निकल पा रहा है जिससे घर में चिंता बनी हुई है।

### क्या बोले जिम्मेदार

पोस्टमास्टर राम सुमेर ने बताया कि सर्वर ठप होने से पूरा काम बाधित है। इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। तीन टीजी ब्रांच की टीम सर्वर ठीक करने में लगी हुई है। उन्होंने बताया कि अगर सब ठीक रहा तो कल तक सर्वर चालू होने की उम्मीद है। साथ ही लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की गई है।

## बैसवारा महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा व डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला संपन्न



गोष्ठी में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। अमृत विचार

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण के द्वितीय चरण (फेज-5) के अंतर्गत साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. निरंजन राय के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. निरंजन राय ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी जानकारी अवश्य जांचें। संदेह होने पर तुरंत ब्लॉक कर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने अनजान ऐप्स को अनुमति न देने और व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. पुष्पा बरनवाल ने ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फर्जी वेबसाइटें आकर्षक ऑफर देकर लोगों को भ्रमित करती हैं। व्हाट्सएप पर आने वाले "घर बैठे कमाई" जैसे संदेशों से सावधान रहने की अपील की। डॉ. नवीन विश्वकर्मा ने पासवर्ड सुरक्षा और मोबाइल चोरी होने पर त्वरित रिपोर्ट दर्ज कराने पर जोर दिया। अंत में डॉ. नीलम शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. इंदु तिवारी ने किया।

## एक माह से लापता युवती का नहीं लगा सुराग

**शुकुल बाजार (अमेठी) अमृत विचार।** एक महीने बीत जाने के बाद भी 19 वर्षीय युवती सकीना बानो का कोई पता न चलना परिजनों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है मामला 3 मार्च का है, जब सकीना सुबह करीब 9:30 बजे घर से दवा लेने की बात कहकर निकली थी, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार, काफी तलाश के बावजूद जब सकीना का कोई सुराग नहीं मिला तो उसके पिता शमीम ने 14 मार्च को स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद से पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। पीड़ित पिता शमीम, जो दोनों आंखों से दृष्टिहीन हैं, अपनी बेटी की सुरक्षित वापसी के लिए दर-दर गुहार लगा रहे हैं। उनका कहना है कि हर गुजरते दिन के साथ चिंता और बढ़ती जा रही है। मामले की जांच कर रहे एसआई राजेश मौर्य का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि आसपास के इलाकों में भी तलाश तेज कर दी गई है और पुलिस हर एंगल से मामले को खंगाल रही है। हालांकि, लंबे समय तक कोई सुराग न मिलने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं और परिजनों की उम्मीदें धीरे-धीरे टूटती नजर आ रही हैं।

## एक ही रात में चार घरों से चोरी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पारसपट्टी गांव में मंगलवार रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए चार घरों में धावा बोल दिया। बदमाश छत के रास्ते घरों में घुसे और बंद कमरों के ताले तोड़कर अलमारियों, बक्सों व अटैचियों में रखी नकदी और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। भरतलाल यादव के घर समेत चार घरों को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ितों के अनुसार, चोर करीब 1.63 लाख रुपये नकद और 15 लाख रुपये से अधिक के जेवरात ले गए। सबसे पहले चोर फिरोज उर्फ कल्लू के घर पहुंचे, जहां से सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार की। इसके बाद भरतलाल यादव के घर में घुसकर सोने का सेट, अंगूठी, मांगटीका और चांदी के आभूषण चुरा लिए। रामसुंदर यादव के घर से भी कई सोने की चेन, अंगूठियां और करीब एक किलो चांदी के जेवर चोरी हुए। सबसे ज्यादा नुकसान संदीप यादव के घर में हुआ, जहां चोर बिजली के केबल के सहारे छत से आंगन में उतरकर चार कमरों के ताले तोड़ गए। यहां से सात सोने की चेन, नौ अंगूठियां, दो सेट झुमके, करीब तीन किलो चांदी और डेढ़ लाख रुपये नकद चोरी हुए। घटना की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों के देर से पहुंचने पर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली।


चोरी के बाद बिखरा सामान। अमृत विचार

## 509 किसानों से खरीदा गया 28,500 एमटी गेहूं

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनपद में गेहूं खरीद में विपणन शाखा सबसे आगे रही है। इसके 35 क्रय केंद्रों पर 377 किसानों से कुल 1725 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। वहीं पीसीएफ के 26 केंद्रों में से 22 केंद्र सक्रिय हैं, जहां 68 किसानों से 427 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। पीसीयू के 13 केंद्रों में से 8 केंद्रों ने 24 किसानों से 97 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यूपीएसएस के 14 केंद्रों में से 13 केंद्रों पर 30 किसानों से 56 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। नैफेड के दो क्रय केंद्रों में से एक केंद्र पर 1 किसान से 8 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। मंडी परिषद के एकमात्र केंद्र पर 5 किसानों से 26 मीट्रिक टन खरीद हुई है। वहीं भारतीय खाद्य निगम के 4 केंद्रों में से 2 केंद्रों पर 27 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

# आकांक्षात्मक विकासखंडों में तेजी से होगा विकास: सीडीओ

- 48 संकेतकों पर सौ प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** नीति आयोग द्वारा चिन्हित आकांक्षात्मक विकासखंड जामो, जगदीशपुर और बाजार शुकुल की प्रगति समीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीडीओ ने कहा कि आकांक्षात्मक विकासखंडों में तेजी से विकास कराया जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत संरचना से जुड़े 48 मानकों पर विस्तृत समीक्षा की गई। सीडीओ ने सभी खंड विकास अधिकारियों और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक संकेतक के लिए माहवार लक्ष्य तय कर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण और पोषण स्तर सुधारने, शिक्षा विभाग को नामांकन और लर्निंग आउटकम बढ़ाने तथा कृषि विभाग को किसान क्रेडिट कार्ड और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर जोर देने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी विकासखंडों को हर माह की 15 तारीख तक अद्यतन जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने और विभागीय पुष्टि सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**बिना सत्यापन भी होगा गेहूं क्रय, अमेठी:** किसानों को बड़ी राहत देते हुए खाद्य एवं रसद विभाग ने गेहूं खरीद को लेकर संशोधित आदेश जारी किया है। डीपीआरमो प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि अब किसानों के पंजीकरण में दर्ज जमीन का सत्यापन न होने पर भी गेहूं की खरीद केंद्रों पर की जाएगी। यदि किसी किसान का ऑनलाइन सत्यापन पूरा नहीं हो पाया है, तो संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी स्वयं दस्तावेजों की जांच कर खरीद सुनिश्चित करेगा। इसके लिए खतौनी, खसरा, चकबंदी प्रपत्र, आधार कार्ड व पहचान पत्र जैसे दस्तावेज देखे जाएंगे। बताया गया है कि यह व्यवस्था 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी इस दौरान किसानों को गेहूं बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# भीषण आग से खेत में पड़ा भूसा जला, ग्रामीणों में आक्रोश

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के भुसहरी गांव में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते करीब 10 बीघा खेतों में पड़े गेहूं के डंठल जलकर राख हो गए, साथ ही हजारों क्विंटल भूसा भी स्वाहा हो गया।

जानकारी के मुताबिक घटना दोपहर करीब 1 बजे अमेठी-विशेषरगंज मार्ग स्थित भुसहरी मोड़ के पास हुई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और आसपास के खेत इसकी चपेट में आ गए। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता से दीपक सिंह का मुर्गी फार्म बाल-बाल बच गया, जहां हजारों मुर्गियां मौजूद थीं। सूचना पर थाना संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन फायर ब्रिगेड के न पहुंचने से हालात और गंभीर हो गए। ग्रामीणों ने खुद ही मोर्चा संभालते हुए जंगली पेड़ों की टहनियों से आग को पीट-पीटकर काबू पाया। ग्राम प्रधान अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन जवाब मिला कि दमकल उपलब्ध नहीं है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। इस आगजनी में बृजेश सिंह, मुन्नू सहित दर्जनों किसानों के खेतों को नुकसान हुआ है।

भूसा जल जाने से अब किसानों को अपने मवेशियों के लिए चारा बाजार से खरीदने की मजबूरी हो गई है। घटना के बाद गांव में मायूसी का माहौल है और पीड़ित किसान प्रशासन से सहायता की मांग कर रहे हैं।

**पृथ्वी दिवस** — शुकुल बाजार के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ संगोष्ठी का आयोजन

# पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : सुरजीत

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को शुकुल बाजार स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राधा फाउंडेशन द्वारा "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शशि कला पटेल, देव अकादमी के निदेशक विनोद पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत यादव तथा वरिष्ठ पत्रकार केशव बाजपेयी का स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं पृथ्वी दिवस पर स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता हुई।


पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेतीं छात्राएं।


पौधरोपण करने के लिए जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। अमृत विचार

60 छात्राओं ने इसमें भाग लिया। छात्रा क्षमा चौहान प्रथम, समा द्वितीय और प्रिया तृतीय रहीं। दिव्या व सेजल को सांत्वना पुरस्कार मिला। राधा फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने विजेताओं को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि आज हम सभी यहां पृथ्वी दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए हैं। राधा फाउंडेशन का उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को सतत विकास की दिशा में प्रेरित करना है। साथ ही, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शुकुल बाज़ार का भी विशेष धन्यवाद जताया।

प्रधानाचार्य शशिकला पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि अनियंत्रित जल दोहन और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। यदि समय रहते जल संरक्षण के प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और अधिक से अधिक पौधारोपण पर बल दिया। देव अकादमी के निदेशक विनोद पांडेय ने कहा कि पेड़ों की कटाई से न केवल जलवायु प्रभावित होती है, बल्कि भूजल स्तर भी तेजी से गिरता है। सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत यादव ने कहा कि गांव स्तर पर पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। तालाबों और जल स्रोतों का संरक्षण कर ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है। वरिष्ठ पत्रकार केशव बाजपेयी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जल बचाएं, पेड़ लगाएं और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें। राधा फाउंडेशन द्वारा छात्राओं को पर्यावरण अनुकूल बैग और पोस्टर वितरित किए गए। पौधरोपण संग जागरूकता रैली निकालकर "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का संचालन मालती देवी ने किया। इस दौरान पृथ्वी पाल, राम हेत पाल, उप प्रधानाचार्य आशा सिंह शिक्षिका मालती व बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# अमृत विचार

गुरुवार, 23 अप्रैल 2026



ज्ञान-भक्ति-युक्त कर्मयोग ही गीता का सार है।
-बाल गंगाधर तिलक



## तपन भरी चेतावनी

मौसम विभाग में चेताया है कि इस साल कई इलाकों में पहले से अधिक समय तक हीट वेव चलेगी, कुछ ऐसे इलाके जो सामान्यतया कम ताप प्रभावित रहते थे, वहां भी इस बार हीट वेव का प्रकोप दिखेगा, यूपी, बिहार,एनसीआर में अप्रैल-मई की दहलीज़ पर ही पारा 40 डिग्री पार कर चुका है। संकेत साफ हैं, इस वर्ष लू का प्रकोप अधिक लंबा, ज्यादा तीव्र और बहुत व्यापक होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के आकलन के अनुसार पिछले चार दशकों में हीटवेव से मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ा है।

जब देश के 80 से 87 फीसदी भूभाग गर्मी की चपेट में आने की आशंका हो, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हमारी तैयारी पर्याप्त है? कुछ शहरों ने हीट एक्शन प्लान लागू किए हैं, जिनमें अलर्ट सिस्टम, कूलिंग सेंटर, काम के समय में बदलाव और पानी की उपलब्धता जैसे कदम शामिल हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर कवरेज अभी असमान है, खासकर छोटे शहरों और कस्बों में। सबसे अधिक जोखिम में वे लोग हैं, जो खुले में काम करते हैं— रेहड़ी-पटरी वाले, दिहाड़ी मजदूर, निर्माण श्रमिक, साथ ही बच्चे और बुजुर्ग। इनके लिए लक्षित सुरक्षा अभी भी बिखरी हुई है। सरकारों को इसके लिए समय से सचेत होने का समय है। तात्कालिक समाधानों पर अब देरी अक्षम्य होगी, जबकि दीर्घकालिक समाधान अपनाना जटिल तो है पर अपरिहार्य हैं। शहरी हीट प्रोफाइलिंग को नीति का आधार बनाना होगा। वार्ड स्तर तक तापमान, नमी, हरित आवरण और निर्मित सतहों का नक्शा तैयार कर डिस्कंफर्ट इंडेक्स का एटलस बनाना, जिससे 'हॉट स्पॉट्स' की पहचान कर क्षेत्र-विशेष के लिए योजनाएं बनाई जा सकती हैं, इसे राष्ट्रीय कार्यक्रम का रूप देना होगा। अर्बन हीट आइलैंड को कम करने के लिए निर्माण मानकों में बदलाव करना, कूल रूफ, कूल पेवमेंट, परावर्तक पेंट, छतों पर हरियाली और जल निकायों का संरक्षण जरूरी है। ग्रीन और ब्लू इंफ्रास्ट्रक्चर पर सोचना होगा, जिसके तहत सड़कों व बाज़ारों में छायादार पेड़ लगाने, शहरी वन, पार्क और तालाब निर्मित कर होंगे। ये जीवनरक्षक ढाल बनेंगे। इसके अलावा प्रदूषण में कमी, एरोसोल और ग्रीनहाउस गैसें ताप को बढ़ाती हैं; स्वच्छ ऊर्जा और सार्वजनिक परिवहन को गति देना अनिवार्य है। कृषि पर असर भी कम गंभीर नहीं। बढ़ती गर्मी फसल अवधि घटाती है, उत्पादकता कम करती है और पानी की मांग बढ़ाती है। फसल विविधीकरण, हीट-टॉलरेंट बीज, माइक्रो-इरिगेशन और फसल बीमा का विस्तार के साथ खरीफ-रबी कैलेंडर में स्थानीय स्तर पर लचीलापन देना होगा।

स्पेन और फ्रांस ने कूलिंग सेंटर और काम के समय में बदलाव को कानून का हिस्सा बनाया है; ऑस्ट्रेलिया ने 'हीट हेल्थ वार्निंग सिस्टम' को स्थानीय शासन से जोड़ा है; सिंगापुर शहरी हरियाली और जल निकायों के जरिए ताप कम कर रहा है। भारत को इन मॉडलों को अपने सामाजिक-आर्थिक संदर्भ में ढालना होगा, क्योंकि आर्थिक दृष्टि से हीटवेव उत्पादकता घटाकर जीडीपी पर सीधा प्रहार करती है, इसलिए स्पष्ट लक्ष्य, बजट और जवाबदेही के साथ सरकार के लिए यह आपदा नहीं, विकास का एजेंडा होना चाहिए। अब इस संकट पर निर्णय का समय है, तैयारी को नीति का केंद्र बनाने का।

### प्रसंगवश

## पारिवारिक कलह से रिश्तों का होता पतन

भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश है, लेकिन देश में बढ़ते अपराध, विशेषकर घरेलू और पारिवारिक हिंसा के जघन्य मामलों में निरंतर वृद्धि होना एक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। आज के आधुनिक दौर में जब भी हम समाचार पत्रों या न्यूज़ चैनलों से रूबरू होते हैं, तो राजनीति से इतर आपराधिक घटनाओं और पारिवारिक कलह से जुड़ी खबरों का प्रतिशत लगातार बढ़ता दिखाई देता है। देश के लगभग हर धर्म, वर्ग और समाज में पारिवारिक हिंसा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है, जो कई बार जघन्य अपराधों का रूप ले लेता है।

भारत विश्व को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाला देश माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि हमारे अपने ही परिवारों में रिश्तों के बीच दूरियां इतनी बढ़ती जा रही हैं कि साथ बैठकर भोजन करना भी कठिन होता जा रहा है। सिर्फ भाई-भाई के रिश्ते ही नहीं, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी जिस गति से अलगाव बढ़ रहा है और उसके भयावह परिणाम सामने आ रहे हैं, वह पूरे समाज के लिए गहन चिंतन का विषय है। यह स्थिति हर धर्म, हर वर्ग और हर व्यक्ति को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करती है।



अरविंद रावल
लेखक

आधुनिकता की दौड़ में हमने नई पीढ़ी को महंगी शिक्षा और भौतिक सुख-सुविधाएं तो भरपूर दी हैं, लेकिन उन्हें सहनशीलता, धैर्य, अपनत्व, विनम्रता और परिवार को साथ लेकर चलने के संस्कार देने में हम कहीं पीछे रह गए हैं। परिणामस्वरूप, नवपीढ़ी में धैर्य और सहनशीलता का अभाव बढ़ रहा है, जो पारिवारिक कलह को जन्म देकर कई बार गंभीर अपराधों में बदल जाता है। आज कोई भी समाज या व्यक्ति यह दावा नहीं कर सकता कि वह पारिवारिक कलह से पूरी तरह मुक्त है।

जो घटनाएं आज हम समाचारों में देख-सुन रहे हैं, वे कल किसी भी परिवार की वास्तविकता बन सकती हैं। कहीं पैसों के विवाद, कहीं अवैध संबंधों की आशंका, कहीं कर्ज का दबाव, तो कहीं नशे की लत या पारिवारिक हस्तक्षेप, इन सभी कारणों से महानगरों से लेकर गांवों तक रिश्तों का पतन तेजी से बढ़ रहा है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि कई बार कम उम्र और कम समझ वाले लोग भी संदेह या आवेग में आकर अपने ही जीवनसाथी की हत्या जैसे जघन्य अपराध कर बैठते हैं। वहीं, कर्ज और पारिवारिक तनाव से परेशान होकर अपने ही मासूम बच्चों की हत्या कर आत्महत्या करने की घटनाएं भी समाज को झकझोर देती हैं।

यह भी एक कटु सत्य है कि पारिवारिक कलह अब केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक सीमित नहीं रही। जहां गरीब परिवारों में इसे आर्थिक तंगी का परिणाम माना जाता है, वहीं संपन्न और भौतिक रूप से समृद्ध घरों से उठती कलह की आवाजें रिश्तों के आंतरिक विघटन की ओर संकेत करती हैं। हर दिन अवैध संबंधों की शंका और अविश्वास के चलते प्रेम, विश्वास और अपनत्व जैसे रिश्तों का गला घोंटने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसे में समाज के हर वर्ग को पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण और रिश्तों की गरिमा बनाए रखने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। यदि हम परिवार की खुशहाली, सौहार्द और विश्वास को बनाए रखना चाहते हैं, तो मजबूत और संतुलित दाम्पत्य जीवन पर सामूहिक मंथन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

## आधी आबादी को बराबरी का हक आखिर कब





अमित शर्मा
हल्द्वानी

देश की संसद में पिछले दिनों जो हुआ, उसके बाद आरोप-प्रत्यारोप के साथ तीखी बयानबाजी का दौर पूरी रफ्तार से जारी है। यहां बात राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस चुके नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू न होने की हो रही है। मौका चुनावी दौर का है, तो इस पर सियासत, वो भी तेज रफ्तार से होना लाजिमी है। भारतीय जनता पार्टी जहां विपक्ष के विरोध को देश की मातृशक्ति का अपमान बताकर इस मुद्दे को अंजाम तक पहुंचाने की शपथ ले चुकी है, तो कांग्रेस समेत मुख्य विपक्षी दल इसे चुनावी स्टंट और असमय का मुद्दा बताकर झुकने को तैयार नहीं हैं।

देश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के इस 'कोल्ड वार' ने एक अति संवेदनशील विषय पर नई गर्मागर्म बहस को जन्म दे दिया है, लेकिन इन सबसे अलग हटकर सबसे खास बात यह है कि इस कानून के पूरी तरह से अस्तित्व में आने के बाद जिसे फायदा होगा, वह है आधी आबादी, जो पूछ रही है कि हमें पूरी तरह से बिना किसी राजनीतिक विवाद के बराबरी का हक आखिर कब तक मिलेगा।

घर की रसोई से लेकर अंतरिक्ष की चुनौतियों से पार पाने वाली देश की मातृशक्ति अब किसी भी क्षेत्र में परिचय की मोहताज नहीं रह गई है, हालांकि दूसरे देशों की तुलना में कई मामलों में भारत के कई हिस्सों में महिलाओं के सुपर वुमन बनने की गति अभी धीमी ही है, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया भर के 130 से ज्यादा देशों में किसी न किसी रूप में महिला आरक्षण लागू है और मोटे तौर पर इनमें अधिकांश देशों में सीट आरक्षण, उम्मीदवार कोटा और पार्टी के स्वैच्छिक कोटे के आधार पर यह महिला आरक्षण लागू है।

भारत में गांव-देहात से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में महिलाएं कुशलता से नेतृत्व करती आ रही हैं, लेकिन पंचायत और निकाय स्तर पर 'प्रधानपति'' जैसा शब्द आज भी महिलाओं के बराबरी से फैसला लेने के हक जैसे शब्द को हल्का करता है।

सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े ऐसे अतिसंवेदनशील और अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वह भी तब, जब आज की महिलाएं घर से लेकर देश की आर्थिकी और विकास में अहम योगदान दे रही हैं और हर अवसर की सम्मान के साथ हकदार हैं।

हाल के राजनीतिक बयानों की बात करें तो कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करना न केवल अव्यावहारिक है, बल्कि इससे लोकतांत्रिक संतुलन बिगड़ेगा, जबकि भाजपा का कहना है कि कांग्रेस आज इस अधिनियम में 'आरक्षण में आरक्षण' की असंवैधानिक मांग कर रही है, जबकि मनमोहन सरकार द्वारा पेश तत्कालीन महिला आरक्षण अध्यादेश में इसका जिक्र तक नहीं था।

पहले कांग्रेस और विपक्ष भी एकमत था कि इस कानून को वर्ष 2029 में लागू किया जाए। अब उसके लिए पूर्व में पारित कानून अनुसार पहले जनगणना, फिर परिसीमन की शर्त अनिवार्य है। उसमें भी जाति गणना शामिल होने से इस प्रक्रिया का वर्ष 2029 से पहले किसी भी तरह से पूरा होना संभव नहीं था। यही वजह है कि संसद में महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर आवश्यक संशोधन लाए गए थे, जिसको विपक्ष ने पारित ही नहीं होने दिया।

इन सबसे अलग हटकर यहां बड़ा सवाल यह भी है कि महिला आरक्षण तभी लाभदायक माना जाना जाएगा, जब नियत समय में स्पष्ट नीयत के साथ आधी आबादी को बराबरी का पूरा हक दिया जाए। इसके लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह कानून कितनी जल्दी लागू होता है। यहां इस बात पर भी विचार करना होगा कि इसका फायदा जमीन से जुड़ीं महिला नेत्रियों को मिलेगा या फिर टिकट परिवारवाद में सिमटकर रह जाएगा।

इस नए कलेवर में जो महिलाएं चुनकर आएंगी, वे अपने फैसले स्वतंत्र रूप से ले पाएंगी या उसमें भी कहीं न कहीं सेंसरशिप लागू होगी। ये सवाल अपनी जगह पर कायम रहेंगे और फायदा-नुकसान का आकलन करना बहुत जल्दबाजी होगी, लेकिन यह तारीफ की बात है कि देश की आधी आबादी के लिए सत्ता के हक के दरवाजे खुल चुके हैं और अब बस चलना बाकी है।

संशोधन बिल का विरोध होने के दौरान विपक्षी दलों से जुड़ी महिलाओं का चुप्पी साधना और इस अहम विषय को राजनीति की चाशनी में लपेटकर जनता के सामने पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। सवाल तो यह भी बनता है कि क्या सियासत के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति इसी तरह की बनी रहेगी या महिला आरक्षण पूरी तरह से लागू होने के बाद उसमें कोई क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। महिला आरक्षण को लेकर भाजपा ने एक लंबी रेखा खींच दी है और किसी रेखा को बिना मिटाए या काट पीट के छोटा करने की शर्त वही जीत सकता है, जो उससे भी बड़ी लाइन खींच दे। अगर ऐसा होता है तो सही मायने में महिलाओं का आरक्षण का लाभ मिलना तय है।

वैसे भी, यह अफसोसनाक तो है, लेकिन वह राजनीति ही क्या, जहां हर फैसला बिना किसी ना-नुकुर के और मीन-मेख निकाले मान लिया जाए, हालांकि जहां बात आधी आबादी के हक और सम्मान से जुड़े कानूनों की आए तो उनके रास्तों में आने वाले कांटों को गंभीरता दिखाते हुए बिना किसी स्वार्थ के समन्वय के साथ चुन-चुनकर हटाने की नीति अपनाई जानी चाहिए, नहीं तो देर से मिलने वाला हक हो या न्याय, वह अधूरा ही माना जाता है।

सियासत की इस जंग का नतीजा आने वाले समय में क्या निकलेगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन देश की आधी आबादी से जुड़े अति महत्वपूर्ण प्रकरण पर भी राजनीति होना और एक राय न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आमने



यह सीजफायर तब तक जारी रहेगा, जब तक ईरान अपनी तरफ से ठोस प्रस्ताव पेश नहीं कर देता और दोनों देशों के बीच बातचीत का सिलसिला पूरा नहीं हो जाता। पाकिस्तान ने तनाव कम करने और बातचीत को मौका देने की अपील की थी, जिसे ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया।

-डोनाल्ड ट्रंप
अमेरिकी राष्ट्रपति

### सामने



सीजफायर को आगे बढ़ाना कोई शांति का प्रयास नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। यह कदम अचानक हमले की तैयारी के लिए अतिरिक्त समय जुटाने जैसा है। जो पक्ष कमजोर स्थिति में होता है, वह ऐसी शर्तें नहीं थोप सकता।

-मोहम्मद बघेर
स्पीकर, ईरानी संसद

## पश्चिम बंगाल चुनाव में 'चीनी' किस तरफ!



विवेक शुक्ला
पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

कोलकाता के टांगरा में अप्रैल की धूप चमक रही है। इधर की दीवारों पर अब लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं। यहां 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव का मतदान है। टांगरा के चीनी मूल के मतदाताओं की आबादी करीब पांच हजार के आसपास है। इनकी उपस्थिति से पश्चिम बंगाल की राजनीति का रंग और भी समावेशी हो जाता है, लेकिन ये दीवारें सिर्फ चुनावी रंग नहीं, बल्कि 250 साल पुरानी कहानी की जीवंत गवाही हैं। एक ऐसी कहानी, जो चाय बगीचों से शुरू हुई, चमड़े की टेनरी में फली-फूली, 1962 के युद्ध की आग में झुलसी और आज भी टीएमसी से लेकर बीजेपी और कांग्रेस तक के वोट-मांगने वाले पोस्टरों में सांस ले रही है।

राजनीति में इन चीनी मूल के भारतीय नागरिकों का रोल हमेशा अनोखा रहा है। पहले के चुनावों में कांग्रेस व सीपीएम उन्हें अपना समर्थक मानते थे। 1970-80 के दशक में चीनी टेनरी ओनर्स एसोसिएशन ने राजनीतिक रिश्ते बनाए, लेकिन 2011 के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उन्हें खास तवज्जो दी। 2019 के लोकसभा चुनाव से शुरू होकर इस विधानसभा चुनाव तक टीएमसी ने मंदारिन में टांगरा की दीवारों पर 'टीएमसी उम्मीदवार को वोट दो' के नारे लिखवाए हैं। कांग्रेस-बीजेपी भी पीछे नहीं हैं। राजनीतिक कार्यकर्ता टांगरा की गलियों में चीनी भाषा के पोस्टर चिपका रहे हैं। क्यों? क्योंकि टांगरा का हर वोट मायने रखता है। छोटी आबादी, लेकिन एकजुट। ये दीवारें कोलकाता की बहुलता की कहानी कहती हैं।

आगे बढ़ने से पहले पीछे मुड़कर देख लेते हैं। सब कुछ शुरू हुआ 1778 में। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर-जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स ने एक चीनी व्यापारी को बंगाल में जमीन दी। नाम था टोंग आह च्यू। यहां के स्थानीय लोग उसे 'एटच्यू' कहते थे। हुगली नदी के किनारे उसने चीनी मिल लगाई। एटच्यू की मौत के बाद उसके मजदूर कोलकाता चले आए। टिरेट्टा बाजार कोलकाता का पहला चाइना टाउन बन गया। 19वीं सदी के अंत तक और चीनी आए।

दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक शूद शो रूम के मालिक जॉर्ज च्यू कहते हैं, 'हम भारत आकर बसे चीनियों का संबंध चीन के गुआंगडोंग, फूजियान और जियांग्शी से था। चीनी गृहयुद्ध, जापानी आक्रमण और अकाल से भागकर वे यहां पहुंचे। हिंदू-मुस्लिम समाज में चमड़े का काम 'अछूत' था, हमने उसे अपना लिया। टांगरा 1920 के दशक में नया घर बन गया। टेनरी उद्योग फल-फूल उठा। सैकड़ों जूते की दुकानें बेंटिंक स्ट्रीट पर खुल गईं।'

कोलकाता की चीनी आबादी 50 हजार तक पहुंच गई। रेस्टोरेंट, डेंटिस्ट, कारपेंटर जैसे पेशों में वे चमक रहे थे। उनके पास अपनी दुनिया थी। 1969 में ली यून चिन नाम के चीनी ने 'सीओंग पॉव' (ओवरसीज चाइनीज कॉमर्स ऑफ इंडिया) अखबार शुरू किया। भारत का इकलौता चीनी भाषा का दैनिक। इसमें मंदारिन में कोलकाता की खबरें, चीन-ताइवान-हांगकांग की घटनाएं, शादियां-जन्म-मृत्यु की सूचनाएं होती थीं। यह अखबार कोलकाता के चीनियों का 'सोशल मीडिया' था। तब टांगरा की गलियों में चीनी मंदिर, ड्रैगन डांस, नया साल का जश्न हुआ करता था। 1962 का भारत-चीन युद्ध आया और सब बदल गया।

युद्ध की खबरें फैलीं तो कोलकाता के चीनी इलाकों में दहशत छा गई। हजारों को 'एनेमी एलियन' घोषित कर दिया गया। तब बहुत सारे परिवार देश के अलग-अलग इलाकों में चले गए। टेनरी बंद हो गईं, दुकानें लूट ली गईं। कुछ को डिपोर्ट कर दिया गया। कोलकाता के एक नौजवान चीनी मूल के भारतीय एन ली कहते हैं, 'हम भारतीय थे, लेकिन चीनी चेहरा देखकर हमें गद्दार समझा गया।' इनकी आबादी घटने लगी। इनकी नई नस्ल कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया की ओर पलायन करने लगी। 2023 तक 'सीओंग पॉव' भी बंद हो गया। संपादक की मौत के बाद कोई नहीं बचा उसे चलाने को। फिर भी टांगरा टिका रहा। आज भी यहां मशहूर चीनी रेस्टोरेंट हैं। टेनरी उद्योग अब पर्यावरण नियमों के कारण मुश्किल में है, लेकिन समुदाय ने खुद को भारतीय बनाया है। वे भारतीय पासपोर्ट धारक हैं, बंगाली बोलते हैं, दीवाली-दुर्गा पूजा मनाते हैं, फिर भी चीनी नया साल और चीनी मंदिर उनकी पहचान बने हुए हैं।

पिछले विधानसभा चुनावों की तरह इस बार भी चीनी समुदाय टीएमसी की ओर झुकाव रखता दिख रहा है। ममता सरकार ने उन्हें सांस्कृतिक सम्मान दिया। चीनी नववर्ष पर सरकारी कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं, लेकिन शिकायतें भी हैं। एसआईआर में सैकड़ों चीनी मूल के वोटरों के नाम कट गए। च्यू कहते हैं कि भारत में बसे चीनी मूल के लोग कोलकाता से ही सारे देश में जाकर बसे। हम भारतीय हैं, फिर भी पहचान पर सवाल है?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

कोलकाता की दीवारों पर लाल-सुनहरे मंदारिन अक्षरों में नारे चमक रहे हैं। 'टीएमसी को सपोर्ट करो!' या 'कांग्रेस विकास की राह!' कुछ दीवारों पर बीजेपी के नारे भी दिखाई दे रहे हैं।

### सोशल फोरम

## आइंस्टीन के दोस्त

मार्च 1955 में अल्बर्ट आइंस्टीन को अपने सबसे पुराने और करीबी दोस्त मिशेल बेसो की मौत की खबर मिली। वे पचास साल से ज्यादा समय से एक साथ थे। बेसो ही वो शख्स थे, जिनसे आइंस्टीन ने स्पेशल थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी की बातें की थीं। 1905 के उस पेपर में सिर्फ बेसो का ही शुक्रिया अदा किया गया था, जिसने भौतिकी की दुनिया बदल दी।



शिवानंद मिश्रा
लेखक

आइंस्टीन ने बेसो के परिवार को पत्र लिखा। उस पत्र में एक वाक्य था जो आज भी भौतिकी की दुनिया में गूंजता है। 'मिशेल इस अजीब दुनिया को छोड़ने में मुझसे थोड़ा आगे निकल गए। इसका कोई मतलब नहीं। हम जैसे भौतिकी में विश्वास रखने वालों के लिए अतीत, वर्तमान और भविष्य के बीच का फर्क सिर्फ एक जिद्दी भ्रम है।'

आइंस्टीन दोस्तों की तरह सांत्वना नहीं दे रहे थे। वे गर्मजोशी या उम्मीद की बातें नहीं कर रहे थे। वे भौतिकी की मजबूरी बता रहे थे। 'भौतिकी में विश्वास' का मतलब धर्म नहीं था। मतलब था समीकरणों पर भरोसा। उन समीकरणों ने साबित कर दिया था कि समय वैसा नहीं है, जैसा हम सोचते हैं। आइंस्टीन की रिलेटिविटी बताती है कि ब्रह्मांड में हर पल उतना ही असली और स्थायी है जितना स्पेस का हर बिंदु।

अतीत खत्म नहीं होता जब वर्तमान आगे बढ़ जाता है। जिंदगी खत्म होने पर ब्रह्मांड से गायब नहीं हो जाती। वह सिर्फ पहुंच से बाहर हो जाती है। जैसे कोई शहर, जिसे आप बीस साल पहले छोड़ आए हैं। वह नक्शे पर अभी भी मौजूद है।

आइंस्टीन ने यह पत्र लिखने के पांच हफ्ते बाद खुद इस दुनिया को छोड़ दिया। उनके अपने समीकरणों के मुताबिक उनकी जिंदगी के हर पल भी ब्रह्मांड की चार आयामी संरचना में हमेशा के लिए दर्ज हैं।

यह कोई कविता नहीं। यह भौतिकी है जो हम रोज इस्तेमाल करते हैं। रिलेटिविटी की सबसे बड़ी बात यह है कि समय यूनिवर्सल नहीं है। दो अलग-अलग गति से चलने वाले वे समय को अलग-अलग तरीके से महसूस करते हैं। एक तेज स्पेसक्राफ्ट में घड़ी धीमी चलती है। यह कोई खराबी नहीं। समय खुद अलग दर से गुजरता है।

1971 में हाफेल और कीटिंग ने एटॉमिक क्लॉक्स विमानों में घुमाए। पूर्व की ओर जाने वाली घड़ियां धीमी पड़ीं। पश्चिम की ओर वाली तेज। नैनोसेकंड का फर्क था, लेकिन आइंस्टीन की भविष्यवाणी बिल्कुल सही थी।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## तमिलनाडु में अस्मिता बनाम संगठन की टक्कर

तमिलनाडु की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां चुनावी जंग अब बड़े-बड़े मंचों और नारों से निकलकर सीधे बूथ स्तर तक पहुंच चुकी है। इस बार मुकाबला केवल पार्टियों के बीच नहीं, बल्कि रणनीतियों, संगठन क्षमता और मतदाताओं तक पहुंच बनाने की कला के बीच भी है। सत्तारूढ़ एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने चुनावी लड़ाई को अंतिम चरण में एक नए आयाम पर ला दिया है, जिसे 'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' के रूप में देखा जा रहा है। यह अभियान केवल मतदाताओं को मतदान की याद दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-राजनीतिक संवाद का हिस्सा बन चुका है।

तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से एक चक्र चलता आया है, जिसमें द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम बारी-बारी से सत्ता मं आती रही हैं। इस बार की सबसे बड़ी चुनौती इसी चक्र को तोड़ने की है। एमके स्टालिन के सामने यह केवल सत्ता में बने रहने का सवाल नहीं, बल्कि एक स्थायी राजनीतिक आधार तैयार करने की परीक्षा भी है। यही कारण है कि उनकी पार्टी ने प्रचार के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर मतदाताओं के दरवाजे तक पहुंचने की रणनीति अपनाई है।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

'वोटर रिमाइंडर कैंपेन' दरअसल एक सूक्ष्म और लक्षित अभियान है, जिसके तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। इस अभियान में विशेष रूप से महिलाओं, सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों और शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। यह रणनीति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि तमिलनाडु के चुनावों में महिलाओं की भागीदारी और उनका झुकाव अक्सर निर्णायक भूमिका निभाता है। इसके साथ ही शहरी, तटीय और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ को मजबूत करने का प्रयास भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

दूसरी ओर, विपक्ष में खड़ी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम अपनी पारंपरिक ताकत, यानी मजबूत बूथ संगठन और ग्रामीण नेटवर्क पर भरोसा कर रही है। एडापड्डी के पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी पश्चिमी तमिलनाडु के जिलों कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड और सेलम में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रही है। यहां पार्टी का आधार मुख्य रूप से गौंडर समुदाय पर टिका हुआ है, जो लंबे समय से उसकी रीढ़ माना जाता रहा है, हालांकि बदलते सामाजिक समीकरण और गठबंधन राजनीति ने इस बार इस समर्थन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के लिए दोधारी तलवार साबित हो रहा है। जहां एक ओर यह गठबंधन कुछ क्षेत्रों में राजनीतिक मजबूती देता है, वहीं दूसरी ओर दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं के बीच पार्टी की स्वीकार्यता को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि कई ऐसे क्षेत्र, जो पहले पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाते थे, अब वहां स्थिति उतनी सहज नहीं दिख रही।

मुद्दों की बात करें तो केवल स्थानीय समस्याएं ही नहीं, बल्कि बड़े राष्ट्रीय और भावनात्मक विषय भी प्रमुखता से उभरे हैं। डिलिमिटेशन यानी परिसीमन का मुद्दा, जिसे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने तमिलनाडु के अधिकारों से जोड़ दिया है, चुनावी बहस के केंद्र में है। पार्टी इसे 'राज्य बनाम केंद्र' के रूप में प्रस्तुत कर रही है, जिससे क्षेत्रीय अस्मिता को बल मिलता है। इसके अलावा महिला कल्याण योजनाएं, नकद सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े वादे भी मतदाताओं को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## वर्ड स्मिथ

### News शब्द की उत्पत्ति

'News' शब्द की उत्पत्ति के बारे में एक दिलचस्प कहानी प्रचलित है, जिसे लोग अक्सर सुनते और साझा करते हैं। कहा जाता है कि 'News' शब्द चार दिशाओं-North (उत्तर), East (पूर्व), West (पश्चिम) और South (दक्षिण) के पहले अक्षरों से मिलकर बना है। इस व्याख्या के अनुसार, दुनिया के चारों कोनों से आने वाली सूचनाओं को एकत्र करके लोगों तक पहुंचाया जाता था, इसलिए इसे 'News' कहा गया। यह विचार सुनने में आकर्षक है और समाचार के व्यापक दायरे को भी दर्शाता है। हालांकि भाषाविज्ञान के अनुसार यह व्याख्या पूरी तरह सही नहीं मानी जाती। वास्तव में 'News' शब्द अंग्रेज़ी के शब्द 'New' से बना है, जिसका अर्थ है 'नया'। मध्यकालीन अंग्रेजी में 'newes' या 'new things' जैसे शब्दों का प्रयोग ताजा घटनाओं और नई जानकारियों के लिए किया जाता था। समय के साथ यह शब्द विकसित होकर 'news' बन गया और इसका अर्थ हो गया नई या ताजा सूचनाएं। इतिहास में जब छपाई कला का विकास हुआ और समाचार पत्रों का प्रचलन बढ़ा, तब 'news' शब्द का उपयोग और भी व्यापक हो गया। लोग दूर-दराज की घटनाओं के बारे में जानने के लिए समाचार पत्र पढ़ने लगे, और यह शब्द जनसंचार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया। इस प्रकार, 'News' शब्द के पीछे की असली कहानी 'नवीनता' से जुड़ी है, जबकि चार दिशाओं वाली कहानी एक रोचक किंवदंती के रूप में प्रचलित है, जो इस शब्द को और भी यादगार बना देती है।




## नोटिस बोर्ड

### परीक्षा कार्यक्रम जारी



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने चालू शिक्षा सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 5 मई से 5 जून तक आयोजित होंगी। परीक्षा प्रतिदिन तीन पालियों सुबह 8:30-10:30, स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) होंगी, जबकि अन्य स्नातक एवं परास्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं बहुविकल्पीय प्रश्न पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 29 अप्रैल से परीक्षाएं

रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 26 मई तक होंगी, जबकि छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 13 जून तक निर्धारित हैं। द्वितीय सेमेस्टर की डेटशीट बाद में जारी की जाएगी। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक एक निश्चित समय स्लॉट में होंगी। 29 अप्रैल को शुरुआती दिन ही संगीत, कोरियोग्राफी और पर्शियन जैसे कौशल-आधारित विषयों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान जैसे व्यावसायिक विषयों को भी पहले चरण में शामिल किया गया है। विवि की वेबसाइट से छात्र परीक्षा कार्यक्रम जारी कर सकते हैं।



# जॉब-रेडी एजुकेशन : टेक और स्किल का संगम

समय के साथ शिक्षा और करियर की दिशा तेजी से बदल रही है। अब युवा ऐसे कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जो सीधे रोजगार और स्किल डेवलपमेंट से जुड़े हों। टेक्नोलॉजी, डिजिटलाइजेशन और नई शिक्षा नीतियों के प्रभाव से 2026 में कई नए कोर्स तेजी से उभरकर सामने आए हैं। इन कोर्सों की खास बात यह है कि इनकी मांग केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनकी जरूरत बढ़ रही है। ऐसे में सही कोर्स का चुनाव युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।



डॉ. अनुराग तिवारी
डायरेक्टर बीबीडी आईटीएम, लखनऊ



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज लगभग हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुका है। हेल्थकेयर से लेकर फाइनेंस और ई-कॉमर्स तक, हर सेक्टर में AI का उपयोग बढ़ रहा है। कंपनियां ऐसे प्रोफेशनल्स की तलाश में हैं, जो ऑटोमेशन और डेटा आधारित निर्णय लेने में सक्षम हों। यही वजह है कि एआई और मशीन लर्निंग के कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इंजीनियरिंग संस्थानों के अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इनकी पढ़ाई आसान हो गई है।

### डिजिटल मार्केटिंग

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने डिजिटल मार्केटिंग को एक मजबूत करियर विकल्प बना दिया है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट और सर्विस को ऑनलाइन प्रमोट करना चाहती है। SEO, सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट क्रिएशन और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग जैसे कोर्स युवाओं को कम समय में स्किल्ड बनाते हैं और उन्हें फ्रीलांसिंग से लेकर जॉब तक कई विकल्प प्रदान करते हैं।

### स्किल बेस्ड और शॉर्ट टर्म कोर्स

आज के छात्र पारंपरिक लंबी अवधि वाले कोर्स की बजाय स्किल आधारित और शॉर्ट टर्म कोर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। कम समय में जॉब-रेडी बनने के लिए Communication Skills, Personality Development, Coding Bootcamp और एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये कोर्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देते हैं, जिससे वे तुरंत रोजगार के लिए तैयार हो जाते हैं। वर्तमान समय में करियर के विकल्प पहले से कहीं अधिक विविध और अवसरों से भरपूर हैं। जरूरत है सही जानकारी और अपनी रुचि के अनुसार कोर्स का चयन करने की। यदि छात्र समय के साथ बदलते ट्रेंड को समझकर निर्णय लेते हैं, तो वे न केवल बेहतर करियर बना सकते हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान भी स्थापित कर सकते हैं।

### डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स

डिजिटल युग में डेटा को सबसे मूल्यवान संसाधन माना जा रहा है। बड़ी कंपनियां अपने बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए डेटा का गहराई से विश्लेषण कर रही हैं। ऐसे में डेटा साइंटिस्ट और डेटा एनालिस्ट की मांग लगातार बढ़ रही है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा कलेक्शन, प्रोसेसिंग, एनालिसिस और विजुअलाइजेशन की ट्रेनिंग दी जाती है, जो उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करती है।

### साइबर सिक्योरिटी

इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी आई है। ऐसे में कंपनियां और संस्थान अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स पर निर्भर हो गए हैं। एथिकल हैकिंग, नेटवर्क सिक्योरिटी और इंफॉर्मेशन सिक्योरिटी जैसे कोर्स युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। इस क्षेत्र में करियर न केवल सुरक्षित है, बल्कि इसमें अच्छी सैलरी के अवसर भी मौजूद हैं।

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज के समय में ज्यादातर कंपनियां अपने डेटा और सर्विसेज को क्लाउड प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट कर रही हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग और DevOps जैसे कोर्स आईटी सेक्टर में तेजी से उभर रहे हैं। इन कोर्सों के जरिए छात्र क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, सर्वर मैनेजमेंट और एप्लिकेशन डिप्लॉयमेंट की जानकारी हासिल करते हैं। यह क्षेत्र करियर ग्रोथ और आकर्षक वेतन के लिए जाना जाता है।



## कैंपस का पहला दिन | अजनबी माहौल से अपनेपन तक का सफर

कैंपस का पहला दिन सचमुच किसी नई दुनिया में कदम रखने जैसा होता है-उत्साह, डर, जिज्ञासा और अनगिनत आशंकाओं से भरा हुआ। इंटरमीडिएट के बाद जब मैंने डिग्री कॉलेज में प्रवेश लिया, तो मन में कई तरह के विचार उमड़-घुमड़ रहे थे। मैं स्वभाव से थोड़ा शर्मीला और संकोची रहा हूं, इसलिए नए माहौल में खुद को ढालना मेरे लिए आसान नहीं था। पहले दिन जब कॉलेज पहुंचा, तो ऐसा लगा जैसे मेरे कदम मेरा साथ नहीं दे रहे हों। सब कुछ आंखों के सामने होते हुए भी धुंधला-सा लग रहा था।



सक्षम सिन्हा
छात्र

कैंपस के बारे में पहले से सुनी बातें-यूनियनबाजी, गुटबंदी और झगड़े-मन में डर पैदा कर रही थीं। क्लास में जाने का साहस ही नहीं जुटा पा रहा था। तभी मैदान में कुछ सीनियर्स ने रोक लिया और वहीं मेरी 'क्लास' लग गई। किसी ने मेरे चश्मे और बालों में तेल देखकर मजाक उड़ाते हुए 'चम्पू' कह दिया। उस क्षण मैं बेहद असहज और छोटा महसूस करने लगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंची और मन भीतर तक आहत हो गया। उस दिन मैं बिना कुछ किए ही घर लौट आया और बिस्तर पर औंधे मुंह लेटकर देर तक रोता रहा। लगा जैसे यह दुनिया मेरे लिए नहीं बनी है। लेकिन अगले ही दिन हालात बदलने लगे। कुछ पुराने दोस्त घर आए, जिन्होंने उसी कॉलेज में दाखिला लिया था। उनसे खुलकर बात करने पर मन हल्का हुआ और भीतर कहीं हिम्मत जागी। उनके साथ कॉलेज जाना शुरू किया तो सब कुछ धीरे-धीरे आसान लगने लगा। साथ में क्लास करना, लंच शेयर करना और कैंपस में घूमना-इन छोटी-छोटी बातों ने मेरे अंदर आत्मविश्वास भर दिया। समय के साथ मैंने समझा कि हर नई जगह शुरू में कठिन लगती है, लेकिन धैर्य और सही साथ से सब सरल हो जाता है। कॉलेज की आजादी का अपना अलग ही आनंद है। यहां न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि व्यक्तित्व विकास के भी कई अवसर मिलते हैं। मैंने धीरे-धीरे नए लोगों से बातचीत शुरू की, शिक्षकों से जुड़ाव बनाया और गतिविधियों में हिस्सा लेना भी शुरू किया। इससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूं, तो एहसास होता है कि वही डरावना पहला दिन मेरे जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ था। अगर दोस्तों का साथ और उनका हौसला न मिलता, तो शायद मैं खुद को कभी इस माहौल में ढाल नहीं पाता। सच तो यह है कि अच्छे दोस्त न सिर्फ मुश्किल समय में सहारा बनते हैं, बल्कि जीवन के सफर को खूबसूरत और यादगार भी बना देते हैं। कॉलेज की यह यात्रा मेरे लिए सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दोस्ती और जीवन को समझने का एक अनमोल अनुभव बन गई।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'प्रज्ञा' नामक उन्नत उपग्रह इमेजिंग प्रणाली को शामिल किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित इस प्रणाली को गृह मंत्रालय (एमएचए) को सौंप दिया गया है। यह प्रणाली सुरक्षा एजेंसियों के लिए वास्तविक समय की निगरानी और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाएगी।
- हाल ही में रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत और रूस ने अप्रैल 2026 में पारस्परिक रसद विनिमय समझौते (आरईएलओएस) को लागू किया। मूल रूप से इस पर फरवरी 2025 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के सैन्य अड्डों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंच के साथ-साथ सैनिकों और संसाधनों की तैनाती की अनुमति देता है। यह कदम द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने और भारत की वैश्विक रणनीतिक पहुंच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, विशेष रूप से आर्कटिक जैसे उभरते क्षेत्रों में।
- हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कूटनीतिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, क्योंकि पूर्व राजनेता इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। वे भाजपा के पूर्व सांसद रह चुके हैं और पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से आते हैं। उनकी नियुक्ति से भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध मजबूत होने की उम्मीद है।
- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट को नया रूप देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। उसने रवांडा में पहली महिला टी-20 इंटरनेशनल चैलेंज ट्रॉफी 2026 का शुभारंभ किया है। यह टूर्नामेंट 18 अप्रैल से रवांडा के किगाली में शुरू होगा। यह पांच देशों का टूर्नामेंट है, जो उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धा प्रदान करना है।

## जॉब अलर्ट

### पंजाब नेशनल बैंक (PNB)

- पद का नाम-अधिकारी- JMG स्केल I में सिविल इंजीनियर/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/ मैकेनिकल इंजीनियर
- कुल पद -30
- स्केल-JMG स्केल I
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल / इलेक्ट्रिकल / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 60% अंकों के साथ B.E./B.Tech
- अनुभव- संबंधित क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव
- आयु सीमा-(01.01.2026 तक) न्यूनतम 20 वर्ष - अधिकतम 30 वर्ष
- ऑनलाइन https://pnb.bank.in/ पर
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि-05-05-2026
- ऑनलाइन टेस्ट-27 मई 2026

### जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड

- पद का नाम- अपरेंटिस (NATS - राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना के तहत)
- कुल रिक्तियां-614 पद
- प्रशिक्षण की अवधि-12 महीने
- योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक (01.01.2022 को या उसके बाद उत्तीर्ण)
- पंजीकरण की अंतिम तिथि- 26-04-2026
- वेबसाइट https://www.jkb.bank.in

### कर्मचारी चयन आयोग (SSC)

- पद- SSC के विभिन्न क्षेत्रों में मैट्रिक, हायर सेकेंडरी (10+2) और ग्रेजुएशन व उससे ऊपर के स्तरों पर विभिन्न पद
- कुल रिक्तियां- 2919 पद (संशोधित, क्षेत्र-वार)
- वेतनमान- 7वें CPC Pay Matrix के अनुसार Pay Levels 1 से 8 तक, User Department की आवश्यकताओं के अनुसार पद-वार अलग-अलग
- नौकरी की श्रेणी-केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/ कार्यालयों में
- नौकरी का स्थान- पूरे भारत में
- आयु सीमा (कुल मिलाकर)- पद-वार सीमाएं: 18–25, 18–27, 18–28, 18–30, 18–35, 20–25, 20–30, 21–27, 21–28, 22–28, 23–28 वर्ष (निर्धारित तिथि के अनुसार)
- आवेदन का तरीका- SSC वेबसाइट और mySSC मोबाइल ऐप के माध्यम से
- वेबसाइट-www.ssc.gov.in

# 10वीं के बाद स्ट्रीम चयन: करियर प्लानिंग की पहली सीढ़ी

10 वीं कक्षा के बाद सही स्ट्रीम का चयन हर छात्र के जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय होता है। अक्सर विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावक भी इस बात को लेकर असमंजस में रहते हैं कि आगे की पढ़ाई के लिए साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स में से कौन-सा विकल्प बेहतर रहेगा। सही स्ट्रीम का चुनाव न केवल आपकी रुचि और क्षमता पर निर्भर करता है, बल्कि यह आपके करियर की दिशा भी तय करता है, इसलिए इस निर्णय को सोच-समझकर लेना बेहद जरूरी है। हम आपको तीनों स्ट्रीम्स की विशेषताओं और उनके करियर विकल्पों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दे रहे हैं, ताकि आपकी उलझन कम हो सके।

- **साइंस स्ट्रीम**- साइंस स्ट्रीम उन छात्रों के लिए उपयुक्त मानी जाती है, जिन्हें विज्ञान और तकनीकी विषयों में गहरी रुचि होती है। यदि आपको प्रयोग करना, नई चीजों की खोज करना और गणितीय समस्याओं को हल करना पसंद है, तो यह स्ट्रीम आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकती है। इसमें मुख्य रूप से फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स जैसे विषय शामिल होते हैं। ये विषय तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करते हैं। इस स्ट्रीम को चुनने के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईटी, रिसर्च, डेटा साइंस और बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



### आर्ट्स (ह्यूमैनिटीज) स्ट्रीम

आर्ट्स स्ट्रीम उन छात्रों के लिए सबसे उपयुक्त है, जो रचनात्मकता और सामाजिक विषयों में रुचि रखते हैं। यदि आपको इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, साहित्य या समाजशास्त्र जैसे विषय पसंद हैं, तो यह स्ट्रीम आपके लिए सही हो सकती है। यह स्ट्रीम न केवल ज्ञान का विस्तार करती है, बल्कि सोचने और समझने की क्षमता को भी विकसित करती है। इसके माध्यम से पत्रकारिता, सिविल सेवा, कानून, शिक्षण, मनोविज्ञान, डिजाइन और सामाजिक कार्य जैसे क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है।



- **कॉमर्स स्ट्रीम**- कॉमर्स स्ट्रीम उन विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त है, जिन्हें व्यापार, वित्त और अर्थव्यवस्था से जुड़ी चीजों में रुचि होती है। यदि आप यह समझना चाहते हैं कि पैसा कैसे काम करता है, बाजार कैसे चलता है और बिजनेस कैसे बढ़ता है, तो कॉमर्स एक अच्छा विकल्प है। इसमें अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं, जो व्यावसायिक समझ को मजबूत बनाते हैं। इस स्ट्रीम के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA), कंपनी सेक्रेटरी (CS), बैंकिंग, फाइनेंस, मार्केटिंग और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर मिलते हैं।

### ऐसे चुनें सही स्ट्रीम

- उन विषयों को चुनें, जिनमें आपकी पकड़ मजबूत हो और जिन्हें पढ़ने में आपको आनंद आता हो।
- हर स्ट्रीम में उपलब्ध भविष्य के अवसरों को समझें, ताकि सही दिशा तय कर सकें।
- विशेषज्ञ वर्तमान जॉब मार्केट के अनुसार सही मार्गदर्शन दे सकते हैं।
- उनका अनुभव और आपकी समझ आपको बेहतर निर्णय लेने में मदद करेगा।
- किसी दबाव में न आएं, अपनी रुचि, योग्यता और लक्ष्यों के आधार पर ही स्ट्रीम चुनें।

## शेयर बाजार में तीन दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 757 अंक फिसला

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने से बाजार पर दबाव बना रहा, ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़े

मुंबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी और आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी बुधवार को थम गई। सेंसेक्स में करीब 757 अंकों की गिरावट रही जबकि निफ्टी 198 अंक टूट गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता की आशंका से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 756.84 अंक यानी 0.95% टूटकर 78,516.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 831.03 अंक तक लुढ़क गया था।

इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 24,378.10 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत बढ़कर 99.72 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,918.99 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.76 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.04 प्रतिशत की गिरावट रही।




**अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने से बढ़ा दबाव**

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता ठप होने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहने से मुद्रास्फीति और मुद्रा स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से बाजार पर दबाव बढ़ गया है।

**गिरावट वाले शेयर**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक

**ये रहे लाभ में**

हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, ट्रेंट

क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में सर्वाधिक 3.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि फोकस आईटी खंड में 3.54 प्रतिशत, वित्तीय सेवा खंड में 0.64 प्रतिशत और निजी बैंक सूचकांक में 0.64 प्रतिशत की गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहा। यूरोप के बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए।

## बिजनेस ब्रीफ

### आसुस ने लॉन्च किया एआई-संचालित 'एक्सपर्टबुक अल्ट्रा'

नई दिल्ली। आसुस ने बुधवार को भारत में अपने नए एआई-संचालित फ्लैगशिप लैपटॉप 'एक्सपर्टबुक अल्ट्रा' को लॉन्च करने के साथ ही एक्सपर्टबुक पी-सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार किया। कंपनी ने बताया कि एक्सपर्टबुक अल्ट्रा एक कोपायलट लैपटॉप है, जिसे विशेष रूप से वरिष्ठ कॉर्पोरेट अधिकारियों और व्यवसाय से जुड़े पेशेवरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एक्सपर्टबुक अल्ट्रा का वजन लगभग 0.99 किलोग्राम से शुरू होता है और इसे एजी31बी मैग्नीशियम-एल्यूमिनियम मिश्र धातु से बनाया गया है, जो आमतौर पर एयरोस्पेस और फॉर्मूला-1 अनुप्रयोगों में इस्तेमाल होती है। आसुस एक्सपर्टबुक अल्ट्रा की बिक्री 29 अप्रैल से शुरू होगी।

### चौथी तिमाही में टेक महिंद्रा का मुनाफा 1,354 करोड़

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में समेकित आधार पर 1,354 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल की बुधवार को हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसके अनुसार, चौथी तिमाही में राजस्व 12.6 फीसदी बढ़कर 15,076 करोड़ रुपये पर रहा। प्रति शेयर आय 15.24 रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का राजस्व 56,815 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 4,811 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इनमें एक साल पहले के मुकाबले क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 13.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निदेशक मंडल ने 36 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की भी घोषणा की।

### टेस्ला ने भारत में लांच की इलेक्ट्रिक एसयूवी

मुंबई। दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माता टेस्ला ने भारत में अपना छह सीटों वाला इलेक्ट्रिक एसयूवी मॉडल 'वाईएल' भारत में पेश किया जिसकी कीमत 61.99 लाख रुपये है। यह अमेरिकी कंपनी की भारत में दूसरी पेशकश है। कंपनी ने पिछले साल मॉडल 'वाई' के साथ भारतीय बाजार में कदम रखा था। टेस्ला इंडिया के महाप्रबंधक शरद अग्रवाल ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप चार्जिंग अवसंरचना को विकसित करेगी और वाईएल मॉडल के जरिए प्रीमियम एसयूवी खंड में पकड़ मजबूत करने का लक्ष्य है। कंपनी चालू तिमाही में सेवा और बॉडी शॉप नेटवर्क का विस्तार करते हुए पश्चिम बंगाल और हैदराबाद, चेन्नई एवं अहमदाबाद शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ाएगी। भारत में चार्जिंग नेटवर्क कंपनी की प्राथमिकता है। आने वाले महीनों में दिल्ली, चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, पुणे, बेंगलुरु और चेन्नई को सुपरचार्जर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

## छह साल बाद फिर शुरू होगा लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार

संवाददाता, पिथौरागढ़


बैठक में डीएम और अन्य अधिकारी।

- जून से सितंबर तक चलेगा सत्र मिलेगा इनर लाइन परमिट
- विदेश मंत्रालय ने दी अनुमति

**अमृत विचार:** दो देशों के बीच छह साल के लंबे अंतराल के बाद व्यापार शुरू होने की अच्छी खबर सामने आयी है। इस वर्ष लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन व्यापार फिर से शुरू होगा। व्यापारियों को लिपुलेख तक जाने के लिए इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे, जबकि आगे तकलाकोट मंडी तक पहुंचने के लिए ट्रेड पास अनिवार्य होगा।

भारत-चीन सीमा व्यापार को वर्ष 2026 में पुनः प्रारंभ किए जाने के संबंध में बुधवार को पिथौरागढ़ कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में इस पर फैसला लिया गया।

विदेश मंत्रालय द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार पुनः प्रारंभ करने पर अनापत्ति मिलने के बाद प्रस्तावित व्यापार सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि व्यापार अवधि जून के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होकर सितंबर तक प्रस्तावित है। मौसम की अनुकूलता के आधार पर इस अवधि को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जा सकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व की भांति ही व्यापार संचालन की व्यवस्था निर्धारित की जाएगी तथा समस्त कार्य विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे। डीएम ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सीमा व्यापार प्रारंभ होने से पूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर, सड़क, संचार, बैंकिंग, सुरक्षा एवं आवासीय व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। खासतौर से बीएसएनएल को सीमा क्षेत्र में नेटवर्क सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

> छह वर्षों के अंतराल के बाद भारत-चीन सीमा व्यापार लिपुलेख से फिर शुरू हो रहा है। विदेश मंत्रालय ने भी अनुमति दे दी है। इस व्यापार को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। **-आशीष भटगांई,** जिलाधिकारी, पिथौरागढ़

## पूर्वांचल के फॉरएवर ग्रुप ने खरीदी मीरगंज चीनी मिल

संवाददाता, बहेड़ी (बरेली)

- 305 करोड़ में हुआ मिल का सौदा, नई कंपनी ने संचालन अपने हाथ में लिया
- कृषि किसानों को गन्ने का भुगतान कर चुकी थी मिल
- मिल में लगा है 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट
- धामपुर ग्रुप की इस मिल की पेराई क्षमता 90 हजार कुंतल

**अमृत विचार :** बरेली के मीरगंज क्षेत्र में संचालित धामपुर बायो आर्गेनिक ग्रुप की मीरगंज चीनी मिल बिक गई है। पूर्वांचल के फॉरएवर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड 305 करोड़ रूपये में मिल खरीदकर इसका संचालन अपने हाथ में ले लिया है। बिक्री एकमुश्त अदायगी के बेस पर की गई है।

फॉरएवर ग्रुप की केसर शुगर मिल, बहेड़ी को खरीदने की बातचीत चल रही थी, लेकिन अचानक यह खबर सामने आई कि फॉरएवर ग्रुप ने मीरगंज चीनी मिल का सौदा कर लिया। धामपुर बायो आर्गेनिक लिमिटेड ने 20 अप्रैल को अपनी मीरगंज चीनी मिल फॉरएवर ग्रुप के हाथ बेचने का एलान कर दिया। मिल का 2025 में टर्न ओवर 423.24 करोड़ का था। धामपुर ग्रुप की इस मिल की गन्ना पैराई क्षमता 90 हज़ार कुंटल प्रति दिन की है। इसमें 19 मेगा पावर का पावर जनरेशन प्लांट है। बीते सीजन में मीरगंज चीनी मिल ने 80.19 लाख कुंटल गन्ना पैराई की थी और गन्ना मूल्य का 314.39 करोड़ रुपया किसानों को अदा किया।

फॉरएवर ग्रुप अभी तक डिस्टलरी उद्योग में सक्रिय था। गोरखपुर-देवरिया में उनकी डिस्टलरी यूनिट हैं। जानकारी मिली है कि फॉरएवर ग्रुप के तन्मय मोदी ने मंगलवार को मीरगंज चीनी मिल पर कब्ज़ा भी ले लिया।

## सरकारी बैंकों में कार्यकारी निदेशक पद के लिए निजी क्षेत्र से भी आवेदन आमंत्रित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों का चयन करने वाली संस्था एफएसआईबी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों में कार्यकारी निदेशकों (ईडी) की नियुक्ति के लिए निजी क्षेत्र सहित पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों को शामिल करना तय प्रक्रिया से अलग एक बदलाव है। यह पहली बार है जब वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) चालू वित्त वर्ष के दौरान सृजित होने वाली ईडी की आधा दर्जन से अधिक रिक्तियों के लिए निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों पर भी विचार करेगा। ब्यूरो के पात्रता मानदंडों के अनुसार निजी क्षेत्र के आवेदक के पास कम से कम 18 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें 12 वर्ष का बैंकिंग अनुभव शामिल हो। इसमें बोर्ड स्तर से ठीक नीचे के उच्चतम स्तर पर तीन वर्ष का अनुभव (मूल पद के आधार पर) होना अनिवार्य है। एफएसआईबी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि यदि किसी अधिकारी ने अपने करियर में दो या अधिक बड़े दंडों का सामना किया है, तो वह राष्ट्रीयकृत बैंकों के ईडी पद के लिए आवेदन करने का पात्र नहीं होगा।

सकारात्मक पहल

आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच बनी रणनीति

## छोटे उद्यमियों को देंगे वैश्विक भागीदारी का अवसर : दिनेश गोयल

- मुख्यमंत्री योगी के 'जापान मिशन' को बताया प्रेरक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जापान सरकार के साथ किए गए दूरदर्शी समझौते को आधार मानते हुए एमएसएमई को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

हाल में आईआईए और इंडो-जापान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के बीच हस्ताक्षरित किए गए एमओयू के क्रम में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में दोनों संस्थाओं ने एक उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठक की गई। जो एमएसएमई को बहुआयामी विस्तार देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बैठक का नेतृत्व करके मुख्यमंत्री के विजन को साझा किया। विशेष रूप से एसएमईएस के लिए सरकारी नीतियों और सहायक दिशा-निर्देशों की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि हमारा उद्देश्य छोटे उद्यमियों को उनकी सीमित बजटीय सीमाओं से बाहर निकालकर वैश्विक भागीदारी के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक 'स्टीयरिंग कमेटी' के गठन का प्रस्ताव रखा।


बैठक में शामिल इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) और इंडो जापान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी।

बैठक में प्रदेश के औद्योगिक समूहों को जापानी तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें लखनऊ, बाराबंकी और कानपुर आईआईए एक्सपोर्ट कमेटी के चेयरमैन अमन अग्रवाल ने यहां के चिकन वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, चमड़ा, टेक्सटाइल और रक्षा विनिर्माण को वैश्विक मानकों पर लाने की योजना साझा की।

सहारनपुर और शामली से काष्ठ कला और लौह उद्योग को जापानी फिनिशिंग के साथ जोड़ने पर चर्चा हुई तो मुरादाबाद और संभल से पीतल एवं हस्तशिल्प उद्योग के लिए आधुनिक जापानी ऑटोमेशन तकनीकों पर जोर दिया गया। मेरठ से स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष सुमनेश अग्रवाल ने मेरठ के खेल उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। पर्यटन और आतिथ्य पर भी चर्चा हुई। वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज, आगरा और मथुरा जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक केंद्रों में जापानी मानकों के अनुरूप क्लस्टर आधारित पर्यटन विकास और आतिथ्य सेवाओं को अपग्रेड करने पर विशेष सहमति बनी।

इसके अतिरिक्त बहु-राज्य विकास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की संभावनाओं के लिए आईआईए ने एमओयू के माध्यम से केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार और पूर्वांचल के लिए भी व्यापक विकास के अवसरों को रेखांकित किया है। साथ ही अरुणाचल प्रदेश और असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के उत्पादों को भी आईआईए के माध्यम से वैश्विक पहुंच दिलाने की पहल की गई है। आईजेसीसी के चेयरमैन राहुल मिश्रा और उनकी टीम ने आईटी, ऑटोमेशन और रेलवे ट्रांसफॉर्मेशन में जापानी 'ट्रेनिंग थ्योरीज' लागू करने पर सहमति जताई। युवा उद्यमियों को जापान में प्रशिक्षण दिलाने की योजना को एक ऐतिहासिक कदम बताया गया।

## नौ करोड़ के पार पहुंची अटल पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) संचालित केंद्र सरकार की प्रमुख सामाजिक सुरक्षा योजना... अटल पेंशन योजना (एपीवाई)के अंशधारकों की संख्या नौ करोड़ से अधिक हो गई है। योजना की बढ़ती पहुंच और प्रभाव के चलते वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सकल नामांकन 1.35 करोड़ सदस्यों से अधिक हो गया है। यह योजना की शुरुआत के बाद से किसी एक वित्त वर्ष में सबसे अधिक नामांकन है। पीएफआरडीए ने एक बयान में कहा कि योजना मुख्य रूप से गरीबों, वंचितों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर केंद्रित है।



पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



## पश्चिम बंगाल में साफ दिखाई दे रही बदलाव की लहर : योगी

कोलकाता, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता के जोरासांको में पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जब चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होंगे, तो राज्य में भाजपा का 'भगवा ध्वज' शान से लहरायेगा।

सभा में बड़ी संख्या में समर्थक ऐसे पोस्टर लेकर पहुंचे थे, जिन पर लिखा था-योगी जी, बुलडोजर लाइए, हम आपके साथ हैं।.. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान में करीब 80 प्रतिशत सीटें जीतने के लिए तैयार है और राज्य में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल की पहचान के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। उन्होंने लोगों से अपने वोट का सोच-समझकर इस्तेमाल करने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि तृणमूल बंगाली पहचान के साथ खिलवाड़ कर रही है। कहा-बंगाल की पहचान काबा से नहीं, बल्कि मां कालीबाड़ी से है। उन्होंने ममता बनर्जी और अभिषेक पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए उन्हें 'बुआ और भतीजा' कहा और कहा कि वे राज्य के अस्तित्व को कमजोर कर रहे हैं। जोरासांको में रवींद्रनाथ टैगोर की 'ठाकुरबाड़ी' का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र बंगाल की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने जबरन ममता बनर्जी की तस्वीर वहां लगा दी जहां गुरुदेव और भारत माता की तस्वीरें होनी चाहिए थीं, जो बंगाल की अस्मिता का अपमान है।



कोलकाता के जोरासांको में चुनावी जनसभा को संबोधित करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। यहां 29 अप्रैल को मतदान होना है। • अमृत विचार

## छेड़छाड़ माना जाएगा ईवीएम बटन पर इत्र या गोंद लगाना, आपराधिक कार्रवाई संभव: आयोग

नई दिल्ली,एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बटन पर इत्र या गोंद लगाने जैसी हरकतों को 'छेड़छाड़' माना जाएगा, जो एक चुनावी अपराध है।

यह टिप्पणी उन दावों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता यह जानने के लिए ईवीएम बटन पर इत्र लगाते हैं कि वोट उनके पक्ष में पड़ा है या नहीं। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान से पहले अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यदि किसी मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी को ऐसी कोई शरारत दिखती है, तो उसे सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करना होगा।

आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि आयोग आपराधिक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा और पुनर्मतदान का आदेश भी दे सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सभी बूथों के पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ईवीएम पर सभी प्रत्याशियों के बटन स्पष्ट रूप से दिखाई दें और किसी भी बटन पर टेप, गोंद या अन्य सामग्री न लगी हो।

उन्होंने कहा कि मतपत्र इकाई के प्रत्याशी बटन पर कोई रंग, स्याही, इत्र या अन्य रसायन नहीं लगाया जा सकता, जिससे मतदान की गोपनीयता भंग हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो पीठासीन अधिकारी तुरंत सेक्टर अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को सूचित करेगा।

## पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में चुनाव आयोग की कार्रवाई में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने बुधवार को बताया कि इस समय चल रहे विधानसभा चुनाव और उपचुनाव को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए छापे और जब्ती की कार्रवाई के दौरान पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मंगलवार को 1072 करोड रुपए से अधिक की नकदी, महंगी धातुएं, शराब, मादक द्रव्य तथा उपहार के सामान जब्त किए गए हैं। आयोग ने बताया कि 15 मार्च से अब तक पश्चिम बंगाल में 27.48 करोड रुपए नकदी, 102.45 करोड रुपए की 39.31 लाख लीटर शराब, 108.11 करोड रुपए के ड्रग्स 55.88 करोड रुपए की कीमती धातुएं तथा 178.83 करोड़ रुपए मूल्य की उपहार की वस्तुएं समेत अब तक कुल 472.89 करोड़ रुपए की नकदी और सामान जब्त किया गया है। इसी तरह तमिलनाडु में 100.19 करोड रुपए की नकदी, 3.85 करोड रुपए की 1.18 लाख लीटर शराब, 76.72 करोड के ड्रग्स, 159.31 करोड के कीमती धातुएं और 259.14 करोड के उपहार के सामान जब्त किए गए हैं।

## पश्चिम बंगाल में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी कांग्रेस : शाह

कोलकाता,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पायेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस पार्टी से जुड़ाव उन्हें राजनीतिक रूप से और कमजोर करेगा। शाह ने न्यू बैरकपुर के निकट दमदम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस कई राज्यों में करारी हार की ओर बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु और पुडुचेरी में कांग्रेस दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पायेगी। पश्चिम बंगाल में तो आप अपना खाता भी नहीं खोल पाएंगे और असम में कांग्रेस को अब तक की सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि ममता दीदी, आप इसी कांग्रेस के साथ बैठी हैं। आपकी स्थिति भी बदतर होने वाली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राहुल गांधी की संगति में आकर राजनीतिक संवाद का स्तर गिराने का भी आरोप लगाया। कहा-राहुल गांधी, आप मोदी जी को जितने अधिक अपशब्द कहेंगे, कमल उतना ही अधिक खिलेगा... राहुल गांधी के साथ रहकर खरगे जी की भी भाषा बिगड़ने लगी है। शाह ने कहा कि किसी विधायक को चुनने या केवल भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि घुसपैठियों से मुक्त बंगाल बनाने के लिए वोट डालें।


रोड शो करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

## मतदाताओं को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे पुलिस : बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को पुलिस को मतदाताओं को डराने-धमकाने और चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कथित रूप से संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल निवारक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजे गए एक पत्र में, सीईओ कार्यालय में तैनात पुलिस पर्यवेक्षक ने कई विधानसभा क्षेत्रों और पुलिस थाना क्षेत्रों के कथित उपद्रवियों की एक सूची आवश्यक कार्रवाई के लिए साझा की

## तृणमूल का लोगों पर केंद्रीय बलों के हमले का दावा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में केंद्रीय बलों के जवानों ने स्थानीय लोगों पर अत्यधिक बल का प्रयोग किया। हालांकि, निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच की गई, लेकिन ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। तृणमूल ने आरोप लगाया कि निष्पक्ष मतदान कराने को तैनात सीआरपीएफ कर्मियों ने 21 अप्रैल को बिना किसी उकसावे के लोगों पर हमला करके अपने पद का घोर दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोटें आईं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ट्रंप ने की आठ ईरानी महिलाओं को रिहा करने की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2026 के विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए ईरान में मृत्युदंड की सजा का सामना कर रही आठ महिलाओं को रिहा करने का आह्वान किया है और कहा है कि उनकी रिहाई शांति वार्ताओं की एक शानदार शुरुआत होगी। ट्रंप की यह अपील ईरान के साथ एकतरफा युद्धविराम के विस्तार की घोषणा करने से एक दिन पहले आई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कहा, मैं इन महिलाओं की रिहाई की बहुत सराहना करूँगा। कृपया उन्हें कोई नुकसान न पहुंचाएं! यह हमारी बातचीत की एक शानदार शुरुआत होगी।

### होर्मुज सुरक्षा को काम कर रहे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस करीब 30 देशों के सैन्य योजनाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं ताकि होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित मिशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा सके। यह मिशन तब लागू होगा जब प्रमुख समुद्री मार्ग फिर से खुल जाएगा। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंदन स्थित एक कमांड एवं नियंत्रण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय बैठक का उद्देश्य कूटनीतिक सहमति को विस्तृत सैन्य योजना में बदलना है। योजना के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय मिशन के जरिए वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा, समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों को हटाने और क्षेत्र में आपसी विश्वास बहाल करने का काम किया जाएगा।

### लेबनान में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत

**बेरूत।** पूर्वी लेबनान के एक गांव में बुधवार को हुए ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। सरकारी 'नेशनल न्यूज एजेंसी' की खबर से यह जानकारी मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि जब्बूर गांव में हुए इस ड्रोन हमले के पीछे किसका हाथ है। इजराइली सेना ने इलाके को निशाना बनाकर कोई भी हमला करने से इनकार किया है। पिछले शुक्रवार को इजराइल और लेबनान के बीच हुए 10 दिन के संघर्ष-विराम के बाद से इजराइल ने कई हमले किए हैं, जबकि हिज्बुल्ला ने मंगलवार को पहला हमला करने का दावा किया।

### मोसाद से संबंध रखने में एक को दी फांसी

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को एक व्यक्ति को इज़राइल की खुफिया एजेंसी मोसाद से कथित संबंधों को लेकर फांसी दे दी। ईरान में युद्ध के दौरान और जनवरी में हुए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बाद लगातार फांसी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ईरान की न्यायपालिका की समाचार एजेंसी 'मिजान न्यूज एजेंसी' ने मेहदी फरीद की फांसी की पुष्टि की। एजेंसी के अनुसार, फरीद एक संवेदनशील सरकारी संगठन में कार्यरत था और उसने इज़राइली खुफिया एजेंसी को जानकारी मुहैया कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरीद को ईरान के कोम प्रांत में दोषी ठहराया गया था। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईरान में कई मामलों में बंद कमरे में सुनवाई होती है और आरोपियों को बचाव का अवसर नहीं मिल पाता।

### सिख महिला से दुष्कर्म में अपराध कबूला

**लंदन।** ब्रिटेन में 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने सिख महिला से दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को अदालत में दोष स्वीकार कर लिया। आरोपी जॉन अश्बाय पर बर्मिंघम क्राउन कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। उसने वॉल्सॉल में एक सिख महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में यह स्वीकारोक्ति की। पिछले साल अक्टूबर में हुई इस घटना के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किए गए आरोपी ने शुरू में यौन उत्पीड़न सहित सभी आरोपों से इनकार किया था।

# कर्नाटक में अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न, दो गिरफ्तार

कोडागु, एजेंसी

• होमस्टे का कर्मचारी और मालिक हैं आरोपी

कर्नाटक के कोडागु जिले के एक होमस्टे के एक कर्मचारी ने अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले कोडागु के कुट्टा गांव स्थित एक होमस्टे में हुई थी।

झारखंड के मूल निवासी एक कर्मचारी को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। वह होमस्टे के आतिथ्य विभाग में काम करता था। होमस्टे के मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है क्योंकि महिला द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत किए जाने पर उसने पुलिस को जानकारी नहीं दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया और फिर होमस्टे में कर्मचारी द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस के अनुसार बाद में, जब उसने इस घटना के बारे में होमस्टे के मालिक को बताया तो उसने मामले को दबाने की कोशिश की और तीन दिनों के लिए वाई-फाई सेवा बंद कर दी, ताकि वह किसी से संपर्क नहीं कर सके। बाद में इंटरनेट पहुंच फिर प्राप्त होने पर महिला ने मैसूरु जाने का बहाना कर परिसर छोड़ा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों से सम्पर्क किया

# वीडियो में एआई का लेबल पूरे समय साफ दिखना चाहिए

## सरकार ने दिया सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से संबंधित नियमों-प्रावधानों को और सख्त करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी नियमों को और सख्त करने का प्रस्ताव दिया है और इस बार खास तौर पर जोर दिया गया है कि उपयोगकर्ता एआई से बनी सामग्री की पहचान ऑनलाइन कैसे कर सकते हैं। इस बारे में जानना जरूरी है कि इस नए प्रस्ताव में क्या शामिल है, यह क्यों जरूरी है, और डिजिटल अधिकार समूहों द्वारा आईटी नियमों में किए जा रहे संशोधनों पर क्या चिंताएं जताई जा रही हैं, जिन पर अभी विचार चल रहा है।

फिलहाल आईटी नियमों के मुताबिक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित सामग्री पर लेबल या निशान साफ-साफ दिखने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मंगलवार को आम लोगों की राय जानने के लिए संशोधनों का जो मसौदा जारी किया है, उसमें साफ-साफ दिखने वाली शर्त को बदलकर यह नियम लागू करने की बात कही गई है कि लेबल स्क्रीन पर पूरे समय लगातार और साफ-साफ दिखते रहने चाहिए।

आसान शब्दों में कहें तो, इसका मतलब यह है कि एआई से बनी सामग्री की पहचान बताने वाला वॉटरमार्क या लेबल सिर्फ वीडियो की शुरुआत या आखिर में ही नहीं दिखना चाहिए; बल्कि यह पूरे वीडियो के दौरान स्क्रीन पर बने रहना चाहिए। प्रस्तावित नियम के अनुसार ऐसी स्थिति नहीं होनी चाहिए जिसमें लेबल कभी दिखे, कभी न दिखे। मंत्रालय यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अगर कोई वीडियो एआई से बनाया गया है, तो देखने वाले को, यह बात वीडियो के पहले सेकंड से लेकर आखिरी सेकंड तक पता रहे।

**ऐसा क्यों किया जा रहा:** इसकी मुख्य वजह है एआई का बढ़ता दुरुपयोग। मंत्रालय का मानना है कि ऑनलाइन दिखने वाले ऐसे वीडियो जो असली जैसे लगते हैं, लेकिन असल में नकली होते हैं, उनसे गलत जानकारी फैलती है और उपयोगकर्ता गुमराह होते हैं। इसलिए, एआई टूल से बनी ऐसी सामग्री को शुरू में ही लेबल लगाकर या निशान लगाकर पहचानना जरूरी है। हमेशा दिखने वाला लेबल अनिवार्य करके, सरकार यह पक्का करना चाहती है कि अगर कोई देखने वाला वीडियो को बीच में से देखना शुरू करे या क्लिप के किसी भी हिस्से में देखे, तो उसे तुरंत पता चल जाए कि यह कंटेंट असली नहीं, बल्कि एआई से बनाया गया है। मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि पहले के नियम के मुताबिक 'साफ-साफ दिखने वाले' लेबल को लेकर अनुपालन संतोषजनक नहीं था। कल्पना कीजिए, पांच मिनट का एआई से बना एक वीडियो है, जिसमें लेबल सिर्फ शुरुआती 5 सेकंड के लिए ही दिखता है। अगर आप वीडियो को दो मिनट बाद देखना शुरू करते हैं, तो आप एआई का निशान देख ही नहीं पाएंगे और हो सकता है कि आप उसे सच मान लें।

अधिकारियों का तर्क है कि 'हमेशा दिखते रहने वाला' निशान ज्यादा व्यावहारिक है और इसमें ज्यादा पारदर्शिता भी है। सोशल मीडिया मंच-एक्स, यूट्यूब और मेटा को यह सुनिश्चित करना होगा कि ये लेबल हमेशा बने रहें। एआई से सामग्री विकसित करने के टूल बनाने वाली कंपनियों को यह सतत लेबलिंग प्रणाली अपनानी होगी।

# 'नागरिक देवो भव' हर निर्णय के पीछे का हो मूलमंत्र : प्रधानमंत्री

## मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र भेजकर जनसेवा का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक करोड़ से अधिक लोक सेवकों को पत्र लिखकर कहा है कि 'नागरिक देवो भव' (नागरिक ही भगवान है) का सिद्धांत हर निर्णय का मूलमंत्र होना चाहिए और सरकार को अपनी क्षमता के अनुसार जनता की सेवा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को यह भी बताया कि शासन करुणा पर आधारित होना चाहिए और सार्वजनिक सेवा की जिम्मेदारी निभाने वालों को आजीवन सीखते रहने का एक सर्वोत्तम उदाहरण बनना चाहिए।

सिविल सेवा दिवस से एक दिन पहले 20 अप्रैल को लिखे गए ये पत्र 12 भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, ओडिया, गुजराती, बांग्ला, कन्नड़, पंजाबी, असमिया, मलयालम, तेलुगु और तमिल में जारी किए गए। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी बड़ी चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों का भी समय है और रुझान हर दिन बदल रहे हैं, नई प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं और लगातार नए नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों और दुनिया दोनों को देश से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि सरकार की सेवाएं और कार्य संस्कृति इस ऐतिहासिक युग का अधिकतम लाभ उठाने के लिए अनुकूल हों। इस दिशा में 'आईगॉट कर्मयोगी' जैसे मंचों के उपयोग से आजीवन सीखने को आदत बनाना महत्वपूर्ण है। आप बेहतर बनने का चुनाव कर रहे हैं ताकि भारत बेहतर बन सके।

प्रधानमंत्री ने लोक सेवकों को कर्मयोगी कहकर संबोधित किया और कहा कि उन्होंने यह पत्र उन्हें एक बहुत ही विशेष समय पर लिखा है, क्योंकि भारत के कई हिस्सों में त्योहारों का मौसम है। उन्होंने कहा कि रोंगाली बिहू, विशु, पुथंडु, पोइला बोइशाख, महा बिशुबा पाना संक्रांति और बैसाखी के उत्साह से पूरा वातावरण सराबोर है। मोदी ने कहा कि ये त्योहार आशा और नई शुरुआत के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, आप सीखने और विकास के एक उत्सव - 'साधना सप्ताह' का हिस्सा बन गए हैं। भारत के कोने-कोने से लोक सेवकों को एक साथ लाने वाले इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

### जिज्ञासा की भावना को रखें जीवित

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोक सेवकों के सेवाभाव के प्रति गहरी सराहना व्यक्त करना चाहते हैं, इसी सेवाभाव के कारण वे इस प्रयास का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि ऐसे मंच व्यक्तिगत विकास और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं। मोदी ने कहा कि कुछ नया खोजना जीवन के सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक है और हर किसी को जिज्ञासा की इस भावना को जीवित रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी लोक सेवकों को यह याद रखना चाहिए कि पहले बेहतर प्रदर्शन को मापदंड माना जाता था, लेकिन अब सभी प्रयासों का मूल्यांकन 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर किया जाना चाहिए।

### आईगॉट कर्मयोगी मंच केंद्र सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे प्रयासों की गति, व्यापकता, दिशा और तीव्रता इसी दृष्टिकोण से निर्देशित होनी चाहिए... नागरिक देवो भव का सिद्धांत हर निर्णय के केंद्र में होना चाहिए। मोदी ने कहा कि 'आईगॉट कर्मयोगी' मंच, जिस पर लोक सेवक अब प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं हमारी सरकार की मानव पूंजी को रूपांतरित करने का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी प्रयास है और आप इसके मूल में हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया था कि साधना सप्ताह के तीन उद्देश्य हैं : तकनीकी रूप से तैयार होना, अपनी परंपराओं को समझना और नागरिक केंद्रीयता पर आधारित ठोस परिणाम प्राप्त करना। ये वास्तव में आदर्श सिद्धांत हैं और जब इन सभी सिद्धांतों को एक साथ पिरोया जाता है, तो शासन आधुनिक, संस्कृति में निहित और 'जन सेवा' में दृढ़ता से निहित बन जाता है। यह याद रखना होगा कि भारत की प्रगति हर राज्य और हर विभाग में मिली सामूहिक जीत का योग है।

# अगले चार-पांच दिन देश के कई हिस्सों में चलेगी लू

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति बने रहने की संभावना है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में 24 और 25 अप्रैल को उष्ण लहर की स्थिति रह सकती है। आईएमडी के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 23-25 अप्रैल; पूर्वी उत्तर प्रदेश में 22 - 26 अप्रैल; राजस्थान में 24-26 अप्रैल; मध्य प्रदेश में 23-26 अप्रैल, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 24 से 27 अप्रैल और पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, बिहार तथा झारखंड में 22 से 23 अप्रैल तक की अवधि में उष्ण लहर की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 से 25 अप्रैल के बीच ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, यानम, पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी क्षेत्र, तमिल नाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, तटीय कर्नाटक और गुजरात के तटीय क्षेत्रों के कुछ इलाकों में गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रह सकती है। इस दौरान हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, कोंकण और गोवा के कुछ इलाकों में रात के दौरान गर्मी बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में इस सप्ताह गरज के साथ बारिश हो सकती है।

# जांच के दौरान मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप लोकतंत्र को खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

• आई-पैक छापेमारी में ममता की भूमिका पर सुप्रीम टिप्पणी





कोलकाता में आई-पैक के कार्यालय पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर बाधा डाले जाने के मामले की बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने गहन पड़ताल की और कहा कि यदि कोई मुख्यमंत्री जांच में हस्तक्षेप करता है तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाता है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद नहीं है। किसी भी राज्य का कोई भी मुख्यमंत्री किसी जांच के बीच में आकर लोकतंत्र को खतरे में डालता है और फिर आप कहते हैं कि यह केंद्र और राज्य के बीच का विवाद है। न्यायालय ने यह टिप्पणी तब की जब पश्चिम बंगाल के एक वरिष्ठ अधिकारी की ओर से अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी ने ईडी की याचिका की वैधता पर सवाल उठाते हुए कहा कि विवाद मूल रूप से केंद्र और राज्य के बीच है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने टिप्पणी की, यह (कथित अवरोध) स्वतः ही एक ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया कृत्य है जो संयोगवश एक राज्य का मुख्यमंत्री है, जिससे पूरी व्यवस्था और लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। न्यायालय ईडी की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि धनशोधन जांच के सिलसिले में 8 जनवरी को कोलकाता में राजनीतिक परामर्श फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय की तलाशी के दौरान बनर्जी और राज्य के अन्य अधिकारियों ने बाधा डाली थी।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि लेकिन उनमें से किसी ने भी कभी ऐसी स्थिति की कल्पना नहीं की होगी कि इस देश में एक दिन ऐसा आएगा जब एक मौजूदा मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रवेश करेगा...। गुरुस्वामी ने कहा कि मैं इस मामले के गुण-दोष पर हूं... कोई दुर्व्यवहार नहीं हुआ, किसी अधिकारी को धमकाया नहीं गया। पीठ इस दलील से सहमत नहीं हुई कि मामले में उठाए गए प्रश्नों को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाना चाहिए। कहा कि हम तय करेंगे कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं।

# साड़ी के बजाय नाइट ड्रेस पहनने पर पत्नी को जलाया

• कर्नाटक के बेलगावी जिले में मंगलवार को हुई घटना

**बेलगावी, एजेंसी।** कर्नाटक के बेलगावी जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साड़ी के बजाय 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति जताते हुए कथित तौर पर उसमें आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात खानापुर तालुका के नंदगढ़ गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी कृष्णा पाटिल (34) को अपनी 32 वर्षीय पत्नी मंजुला पाटिल के घर में 'नाइटड्रेस' पहनने पर आपत्ति थी और वह अक्सर इस मुद्दे पर उससे बहस करता था। पुलिस ने बताया कि इसी बात को लेकर दंपति के बीच बहस हुई, जिसके बाद आरोपी ने अपनी पत्नी पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर उसे आग लगा दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला करीब 80 प्रतिशत झुलस गई है। पहले उसे बेलगावी आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत गंभीर होने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गोवा के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि इस संबंध में नंदगढ़ थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच जारी है।

# सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मज़दूरों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के कदवा थाना क्षेत्र में बुधवार को शौचालय की टंकी की सफाई के दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि इस क्षेत्र के खैरपुर गांववासी ज्वाला यादव के घर में निर्मित शौचालय की टंकी सफाई के लिए तीन मजदूर अंदर घुसे। इस दौरान जहरीली गैस से दम घुटने से तीनों बेहोश हो गए। गृहस्वामी ने अन्य लोगों के सहयोग से टंकी के दीवार को तोड़वाया और बेहोशी की हालत तीनों मजदूरों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान लक्ष्मिनिया गांव निवासी बमबम मंडल, श्री लाल मंडल एवं जननंदन मंडल के रूप में की गयी है।

# दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक महिला से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एंटी-नारकोटिक्स सेल (द्वारका) में तैनात दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अजय को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शिकायतकर्ता को झूठे मामले में न फंसाने के बदले 15 लाख रुपये की मांग की गई थी, पहली किस्त में पांच लाख रुपये 21 अप्रैल तक देनी थी।

# प्रवासी भारतीय जर्मनी व भारत के बीच मजबूत सेतु

बर्लिन, एजेंसी

• रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया प्रवासी भारतीयों से संवाद



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी में रहने वाले करीब तीन लाख भारतीय प्रवासियों को दोनों देशों के बीच सबसे मजबूत सेतु बताते हुए कहा कि उन्होंने व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और कला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

उन्होंने भारतीय प्रवासियों से अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखने का आग्रह किया। तीन दिन की यात्रा पर यहां आए सिंह ने पहले दिन भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद किया। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रक्षा मंत्री ने जर्मनी में मौजूद भारतीयों से वैश्विक स्तर पर भारत के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का आग्रह किया। सिंह ने कहा कि वर्ष 2026 जर्मनी के साथ राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जो विश्वास, आपसी सम्मान और साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने भारतीय प्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपनी विरासत से जुड़े रहते हुए भारत-जर्मनी साझेदारी को और मजबूत बनाने में अपना योगदान जारी रखें। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को सरकार के निरंतर समर्थन और सुरक्षा का आश्वासन दिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज जल्दबाजी में प्रतिक्रिया देना आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। किसी भी बात को समझकर ही जवाब दें।

**वृष** – आज अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें। सही योजना बनाने से आगे का समय आसान होगा।

**मिथुन** – आज आप सक्रिय रहेंगे और कई काम एक साथ करने की कोशिश करेंगे। सही दिशा में प्रयास करने पर अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज भावनाओं में बहकर कोई निर्णय लेने से बचें। घर या परिवार से जुड़ा कोई विषय महत्वपूर्ण हो सकता है।

**सिंह** – आज लोगों से जुड़कर काम करने से फायदा मिलेगा। किसी संपर्क या मित्र के जरिए नया अवसर मिल सकता है।

**कन्या** – आज काम को टालने से बचें। जो जिम्मेदारी आपके पास है, उसे समय पर पूरा करना जरूरी होगा। अनुशासन बनाए रखने से ही संतोषजनक परिणाम मिलेंगे।

**तुला** – आज आपको अपने सोचने का तरीका थोड़ा बदलना पड़ सकता है। नई परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना ही सही रहेगा।

**वृश्चिक** – आज किसी स्थिति में अचानक बदलाव आ सकता है। आपको हर कदम सोच-समझकर रखना होगा।

**धनु** – आज रिश्तों और सहयोग का महत्व बढ़ेगा। किसी के साथ मिलकर किया गया काम बेहतर परिणाम देगा।

**मकर** – आज काम का दबाव रहेगा और आपको लगातार व्यस्त रहना पड़ेगा। प्राथमिकताएं तय करके चलेंगे तो दिन संभाल लेंगे।

**कुंभ** – आज आपको अपने तरीके से काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक सोच से आप अलग पहचान बना सकते हैं।

**मीन** – आज किसी बात को सुलझाने का सही समय है। संतुलन बनाए रखेंगे तो मन भी शांत रहेगा और काम भी सही होंगे।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 23 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी 20.49 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुनर्वसु 08.57 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |

### सुडोकू -128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

संवाद

यूएनएसजी उम्मीदवार बाचेलेत ने कहा- स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए अधिक प्रतिनिधित्व

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार की आवश्यकता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत ने कहा है कि सुरक्षा परिषद में वास्तव में सुधार और स्थायी तथा अस्थायी दोनों श्रेणियों में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है और इसे प्राप्त करने की दिशा में वह काम करेंगी।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चार उम्मीदवारों में से एक हैं। वर्तमान संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस 31 दिसंबर को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उन्होंने लगातार पांच वर्ष के दो कार्यकाल में दुनिया के शीर्ष राजनयिक के रूप में सेवाएं दी हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों और भारत जैसे विकासशील देशों की स्थायी सदस्य के रूप में इस शक्तिशाली मंच पर मौजूदगी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बाचेलेट ने मंगलवार को यहां कहा कि मुझे लगता है कि सुरक्षा परिषद में सुधार की वास्तव में आवश्यकता है।

भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करने में अग्रणी रहा है, जिसमें इसके स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों का विस्तार शामिल है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 देशों की परिषद 21वीं सदी के लिए उपयुक्त नहीं है और समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। बाचेलेत ने कहा कि सुरक्षा परिषद में सुधार का निर्णय संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को लेना है। उन्होंने 2024 में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए भविष्य के समझौते का जिक्र करते हुए कहा कि लेकिन मुझे लगता है कि एक अवसर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त रह चुकीं बाचेलेत ने कहा कि जब दुनिया भर के लोग संयुक्त राष्ट्र को देखते हैं, तो वे सुरक्षा परिषद को देखते हैं, वे एक ऐसे निकाय को देखते हैं जो समस्या का समाधान नहीं कर रहा है, जो पंगु है, जिसमें लाखों लोग पीड़ित हैं। मंगलवार को यहां तीन घंटे चले संवाद सत्र में बाचेलेत से सदस्य देशों और सिविल सोसायटी ने महासचिव पद को लेकर उनकी सोच तथा यह पूछा कि वे इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार क्यों हैं।

### भारत ने बाचेलेत से पूछे सुधार-विकास के लक्ष्य

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और ग्लोबल साउथ के विकास लक्ष्यों का मुद्दा उठाते हुए चिली की पूर्व राष्ट्रपति तथा संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की उम्मीदवार मिशेल बाचेलेत से पूछा कि अगर वह इस वैश्विक संगठन के नेतृत्व के लिए चुनी जाती हैं तो इन मुद्दों पर उनकी क्या योजना होगी। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) राजदूत सिबी जॉर्ज ने संवाद के दौरान कहा, आपके दृष्टिपत्र में संयुक्त राष्ट्र में जारी सुधारों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की बात कही गई है। बताएं कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए आप कौन से कदम उठाएंगी।

# आतंकवाद से लड़ाई में भारत के साथ इजराइल

**यरूशलम।** इजराइल ने बुधवार को आतंकवाद के हर रूप से दृढ़तापूर्वक लड़ने का संकल्प लेते हुए पहलगाम हमले की पहली बरसी पर भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त की। पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर, हम जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को याद करते हुए इजराइल की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।



> अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा। मैं बॉलर्स से भी यही कह रहा था, कि अगर तुमने अच्छा एग्जीक्यूट किया, और उसके बाद भी उसने अच्छा शॉट मारा, तो तुम कुछ नहीं कर सकते। तुम्हें पता है, तुम्हें आगे बढ़ना होगा।
> –अक्षर पटेल


# स्टेडियम

लखनऊ, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

मुंबई इंडियंस

बनाम

चेन्नई सुपर किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदाराबाद -320
- शुभमन गिल गुजरात -265 रन

**पर्पल कैप**





- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 12 विकेट

# लखनऊ सुपर जाएंट्स ने घातक गेंदबाजी से राजस्थान रायल्स को 159 रनों पर रोका

## आईपीएल-2026 : वैभव सूर्यवंशी बना पाए महज 8 रन, रवींद्र जडेजा ने बचाई लाज

लखनऊ, एजेंसी



लगातार दो विकेट लेने के बाद जश्न मनाते मोहम्मद शमी।

मोहम्मद शमी और मोहसिन खान की अगुवाई में लखनऊ सुपर जाएंट्स के भारतीय गेंदबाजों के आक्रमण ने आईपीएल में बुधवार को यहां राजस्थान रॉयल्स की मजबूत बल्लेबाजी को छह विकेट पर 159 रन पर रोक दिया।

यह लगातार तीसरा मैच है जब राजस्थान रॉयल्स का शीर्ष क्रम पूरी तरह विफल रहा है, जिससे टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही है। अनुभवी गेंदबाज शमी (चार ओवर में 30 रन पर दो विकेट) एक बार फिर अपने कौशल के बूते सबसे अलग नजर आए, जबकि लंबे कद के मोहसिन (चार ओवर में 17 रन पर दो विकेट) बेहद अनुशासित रहे। उन्होंने शानदार स्विंग और उछाल भरी गेंदों से बल्लेबाजों को परेशान किया। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर राजस्थान के चार प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शमी ने यशस्वी जायसवाल (22) और ध्रुव जुरेल (शून्य) को लगातार गेंदों पर आउट किया, जबकि मोहसिन ने वैभव सूर्यवंशी (11 गेंदों पर आठ रन) और शिमरॉन हेटमायर (18 गेंदों पर 22) को अलग-अलग स्पेल में आउट किया। तेजी से उभरते प्रिंस यादव (चार ओवर में 29 रन पर दो विकेट) ने भी अपनी स्विंग गेंदों से आक्रमण को मजबूती दी जबकि लंबे समय के बाद वापसी कर रहे मयंक यादव (चार ओवर में बिना किसी सफलता के 56 रन) लय में नहीं दिखे और सबसे महंगे साबित हुए। रॉयल्स के शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद कप्तान रियान पराग एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रहे। उनके लचर प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। सुपर जायंट्स के गेंदबाजों ने बड़ी संख्या में डॉट गेंदें डालकर रॉयल्स को कम स्कोर पर रोक दिया। शमी (15 डॉट गेंदें) और मोहित (11 डॉट गेंदें) ने मिलकर 26 डॉट गेंदें फेंकी, वहीं प्रिंस यादव ने भी 13 डॉट गेंदों का शानदार योगदान दिया। शमी ने यशस्वी जायसवाल को तेज बाउंसर पर फंसाया। जायसवाल ने अचानक उछाल लेने वाली गेंद पर हुक शॉट खेलने की कोशिश की और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने एक हाथ से शानदार कैच लपक लिया। उन्होंने अगली गेंद पर जुरेल को चलता किया। इस बार फुल लेंथ की गेंद विकेट के सामने टप्पा खाने के बाद थोड़ी बाहर की ओर निकली और जुरेल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पंत के दस्तानों में चली गई। मोहसिन ने शानदार तरीके से सूर्यवंशी को फंसाया। उन्होंने लगातार पांच डॉट गेंदें डालने के बाद अंतिम गेंद पर 142 किमी/घंटा की तेज कटर डाली, जिस पर बल्लेबाज ने गलत टाइमिंग से शॉट खेला और गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से हवा में लहरा गई। दिग्वेश राठी ने उलटी दिशा में दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। रॉयल्स की पारी इसके बाद कभी भी गति नहीं पकड़ सकी। रियान पराग ने एक बार फिर दबाव में हेलीकॉप्टर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन उनकी असफलता टीम पर भारी पड़ती रही। अनुभवी रविंद्र जडेजा (29 गेंदों में नाबाद 43 रन) और युवा शुभम दुबे (11 गेंद में नाबाद 19 रन) ने 26 गेंद में 49 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के स्कोर को 159 रन तक पहुंचाया।

**राजस्थान रॉयल्स**

**159/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पंत बो शमी | 22 |
| वैभव सूर्यवंशी का राठी बो मोहसिन | 08 |
| ध्रुव जुरेल का पंत बो शमी | 00 |
| रियान पराग का पूरन बो प्रिंस | 20 |
| शिमरोन हेटमायर का प्रिंस बो मोहसिन | 22 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 43 |
| डोनोवन फरेरा का मोहसिन बो प्रिंस | 20 |
| शुभम दुबे नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** : 05, **विकेट पतन** : 1-32, 2-32, 3-32, 4-62, 5-77, 6-110

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-30-2, प्रिंस 4-0-29-2, मोहसिन 4-1-17-2, मयंक 4-0-56-0, राठी 4-0-26-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## कमिंस की वापसी के बाद भी ईशान किशन ही करें सनराइजर्स हैंददाबाद की कप्तानी



**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ ने कहा कि पैट कमिंस की चोट से उबरकर वापसी करने के बाद भी ईशान किशन को ही सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करनी चाहिए। कमिंस अपनी पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाए थे और उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र के शुरुआती मैचों से भी बाहर रहना पड़ा था। वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को जयपुर में होने वाले मैच में वापसी कर सकते हैं। भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, '''एक कप्तान के तौर पर ईशान किशन ने दिखाया कि वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करने के मामले में रणनीतिक रूप से बहुत कुशल हैं। उन्हें पता है कि किस बल्लेबाज के खिलाफ किस गेंदबाज का इस्तेमाल करना है। इससे स्पष्ट होता है वह खेल की कितनी अच्छी समझ रखते हैं। वह दबाव में नहीं आते, जल्दबाजी नहीं करते और मैदान पर सही फैसले ले रहे हैं। उन्होंने कहा दिल्ली के खिलाफ जिस तरह से उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल किया, वह प्रभावशाली था। इसलिए मेरा मानना है कि भले ही पैट कमिंस वापसी कर लें, ईशान किशन को ही सनराइजर्स की कप्तानी करनी चाहिए। बांगड़ ने कहा अमूमन देखा गया है कि भारतीय कप्तान होने से टीम को स्थिरता मिलती है। पैट कमिंस जैसे काबिल गेंदबाज की हाल की चोटों को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि वह आईपीएल के बाकी मैचों में कितने फिट रहेंगे। उन्होंने कहा कि किशन को ही कप्तान बनाए रखना सनराइजर्स के सर्वोत्तम हित में होगा। बांगड़ ने कहा ईशान को कप्तान बनाए रखने से खिलाड़ियों को भी अपले प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में मदद मिलेगी। मुझे लगता है कि हैदराबाद के लिए यही सही होगा। इस बीच किशन ने कहा कि उनकी सफलता का राज असफलता के भय पर काबू पाना, आगे बढ़ते रहना और मैचों के बीच टीम को नए सिरे से आगे के लिए तैयार करना है। किशन ने कहा इस स्तर पर, कौशल का स्तर काफी हद तक समान होता है। असली अंतर मानसिकता में आता है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं मैचों के बीच खुद को नए सिरे से कैसे तैयार करूं। उन्होंने कहा लगातार ध्यान केंद्रित रखना, जीतने की ललक रखना और मानसिक रूप से वर्तमान में रहना ही सफलता की कुंजी है।

**हाईलाइट**

### जापान का माचिदा एशियाई चैंपियंस लीग के फाइनल में

**जेद्दा।** जापान के क्लब माचिदा जेलविया ने संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। युकी सोमा के पहले हाफ में किए गए गोल से जापान के क्लब ने जीत दर्ज की। शनिवार को होने वाले फाइनल में उसका मुकाबला सऊदी अरब के क्लब और मौजूदा चैंपियन अल-अहली सऊदी से होगा। सोमा ने 12वें मिनट में गोलकीपर हमाद अल-मेकबाली को छकाकर गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। अल-अहली सऊदी ने सोमवार को जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई थी। जेद्दा स्थित इस क्लब ने पिछले साल मई में फाइनल में जापान के कावासाकी फ्रंटेल को 2-0 से हराया था।

### टीम माहौल के मुताबिक ढलना मेरी जिम्मेदारी : वेंकटेश अय्यर

**बेंगलुरु।** वेंकटेश अय्यर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एकादश में नियमित तौर पर जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन यह हरफनमौला खिलाड़ी टीम की उन परिस्थितियों को भली-भांति समझता है जिनकी वजह से उन्हें बेंच पर बैठना पड़ रहा है। वह टीम मैनेजमेंट द्वारा दी गई भूमिका की स्पष्टता से संतुष्ट हैं। आईपीएल 2024 में केकेआर के विजयी अभियान का हिस्सा रहे वेंकटेश आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी से जुड़े, पर अब तक उन्हें केवल एक ही मैच खेलने का मौका मिला है, क्योंकि बेंगलुरु टीम के शीर्ष और मध्यक्रम में कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वेंकटेश ने मीडिया से बातचीत में कहा मुझे बाहर बैठने की आदत नहीं है, पर ये एक टीम का माहौल है। एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में जो टीम को सबसे ऊपर रखता है, मेरा कर्तव्य है कि मैं इस माहौल का पालन करूं।

# अभिषेक की परिपक्वता पर कोई सवाल नहीं : एरोन

हैदराबाद, एजेंसी

- **बोले- उन जैसे खिलाड़ी को कुछ छूट देना जरूरी**



अभिषेक शर्मा।

सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच वरुण एरोन ने कहा कि अभिषेक शर्मा जैसे 'ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम' की रणनीति पर चलने वाले खिलाड़ी का बीच में खराब प्रदर्शन करना अपरिपक्वता का संकेत नहीं है। एरोन ने कहा कि परिपक्व हुए बिना कोई भी दुनिया का नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकता और उनके जैसे असाधारण खिलाड़ी को कुछ छूट मिलनी चाहिए।

अभिषेक ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शुरू से लेकर आखिर तक बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंद पर नाबाद 135 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 47 रन से जीता। इस सलामी बल्लेबाज की टी20 विश्व कप में शुरुआत निराशाजनक रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लय हासिल कर ली थी।

एरोन ने पत्रकारों से कहा मेरा मानना है कि वह शुरू से ही परिपक्व खिलाड़ी रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में यह बात और भी स्पष्ट हो गई है। परिपक्व हुए बिना आप दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज नहीं बन सकते। वह विपक्षी टीम के आक्रमण और पिच को देखकर ही अपना खेल खेलते हैं। एरोन ने कहा कि अभिषेक ने दिखाया कि उनके पास क्रिकेट की बहुत अच्छी समझ है। उन्होंने शुरू में सावधानी से बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा यह पिच ऐसी नहीं थी कि आप हर गेंद पर लंबे शॉट लगा सको। आपको विरोधी टीम का सम्मान करना होता है। आपको पिच का सम्मान करना होता है और उन्होंने (अभिषेक ने) ऐसा ही किया। जब आप ज्यादा जोखिम, ज्यादा इनाम की रणनीति पर चलते हैं तो कभी-कभी यह कारगर साबित नहीं होता है लेकिन आपको अभिषेक जैसे खिलाड़ी को ऐसी छूट देनी पड़ती है।

युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखा और एक विकेट लिया। श्रीलंका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा ने चार विकेट हासिल किए। एरोन ने इन दोनों की प्रशंसा करते हुए कहा उनके पास ऐसे कौशल हैं जो उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से अलग करते हैं। अगर हम मलिंगा की बात करें, तो वह गेंद को रिवर्स स्विंग कराते हैं। हमने आज 11वें, 12वें ओवर से रिवर्स स्विंग देखी जिससे विपक्षी टीम के लिए मुश्किल हो जाती है क्योंकि सफेद गेंद से आप वास्तव में यह नहीं देख सकते कि चमकदार साइड कौन सी है।

# निरंतरता बनाए रखने के लिए टकराएंगे मुंबई-चेन्नई

मुंबई, एजेंसी

- **पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की वापसी की संभावना**



अभ्यास सत्र के दौरान रोहित शर्मा।

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है। इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है।

### सूर्यकुमार और हार्दिक के फार्म को लेकर चिंता

मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं। टीम ने नमन धीर पर भरोसा जताया है और वह अब तक इस पर खरे उतरे हैं। जसप्रीत बुमराह आखिरकार पिछले मैच में विकेट लेने में सफल रहे जबकि अश्वनी कुमार के चार विकेट ने टीम की चिंताओं को कम किया।

**टीम**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, रयान रिकेलटन, रॉबिन मिंज, रोहित शर्मा, दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी, संजू सैमसन, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल, अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

**नया नाम**

**स्पेनिश खिलाड़ी 19 वर्षीय राफेल जोडर पूरे टेनिस जगत में बटोर रहे सुर्खियां**

# टेनिस जगत में धूम मचाने को तैयार है स्पेन का एक और 'राफा'

मैड्रिड, एजेंसी



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की उम्र केवल 22 वर्ष है, लेकिन उनके देश स्पेन में प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी के बारे में पहले से ही चर्चा हो रही है। इनमें से सबसे चर्चित नाम उस खिलाड़ी का है जिनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है।

यह खिलाड़ी है 19 वर्षीय राफेल जोडर, जो रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाने से स्पेन और पूरे टेनिस जगत में सुर्खियां बटोर रहे हैं। जोडर को नडाल की तरह 'राफा' उपनाम से भी जाना जाता है। वह मैड्रिड ओपन में अपने पदार्पण से ठीक पहले शीर्ष 50 में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। एक और होनहार खिलाड़ी 20 वर्षीय मार्टिन लैंडालुस हैं, जिन्होंने हाल में पुरुष रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई है।

अल्काराज़ के कलाई में चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद मैड्रिड ओपन में यह दोनों दर्शकों के पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक होंगे। अल्काराज इन दोनों खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह स्पेन में टेनिस को नए मुकाम तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा ये दोनों एक-दूसरे की मदद से लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर पहुंचेंगे। उनका भविष्य उज्ज्वल है। जोडर एक साल पहले तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 600 खिलाड़ियों में भी शामिल नहीं थे। मार्च में उन्होंने शीर्ष 100 में प्रवेश किया और सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जोडर ने कहा मैं बचपन से ही दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता रहा हूं। मैं शुरू से ही कोर्ट के अंदर और बाहर बहुत शांत स्वभाव का रहा हूं। मैं जानता हूं कि ऐसा समय भी आएगा जबकि परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं होंगी और ऐसे समय में आपकी मानसिक मजबूती की परीक्षा होती है। इस तरह का दौर मुझे और मजबूत बनाएगा। जोडर ने बार्सिलोना ओपन में तीन सीधे सेटों में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में उन्हें आर्थर फिल्स से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा।

### मैं कभी लक्ष्य की ओर ध्यान नहीं देता : राफेल जोडर

स्पेनिश खिलाड़ी ने इसी महीने की शुरुआत में मोरक्को में अपना पहला टूर-स्तरीय खिताब जीता था। वह यूएस ओपन में लड़कों के एकल वर्ग के चैंपियन भी रह चुके हैं। जोडर जब छोटे थे तब वह दर्शक के रूप में मैड्रिड ओपन देखने आते थे और अब इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा मैंने कभी कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया।, यह टूर पर मेरा पहला साल है। मैं अभी सीख रहा हूं। मुझे अनुभव हासिल करने और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने की जरूरत है। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने जोडर को उत्कृष्ट खिलाड़ी करार दिया।

## एकल में लगातार हार के बावजूद फ्रेंच ओपन में खेलना चाहती हैं वीनस

**मैड्रिड।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी वीनस विलियम्स महिला एकल में लगातार दसवां मैच हारने के बावजूद अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना चाहती हैं। इस 45 वर्षीय खिलाड़ी मैड्रिड ओपन में स्पेन की 20 वर्षीय खिलाड़ी कैटलिन क्वेडो से 6-2, 6-4 से हार गईं।

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस ने बाद में पत्रकारों से कहा मैं लंबे समय से क्ले कोर्ट पर नहीं खेली थी और मैं इसमें खेलने का अनुभव लेना चाहती थी। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से मैं इटालियन ओपन में नहीं खेल पाऊंगी क्योंकि मेरी कुछ प्रतिबद्धताएं हैं। मेरे पति इटालियन हैं, इसलिए हमें भी दुख है कि हम वहां नहीं जा सकते। लेकिन हम क्ले कोर्ट पर खेलना जारी रखना चाहेंगे।

# एमबाप्पे -विनीसियस ने रियल मैड्रिड को जिताया

मैड्रिड, एजेंसी

- **स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट ला-लीगा में शीर्ष के करीब**

काइलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने अलावेस को 2-1 से हराकर चार मैचों के बाद पहली जीत का स्वाद चखा। इस जीत से वह स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट लालीगा में शीर्ष पर मौजूद बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड अब बार्सिलोना से छह अंक पीछे रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 79 और रियाल मैड्रिड के 32 मैच में 73 अंक हैं।

बायर्न म्यूनिख से हारने के कारण चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद रियाल मैड्रिड का यह पहला मैच था। रियाल मैड्रिड को बायर्न से अपने घरेलू मैदान पर 2-1 से और दूसरे चरण में जर्मनी में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा था। उसे लालीगा में पिछले दो मैच में जीत नहीं मिली थी।

उसने गिरोना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था जबकि मालोर्का से 2-1 से हार गय था। एमबाप्पे ने 30वें मिनट में गोल किया। वह इस टूर्नामेंट में अब सर्वाधिक 24 गोल कर चुके हैं।

यह फरवरी के बाद इस प्रतियोगिता में उनका पहला गोल भी था। विनीसियस ने 50वें मिनट में गोल करके मैड्रिड की बढ़त को और मजबूत कर दिया।